डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

पेज 12

ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष 10, संवत 2081 | डालटनगंज (मेदिनीनगर), रविवार, 16 जून 2024, वर्ष-30, अंक-238, पृष्ठ-12 | ₹3.00 | रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com



महाराष्ट्र में एनडीए को मात देकर कमान संभालेंगे...

**सेंसेक्स**
76,992.77 ▲ +181.88

**डॉलर**
83.550 ▲ -0.003

**पलामू सर्राफा**
10 ग्राम: 71,960
01 किलो: 89,380

## व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों को प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर 72094 53444 पर आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में भेज सकते हैं। आपत्तिजनक बातें भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर 72094 03444 संपर्क करें।

## ट्रेन हादसा... धनबाद मंडल के रेल अधिकारियों की कमेटी करेगी जांच

# मृतकों के परिजनों को मिलेंगे पांच-पांच लाख : डीआरएम

**नवीन मेल संवाददाता**

**बरवाडीह।** बरकाकाना बरवाडीह रेल खंड के कुमण्डीह रेलवे स्टेशन में शुक्रवार की रात रांची-सासाराम इंटरसिटी एक्सप्रेस (ट्रेन नंबर 18635) में आग लगने की अफवाह फैलने के उपरांत मची अफरा तफरी में तीन लोगों की जान चली गई जबकि एक बच्ची समेत पांच लोग घायल हो गए थे। उक्त हादसे के बाद धनबाद रेल मंडल प्रबंधक कमल किशोर सिन्हा शनिवार सुबह कुमण्डीह स्टेशन पहुंचे और इसकी जांच करते हुए बरवाडीह रेलवे स्टेशन पहुंचे। डीआरएम ने सभी मृतक के परिजनों को रेलवे की ओर से पांच-पांच लाख रुपये का मुआवजा राशि देने की घोषणा की। जिसमें तत्काल 50,000 मृतक के परिजनों को दे दिया गया, जबकि शेष राशि उनके खाते में भेज दी जाएगी। धनबाद मंडल के अन्य अधिकारियों के साथ बरवाडीह पहुंचे डीआरएम सिन्हा ने मामले में संबंधित अधिकारियों से आवश्यक पूछताछ की। उन्होंने इस दौरान पीड़ित परिजनों से भी मुलाकात की। डीआरएम ने बरवाडीह में ट्रेन में आग लगने की फैली झूठी अफवाह से हुए हादसे की पूरी जानकारी ली। डीआरएम ने कहा की कुमण्डीह रेलवे स्टेशन ट्रेन हदासे की ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर



### हादसे के बाद रेलवे चिकित्सक नहीं दिखे

ट्रेन हादसे में मृत तीन लोगों का शव शुक्रवार रात में ही इंटरसिटी एक्सप्रेस से लाकर बरवाडीह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सक डॉ विवेक कुमार की देखरेख में रखा गया। इस ट्रेन हादसा में जहां रेलवे चिकित्सक नदारत रहे वहीं बरवाडीह सीएचसी के चिकित्सक एवं सभी स्वास्थ्यकर्मी सक्रिय दिखे। शनिवार सुबह बरकाकाना जीआरपी पुलिस ने मामले की जांच कर शवों को सीएचसी बरवाडीह से पोस्टमार्टम के लिए लातेहार भेजा।

### मृतकों की हुई पहचान

- मंजू देवी, ग्राम - नासरीगंज, जिला-रोहतास
- नंदलाल शुक्ला, बैरिया, डालटनगंज
- विकास कुमार रजक, पिता स्व. महेन्द्र बैठा, (काशीपुर केतार) भवनाथपुर, गढ़वा

### घायल

पीहू कुमारी, उम्र- 02 वर्ष, पिता सुशील कुमार, रांची में चल रहा इलाज। मानस कुमार-पिता शंभू सिंह, कनक कुमार पिता जय प्रकाश व दो अन्य।

## बड़ा तालाब की सफाई के लिए सीएसआर फंड से मशीन खरीदे सीसीएल



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** रक्षा राज्य मंत्री सांसद संजय सेठ ने शनिवार को बड़ा तालाब का निरीक्षण किया। तालाब का पानी दूषित होने पर उन्होंने रांची के उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा को मौके पर बुलाया और इसे अविलंब साफ कराने को कहा। डीसी ने मंत्री को बताया कि इस तालाब की गंदगी को साफ करने के लिए जीस मशीन की आवश्यकता है वह रांची नगर निगम के पास उपलब्ध नहीं है। रक्षा राज्य मंत्री ने मौके पर सीसीएल के सीएमडी से बात कर सीएसआर फंड से सफाई करने वाली नई मशीन उपलब्ध कराने को कहा। इसकी कीमत छह से सात करोड़ रुपये है। इसे सीएमडी ने तुरंत स्वीकार कर अविलंब देने की बात कही। मंत्री ने रांची के उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा को कहा कि जल्द कागजी प्रक्रिया पूरा कर सीसीएल के सीएमडी को दें ताकि यह मशीन खरीदी जा सके। इस दौरान मंत्री रांची झील बचाओ समिति, झील सफाई अभियान समिति के लोगों से भी मिले एवं उनकी समस्याओं से अवगत हुए। इस मौके पर पूर्व सांसद अजय मारू, डिप्टी मेयर संजीव विजयवर्गीय, चुन्नू मिश्रा, मुकेश, नंदू अरोड़ा, अमन जयसवाल सहित संस्था के कई सदस्य मौजूद थे।

उल्लेखनीय है कि बड़ा तालाब के पानी के सड़ जाने से उसकी बदबू से लोग परेशान हैं। इसे लेकर लगातार लोग प्रदर्शन कर रहे हैं। अधिकारी भी लगातार तालाब की साफ-सफाई के लिए प्रयासरत हैं।

## एक नजर

### झारखंड कैबिनेट के बैठक 19 को

**रांची।** झारखंड कैबिनेट की बैठक 19 जून को झारखंड मंत्रालय में होगी। बैठक की अध्यक्षता झारखंड के सीएम चंपाई सोरेन करेंगे। बताया जा रहा है कि इस बैठक में कई महत्वपूर्ण फैसले लिए जा सकते हैं। मंत्रिमंडल सचिवालय व निगरानी विभाग ने बताया कि कैबिनेट की बैठक 19 जून को अपराह्न 4 बजे से होना है। यह बैठक प्रोजेक्ट भवन स्थित मंत्रिपरिषद के कक्ष में होना है।

### प्रथम चंद्रमा मिशन 'चंद्रयान-1' के निदेशक श्रीनिवास हेगड़े का निधन



**बेंगलुरु।** प्रथम चंद्रमा मिशन 'चंद्रयान-1' के निदेशक श्रीनिवास हेगड़े का शुक्रवार को यहां निधन हो गया। 71 वर्षीय हेगड़े ने एक निजी अस्पताल में अंतिम सांस ली। वह कुछ समय से अस्वस्थ थे। उनका इस अस्पताल में इलाज चल रहा था। उनके परिवार में पत्नी और दो पुत्र हैं। हेगड़े तीन दशक से अधिक समय तक भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) से संबद्ध रहे। उन्होंने अंतरिक्ष एजेंसी के कई ऐतिहासिक मिशन में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उनमें से सबसे उल्लेखनीय 2008 में लॉन्च किया गया चंद्रयान -1 था। यह भारत का पहला चंद्र मिशन था। इस मिशन ने चंद्रमा पर पानी के अणुओं की अभूतपूर्व खोज की। सेवानिवृत्ति के बाद वह बेंगलुरु स्थित स्टार्ट-अप टीम इंडस से जुड़े थे।

## आज | कल




**साहित्य अकादमी**

## संताली के लिए अंजन करमाकर को युवा व दुगई टुडू को बाल साहित्य पुरस्कार

- हिंदी के लिए गौरव पांडेय को युवा, देवेन्द्र कुमार को बाल साहित्य पुरस्कार
- वर्ष 2024 के लिए युवा एवं बाल साहित्य पुरस्कारों की घोषणा

**नई दिल्ली।** साहित्य अकादमी ने शनिवार को वर्ष 2024 के लिए युवा और बाल साहित्य पुरस्कारों की घोषणा कर दी। इनमें 23 युवा लेखकों की पुस्तकों और 24 बाल साहित्यकारों को पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। इसमें झारखंड के संताली लेखकों को दोनों वर्ग में पुरस्कार प्राप्त हुआ है। संताली कवि अंजन करमाकर के कविता-संग्रह जंगबहा को युवा पुरस्कार प्राप्त हुआ है। वहीं संताली कवि दुगई टुडू को उनके कविता-संग्रह मिरु आरंग के लिए बाल साहित्य वर्ग में पुरस्कृत किया गया है। हिंदी के लिए युवा पुरस्कार गौरव पांडेय के कविता संग्रह-स्मृतियों के बीच घिरी है पृथ्वी' को और बाल साहित्य पुरस्कार देवेन्द्र कुमार की पुस्तक इक्यावन बाल कहानियां' को प्रदान किया जाएगा। संस्कृत भाषा का युवा पुरस्कार बाद में घोषित किया जाएगा। साहित्य अकादमी के सचिव डॉ. के श्रीनिवासराव ने हिन्दुस्थान समाचार को बताया कि अकादमी के अध्यक्ष माधव कौशिक की अध्यक्षता में अकादमी के कार्यकारी मंडल ने वर्ष 2024 के लिए युवा और बाल साहित्य पुरस्कारों की घोषणा की। बैठक में 23 युवा लेखकों की पुस्तकों और 24 बाल साहित्यकारों के लिए पुरस्कार ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### युवा पुरस्कार प्राप्त अन्य लेखक

**असमिया :** नयनज्योति शर्मा, जाल कोटा जुई (कहानी-संग्रह)।
**बांग्ला :** सुतपा चक्रवर्ती, देराजे हालुद फुल, गताजन्मा (कविता-संग्रह)।
**गुजराती :** रिंकु राठोड़ शर्वरी, तो तमे राजी (कविता-संग्रह)।
**मराठी :** देवीदास सौदागर, उसवण (उपन्यास)।
**नेपाली :** सूरज चापागाईं, क्यानभासको क्षितिज (कविता-संग्रह)।
**ओडिया :** संजय पांडा, हु बाइआ (कहानी-संग्रह)।
**कन्नड :** श्रुति बी. आर., जीरो बैलेंस (कविता-संग्रह)।
**मलयालम :** श्यामकृष्णन आर., मीशाक्कल्लन (कहानी-संग्रह)।
**तमिल :** लोकेश रघुरामन, विष्णु वंधार (कहानी-संग्रह)।
**तेलुगु :** रमेश कार्तिक नायक, धावलो (कहानी-संग्रह)।
**बोडो :** सेल्फ मेइड राणी बर साइख्लुम (कहानी-संग्रह)।
**डोगरी :** हीना चौधरी, इक रंग तेरे रंगें चा (कविता-संग्रह)।
**कश्मीरी :** मो. अशरफ जिया, ऐन बदस (समालोचना एवं शोधलेख)।
**कोंकणी :** अद्वैत चंद्रकांत सालगांवकार, पेडण्याचा सामारां (निबंध-संग्रह)।
**मैथिली :** रिंकी झा ऋषिका, नदी घाटी सभ्यता (कविता-संग्रह)।
**मणिपुरी :** वाइखोम चिंगखेइंगनबा, अशिबा तूरेल (कविता-संग्रह)।
**राजस्थानी :** सोनाली सुथार, सुध सोधूं जग आंगणै (कविता-संग्रह)।
**संताली :** अंजन करमाकर, जंगबहा (कविता-संग्रह)।
**सिंधी :** गीता प्रदीप रुपाणी, पेपर पर्या (लेख-संग्रह)।

### बाल साहित्य पुरस्कार पाने वाले अन्य लेखक

**संस्कृत :** हर्षदेव माधव, बुभुक्षितः काकः (कहानी-संग्रह)।
**असमिया :** रंजू हजारिका,बिपोन्ना बिस्मोई खेल (उपन्यास)।
**बांगाल :** दीपन्विता रॉय, महिदादुर एनटिडोट (उपन्यास)।
**गुजराती :** गिरा पिनाकीन भट्ट, हसती हवेली (कहानी-संग्रह)।
**मराठी :** भारत सासणे, समशेर आणि भूतबंगला (उपन्यास)।
**नेपाली :** वसन्त थापा, देश र फुच्चे(कविता-संग्रह)।
**ओडिया :** मानस रंजन सामल, गप कलिका (कहानी-संग्रह)।
**कन्नड :** कृष्णमूर्ति बिलिगेरे, छूमंत्राय्यना कथेगळु (कहानी-संग्रह)।
**तमिल :** युमा वासुकि, थानवियिन पिरान्थनाल (कहानी-संग्रह)।
**तेलुगु :** पी. चन्द्रशेखर आजाद, माया लोकम् (उपन्यास)।
मलयालम- उन्नी अम्मायंबलम, अल्गोरिथांगाडे नाडु (उपन्यास)।
**बोडो :** भार्जिन जेकसभा मोसाहारी, बुहुमा ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

# सट्टा, ऑनलाइन गेमिंग और साइबर ठगी करने वाले चार गिरफ्तार

**25 एटीएम, एक लैपटॉप, सात चेक बुक, 24 पासबुक, दो आई फोन सहित 22 मोबाइल जब्त**



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** सदर थाना पुलिस ने सट्टा, ऑनलाइन गेमिंग और साइबर ठगी करने वाले छत्तीसगढ़ के एक गिरोह का खुलासा करते हुए चार अपराधियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार साइबर अपराधियों में छत्तीसगढ़ के अरमान नामदेव, करण नामदेव, ललित सोनी और प्रत्यूष श्रीवास्तव शामिल हैं। इनके पास से 25 एटीएम, एक लैपटॉप, सात चेक बुक, 24 पासबुक, दो आई फोन सहित 22 मोबाइल, सिम कार्ड, चार्जर सहित अन्य सामान बरामद किए गए है। एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने शनिवार को संवाददाता सम्मेलन में बताया कि साइबर अपराधियों को लेकर गुप्त सूचना मिली थी। इसी आधार पर सिटी एसपी राजकुमार मेहता के निर्देशन में और सदर डीएसपी संजीव कुमार बेसरा के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। टीम ने सदर थाना क्षेत्र के लीची बगान स्थित ईशा अपार्टमेंट, फ्लैट नंबर 101 में छापेमारी की। छापेमारी के दौरान संदिग्ध अवस्था में चार व्यक्ति को लैपटॉप, एटीएम कार्ड, बैंक पासबुक, चेक बुक, मोबाईल एवं सीम कार्ड का उपयोग कर एनीडेस्क और अन्य एप्प के माध्यम से ऑनलाईन सट्टेबाजी कर ठगी करते पाया गया। टीम ने चारों को गिरफ्तार किया। पूछताछ में पता चला है कि छत्तीसगढ़ के साथ-साथ वे झारखंड में भी ऑनलाइन गेमिंग और साइबर ठगी का धंधा फैलाना चाहते थे और इसी के तहत रांची में एक सेंटर खोला गया था। एसएसपी ने बताया कि छापेमारी टीम में सदर थाना प्रभारी कुलदीप कुमार, निर्भय कुमार, सत्येंद्र सिंह, हेमंत कुमार यादव, रंजीत कुमार, संतोष कुमार, प्रिया पायल, गोपाल दास सहित सशस्त्र बल शामिल थे।

### सीआईडी ने साइबर ठगी के आरोपित को असम से किया गिरफ्तार

**रांची।** अपराध अनुसंधान विभाग (सीआईडी) की साइबर क्राइम थाना ने साइबर ठगी के एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। आरोपित फरहादुर रहमान की गिरफ्तारी असम के धुबरी जिले स्थित फकीरगंज थाना क्षेत्र से हुई है। इसके पास से मोबाइल और दो सिम बरामद हुए हैं। डीएसपी नेहा बाला ने शनिवार को बताया कि साइबर क्राइम थाना में पीड़ित महिला ने प्राथमिकी दर्ज करायी थी कि उससे व्हाट्सएप के माध्यम से संपर्क किया गया। महिला से कहा गया कि आपको इंस्टाग्राम पर वीडियो लाइक कर स्क्रीन शॉट भेजने का पार्ट टाईम जॉब ऑफर किया गया है। महिला ने जब यह काम करना शुरू कर दिया, तो उसे टास्क दिया जाने लगा। हर टास्क के लिए पैसे मिलने लगे। इससे महिला को आगे भी यह काम करते रहने का प्रोत्साहन मिला। इसके बाद साइबर अपराधी ने महिला को टेलीग्राम आईडी @Alyssa के माध्यम से संपर्क कर टास्क और हाइअर रेटिंग के लिए संपर्क किया गया। इस टेलीग्राम प्रोफाईल के माध्यम से दिए गए टास्क को करने के लिए इन्हें विभिन्न बैंक खाताओ में पैसे डालने को बोला गया। इसके बाद उनसे एक वेबसाइट अकाउंट बनाने बोला गया, जहां महिला के द्वारा किये गये इन्वेस्टमेंट का प्रॉफिट दिखाई देता था लेकिन महिला को प्रॉफिट नहीं मिला। इस प्रकार से महिला से कुल 29 लाख 94 हजार ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## इंडिया



सुनील बादल

**21 अक्टूबर 2010 को दिए भाषणों को लेकर कश्मीर के सामाजिक कार्यकर्ता सुशील पंडित ने 28 अक्टूबर पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी।**

# क्या लेखिका या प्रोफेसर तय करेंगे कश्मीर किसका?

मोदी सरकार और देश की बड़ी आबादी का मानना है कि दशकों से कश्मीर को लेकर सुरक्षा और सैन्य कार्रवाई में अरबों की बबार्दी और हजारों की जान भविष्य में न जाए इसके लिए पाकिस्तान द्वारा कब्जाए कश्मीर (पीओके) को भारत में मिला लिया जाए पर कुछ कथित लेखक और बुद्धिजीवी इसके उलट कश्मीर विवाद को और हवा देते रहे हैं। नीरा राडिया टेप कांड में यह बात सामने आई थी कि कश्मीर मुद्दे को अंतरराष्ट्रीय मंचों पर उछालने के लिए भारत विरोधी देशों ने पैसे और सुविधाएं दी थी ।कई कथित बुद्धिजीवी और पत्रकार जो तब लाइम लाइट में थे नेपथ्य में भेज दिए गए ।अब मोदी सरकार अपना चुनावी वादा मोदी की गारंटी के रूप में कर पाएगी या नहीं इसकी चर्चा के बीच दिल्ली के उप राज्यपाल वीके सक्सेना ने 14 जून को लेखिका अरुंधति रॉय और कश्मीर केंद्रीय विश्वविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय कानून के पूर्व प्रोफेसर डॉ शेख शौकत हुसैन के खिलाफ यूएपीए कानून के तहत केस चलाने की मंजूरी देकर एक बड़ी शुरूआत कर दी है। दोनों के विरुद्ध 2010 में कश्मीरी सुशील पंडित ने प्राथमिकी दर्ज कराई थी ।अरुंधति रॉय और हुसैन पर 21 अक्टूबर 2010 को दिल्ली के कोपरनिकस रोड पर मौजूद एल्टीजी ऑडिटोरियम में 'आजादी - द ओनली वे' के बैनर तले आयोजित एक सम्मेलन में भड़काऊ भाषण देने का आरोप है। सम्मेलन में 'कश्मीर को भारत से अलग करने' का प्रचार किया गया था। भाषण देने वालों में सैयद अली शाह गिलानी, एसएआर गिलानी (सम्मेलन के एंकर और संसद हमले के मामले में मुख्य आरोपी) अरुंधति रॉय, डॉ शेख शौकत हुसैन और माओवादी समर्थक वरवर राव शामिल थे। 21 अक्टूबर 2010 को दिए भाषणों को लेकर कश्मीर के सामाजिक कार्यकर्ता सुशील पंडित ने 28 अक्टूबर पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी। इसके बाद दिल्ली के मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट के आदेश के बाद रॉय और हुसैन के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई थी ।अक्टूबर 2023 में दिल्ली के उपराज्यपाल ने भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं 153 ए (धर्म, जाति, जन्म स्थान, निवास, भाषा आदि के आधार पर विभिन्न समूहों के बीच दुश्मनी को बढ़ावा देना और सद्भाव बनाए रखने के लिए हानिकारक कार्य करना), 153 बी (राष्ट्रीय-एकीकरण के लिए हानिकारक आरोप, दावे) और 505 (सार्वजनिक शरारत को बढ़ावा देने वाले बयान) के तहत तहत रॉय और हुसैन पर केस चलाने की अनुमति दी थी।1997 में लेखिका अरुंधति राय की किताब 'द गॉड ऑफ स्मॉल थिंग्स' को बुकर प्राइज मिला चुका है। यह उनका पहला उपन्यास था। इस पाने वालीं वे पहली भारतीय महिला हैं। नोबेल पुरस्कार के बाद बुकर प्राइज को दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा पुरस्कार माना जाता है। यह दुनियाभर में साहित्य जगत के प्रमुख पुरस्कारों में से एक है।2014 में रॉय को दुनिया के 100 सबसे



प्रभावशाली लोगों की टाइम 100 की सूची में शामिल किया गया था। अरुंधति लेखन की दुनिया में आने से पहले सिनेमा में भी काम कर चुकी हैं। जैसा अपेक्षित था कुछ राजनीतिक दलों से प्रतिक्रियाएं आ रही हैं। पीडीपी अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा, 'अरुंधति रॉय विश्व प्रसिद्ध लेखिका और एक बहादुर महिला हैं जो फासीवाद के खिलाफ एक शक्तिशाली आवाज के रूप में उभरी हैं, उन पर कठोर यूएपीए के तहत मामला दर्ज किया गया है। भारत सरकार मौलिक अधिकारों का उल्लंघन करते हुए अपनी क्रूरता जारी रखे हुए है। कश्मीर के एक पूर्व लॉ प्रोफेसर पर मामला दर्ज करना भी हताशा का काम है।'टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा ने पोस्ट करते हुए कहा, 'अगर अरुंधति रॉय पर यूएपीए के तहत मुकदमा चलाकर बीजेपी यह साबित करने की कोशिश कर रही है कि वे वापस आ गए हैं, तो ऐसा नहीं है और वे कभी भी उसी तरह वापस नहीं आएंगे जैसे वे पहले थे इस तरह के फासीवाद के खिलाफ भारतीयों ने वोट दिया है।' कांग्रेस नेता बीके हरिप्रसाद ने एक्स पर लिखा, 'मैं अरुंधति रॉय पर मुकदमा चलाने के लिए एलजी की मंजूरी की कड़ी निंदा करता हूं। वह एक शानदार, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रसिद्ध लेखिका और एक अग्रणी बुद्धिजीवी हैं। फासीवाद असहमति को कुचलने पर पनपता है, खासकर बुद्धिजीवियों, कलाकारों, लेखकों, कवियों और कार्यकर्ताओं से। बीजेपी असहमति जताने वालों को विचलित करने और उन्हें अपनी विफलताओं से ध्यान हटाने के लिए प्रतिदिन संकट पैदा करती है। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और लोकतांत्रिक मूल्यों पर यह हमला अस्वीकार्य है।' अब सवाल यह उठता है कि कोई लेखक या प्रोफेसर यह कैसे तय कर सकता है कि कश्मीर कभी भारत का था ही नहीं जबकि कश्मीर के राजा हरि सिंह भारत में विलय और सेना भेजने के लिए दिल्ली से गुहार लगा रहे थे जिसमें देर होने के बाद प्रथम परमवीर चक्र विजेता मेजर सोमनाथ शर्मा ने प्राणों की बाजी लगाकर कश्मीर को कबाइलियों से बचाया था ।अरुंधती के समर्थक यह मानते हैं कि उन्होंने विचार व्यक्त किया है देशद्रोह नहीं। अब मामला कोर्ट में जाएगा और राजनीति गर्माएगी।



खुल गया | खुल गया | खुल गया

नीलकमल फर्नीचर

मेसर्स विनय इंटरप्राइजेज

गायत्री मंदिर रोड, सुदना



प्रो. अभिषेक कुमार

नीलकमल के अधिकृत विक्रेता सभी तरह के | फर्नीचर के लिए एक बार जरूर पधारें

दीवान, सोफा, आलमीरा, स्कूल फर्नीचर, प्लास्टिक की कुर्सी, टेबल व सभी सामानों के सेट उपलब्ध

8789497720 | 9199963588


## एक नजर

### सड़क दुर्घटना में दो घायल

**विश्रामपुर।** बी मोड़ भोला टाड़ मुख्य सड़क पर शुक्रवार की शाम आपने सामने की बाइक टक्कर में एक महिला व एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गए है। महिला भोला टाड़ निवासी 36 वर्षीय सबनम बीवी व 28 वर्षीय मिराज अंसारी है। उन्हें परिजनों व स्थानीय लोगों की मदद से सीएचसी विश्रामपुर में भर्ती कराया गया। वहां चिकित्सकों ने दोनो का प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए एमएमसीएच रेफर कर दिया है।

### बंद घर से दो लाख की चोरी, मामला दर्ज

**हुसैनाबाद।** हुसैनाबाद नगर पंचायत के सैदाबाद के बंद घर से 38 हजार नकद,आभूषण समेत करीब दो लाख रुपए मूल्य संपत्ति की चोरी हो कर ली गई। इस संबंध में सैदाबाद गांव निवासी बिरेंद्र पासवान की पत्नी रीमा देवी ने हुसैनाबाद थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। दर्ज प्राथमिकी में कहा है कि नौ जून को वह अपने मायके गई थी। 14 जून को पड़ोसी द्वारा मोबाइल पर सूचना मिली दी गई की उनके घर का ताला टूटा है। जब वह अपने घर पहुंची तो देखा कि घर का ताला टूटा है। घर में रखा सामान इधर-उधर बिखरा पड़ा है। घर में रखा एक बक्सा में 38 हजार रुपये नकद, आभूषण गायब है। महिला ने थाना प्रभारी से चोरों के खिलाफ उचित कार्रवाई की मांग की है।

### टेंपो धक्का दे रहें लोगों से पूछने पर युवक की पिटाई, केस दर्ज

**हुसैनाबाद।** कुछ लोगों द्वारा टेंपो को धक्का देकर ले जा रहें लोगों से सिर्फ पूछने पर युवक की पिटाई कर देने का मामला सामने आया है। इस संबंध में देवरी खुर्द पंचायत निवासी राजू कुमार महतो ने हुसैनाबाद थाना में अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। दर्ज प्राथमिकी में कहा हैं कि वह वर्तमान में हुसैनाबाद प्रेमा मल्टी हॉस्पिटल के समीप किराया के मकान में रहते हैं। शुक्रवार की सुबह जपला बजार से अपने मकान में जा रहे थे। इस क्रम में अभिषेक गैरेज के पास एक टेंपो जिसका नंबर बीआर 26 पीए 5908 को आठ दस की संख्या में लोग धक्का देकर ले जा रहें थे। उनसे पूछा की यह टेंपो कहां लेकर जा रहे हो। इतना सुनते ही लोगों ने लाठी डंडे से पिटाई शुरू कर दी। रास्ते से गुजर रहे युवक प्रमोद कुमार जब बीच बचाओ करने की कोशिश की, तो उसके साथ भी धक्का मुक्की कर उसके हाथ से मोबाइल छीन लिया। मोहल्ले के लोगों को आता देखकर सभी लोग टेंपो छोड़कर भाग निकले। पुलिस ने केस दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

### आरजेडी के प्रदेश महासचिव ने पद व पार्टी से दिया इस्तीफा



**हुसैनाबाद।** राष्ट्रीय जनता दल के पुराने सिपाही प्रदेश महासचिव मो. जाकिर अली उर्फ राज अली ने पद व पार्टी की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने आरजेडी के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष पूर्व विधायक संजय कुमार सिंह यादव को अपना इस्तीफा सौंप दिया है। उन्होंने दिए गए इस्तीफा पत्र में अपनी बीमारी का हवाला देते हुए कहा है कि वह पार्टी को समय नहीं दे पा रहे है। इस लिए वह पार्टी के पद व सदस्यता से इस्तीफा दे रहे हैं।

# बस की चपेट में आने से युवक की मौत

### बीमार मां से मिलने एमएमसीएच जा रहा था





**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** थाना क्षेत्र के नावाडीह रामकंडा रोड में तेलमरवा मोड़ के समीप शनिवार की दोपहर भोजपुर बस के चपेट में आने से बाइक सवार बेड़मा बभंडी गांव निवासी 18 वर्षीय छोटू कुमार की मौत हो गई है। घटना की सूचना मिलते ही रामगढ़ थाना पुलिस घटना स्थल पर पहुंचकर शव को कब्जे में ले पोस्टमार्टम के लिए एमएमसीएच भेज दिया है। मृतक के भाई शैलेंद्र कुमार ने बताया कि छोटू कुछ दिन पूर्व बाहर से कमा कर लौटा था। हाल के दिनों में अपनी बहन के घर रमकंडा थाना क्षेत्र के हरहे गांव में रहता था। शनिवार की दोपहर के बाद बीमार मां से मिलने हरहे से मेदिनीनगर एमएमसीएच बाइक से जा रहा था। इसी क्रम में नावाडीह पंचायत के तेलमरवा मोड़ के समीप भोजपुर बस की चपेट में आने से उसकी मौत हो गई। मामले की जानकारी तुरंत रामगढ़ थाना पुलिस को दी गई। रामगढ़ थाना के सब इंस्पेक्टर विजय कुमार मंडल ने बताया कि सूचना पाते ही मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे में ले पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मृतक के परिवार वालों द्वारा आवेदन देने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। मौत की सूचना पाते ही मृतक की मां अस्पताल से छुट्टी लेकर घर लौट गई है। बेड़मा बभंडी पंचायत के समाज सेवी फारुख अंसारी ने बताया कि मृतक 6 भाई था, जिसमें एक भाई को गोली मारकर पूर्व में हत्या कर दी गई थी। सबसे छोटे भाई छोटू की बस एक्सीडेंट में मौत हो गई थी। शेष चार भाई बचे थे जिसमें तीन भाई बाहर कमाने गए हैं। मृतक के पिता लकवा ग्रस्त है।

### हाइवा ने बोलेरो में मारी टक्कर, ड्राइवर फरार



**नावाबाजार/छतरपुर।** एनएच 98 पड़वा मोड़-औरंगाबाद मुख्य पथ स्थित चेगौना धाम से तीन किमी दूर हाईवे पर भीषण सड़क हादसा हुआ। हादसे में बोलेरो का परखच्चे उड़ गए। वहीं बोलेरो को टक्कर मारकर भाग रहे हाईवा को नावा थाना पुलिस ने पकड़ लिया। मौके से हाईवा ड्राइवर गाड़ी छोड़ कर भागने में सफल रहा। बोलेरो में फंसे लोगों को स्थानीय राहगीरों के सहयोग से बोलेरो से बाहर निकाला गया। बोलरो सवार दुलार भारती समेत अन्य घायलों को पुलिस की मदद से इलाज के लिए एमएमसीएच रेफर कर दिया गया है।

### युवा आजसू संयोजक मंडली का गठन

**सगालिम।** डाल्टनगंज में युवा आजसू के प्रदेश संयोजक जब्बार अंसारी का आगमन हुआ। जिसका स्वागत आजसू के कार्यकर्ताओं ने जोरदार तरीके से किया। बता दें की रेडमा - पांकी रोड स्थित अनुज तिवारी के आवास पे पांकी विधानसभा के तीन प्रखंड पांकी, नीलांबर पीताम्बर पूर व मनातू, के युवा आजसू के संयोजक मंडली का गठन किया किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित युवा आजसू के राज्य संयोजक जबार अंसारी ने कहा की इस बार पांकी विधानसभा का तकदीर युवा पीढ़ी लिखेगी। युवाओं को राजनीति में भागीदारी बढ़ाने की जरूरत है इसी कड़ी में पार्टी सुप्रीमो सुदेश महतो के निर्देशानुसार पांकी विधानसभा के प्रत्येक गांव से 10 युवा को पिलर मेम्बर बनाया जाएगा जो पार्टी के विचारधारा को जन जन तक पहुंचाने का कार्य करेंगे। बैठक में निर्णय लिया गया कि जून के अंतिम माह तक पांकी विधानसभा के सभी पंचायत में प्रभारी एवं सह प्रभारी की गठन कर लिया जाएगा इसके बाद अगले महीने में दो हजार पिलर मेम्बर के भव्य बैठक का आयोजन किया जायेगा। बैठक में मुख्य रूप से अनिल यावर, शिवराज उरांव, उपेन्द्र ठाकुर रणजीत, अह्तेशम अंसारी, पंकज कुमार के साथ कई लोग उपस्थित थे।

## न्यूज बॉक्स

### एक सप्ताह में हो जायेगा पेंशन भुगतान

खबर का असर




**विश्रामपुर।** विधायक प्रतिनिधि राजन पांडेय के पहल से सभी लाभुकों का लंबित पेंशन भुगतान एक सप्ताह में हो जायेगा। बताते चलें कि विश्रामपुर नगर परिषद क्षेत्र में तीन माह से वृद्धा, विधवा, दिब्यांग पेंशन का भुगतान नहीं हुआ है। इस खबर को 'राष्ट्रीय नवीन मेल' ने 15 जून के अंक में प्रमुखता के साथ प्रकाशित किया था। खबर पढ़ने के बाद विधायक प्रतिनिधि राजन पांडेय ने बीडीओ सह सीओ से बात की। बीडीओ ने पांडेय को बताया कि लोस चुनाव के कारण पेंशन का भुगतान नहीं हो पाया था। एक सप्ताह के अंदर सभी को पेंशन भुगतान कर दिया जायेगा। राजन पांडेय ने कहा कि जिन पेंशनधारियों का केवाईसी नहीं हुआ है व शीघ्र ही करा लें। जल्द ही उनके खाते में पेंशन राशि चला जायेगा।

### कल्पना सोरेन 18 को हुसैनाबाद में



**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद के रुद्र होटल के सभागार में शनिवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा की बैठक हुई। यह बैठक आगामी 18 जून को झारखंड के गांडेय विधानसभा विधायक सह झामुमो की नेत्री कल्पना मुर्मू सोरेन के हुसैनाबाद आगमन को लेकर हुई। इसकी अध्यक्षता अल्पसंख्यक मोर्चा के सचिव डॉ. ऐजाज आलम व संचालन जिला संगठन सचिव विवेकानंद सिंह ने किया। इसमें कल्पना सोरेन के आगमन को लेकर की जा रही तैयारी पर विस्तृत चर्चा की गई। जिला परिषद उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह उर्फ टूटू ने कहा की बहन कल्पना सोरेन का यह कार्यक्रम हुसैनाबाद में ऐतिहासिक होगा। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के लोगों का आशीर्वाद प्राप्त हुआ तो आने वाला समय जनता का होगा। इसे सफल बनाने को लेकर पार्टी कार्यकर्ता जुटे हुए हैं। इस मौके पर पार्टी के वरीय नेता नेहाल असगर, हैदरनगर प्रखंड अध्यक्ष अशोक सिंह, मोहम्मदगंज प्रखंड अध्यक्ष रामबचन बैठा, मुन्ना कुमार देव, जाकिर अली, प्रमोद सिंह, योगेंद्र सिंह, बीरेंद्र सिंह, संजय पाठक, सरवरी खातुन, मेराज, डाबली, सद्दाम हूसैन, सिबतन मिर्जा, आदि लोग मौजूद थे।

# पांकी बाजार क्षेत्र में विद्युत ट्रांसफार्मर लगाने का कार्य शुरू



### ट्रांसफार्मर लगाने को लेकर 12 जून को हुआ था दो पक्षों में विवाद

**नवीन मेल संवाददाता**

**पांकी।** प्रखंड क्षेत्र के मुख्य बाजार स्थित कब्रिस्तान चाहरदीवारी से सटे गैर मजरूआ भूमि में शनिवार की सुबह प्रशासन की मौजूदगी में ट्रांसफार्मर लगाने का कार्य शुरू किया गया। इस दौरान पांकी अंचलाधिकारी राजकुंवर सिंह, दंडाधिकारी महावीर प्रसाद, पांकी थाना के कर्मी मौजूद थे। जानकारी के अनुसार 12 जून को पांकी बाजार क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति बहाल करने को लेकर कब्रिस्तान से सटे भूमि पर एक पक्ष द्वारा ट्रांसफार्मर लगाने का कार्य किया जा रहा था। इसके तत्काल बाद दूसरे पक्ष के लोगों ने ट्रांसफार्मर लगवाने के कार्य को रोकते हुए विरोध किया। साथ ही उक्त भूमि पर अपना दावा पेश किया। भूमि को लेकर हुई विवाद के बाद मामला अंचलाधिकारी के पास पहुंचा।

इसके बाद अंचलाधिकारी ने तत्काल मामले की जानकारी पालमू उपायुक्त को देते हुए विवादित स्थल पर सशस्त्र बल उपलब्ध करने की मांग की। 13 जून से दोनों पक्षों के चार-चार लोगों की उपस्थिति में भूमि मापी का कार्य प्रारंभ किया गया। 14 जून की शाम मापी के पश्चात उक्त भूमि गैर मजरूआ सार्वजनिक पाया गया, जिसके बाद अंचलाधिकारी ने उक्त स्थल पर ट्रांसफार्मर लगाने की अनुमति प्रदान करते हुए शनिवार की सुबह से निर्माण कार्य प्रारंभ करवाया। ट्रांसफार्मर लगने के बाद पूरे बाजार क्षेत्र के लोगों में हर्ष का माहौल है।

# बिहार जा रही 14 पेटी शराब बरामद, दो तस्कर गिरफ्तार



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद पुलिस को शनिवार को बड़ी सफलता हाथ लगी है। हुसैनाबाद के सबानो गांव के रास्ते तस्करी के लिए बोलेरों वाहन से ले जाई जा रही शराब के साथ दो तस्करों को भी हुसैनाबाद पुलिस ने पकड़ने में सफलता मिली है। हुसैनाबाद थाना के पुलिस अवर निरीक्षक शशि शेखर पांडेय ने इस संबंध में हुसैनाबाद थाना में प्राथमिकी दर्ज की है। उन्होंने बताया कि गुप्त सूचना मिली कि सबानो गांव के रास्ते शराब की खेप बिहार जाने वाली है। उन्होंने वरीय पुलिस अधिकारियों के निर्देश पर गश्त में प्रतिनयुक्त पुलिस अवर निरीक्षक को सूचना दी। सूचना पर गश्ती दल ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सबानो गांव की ओर रवाना हो गया। सबानो गांव के समीप इमामबाड़ा के पास पहुंचते ही विपरीत दिशा से आ रही एक बोलेरो को रोकने का इशारा करने पर वह तेज गति से भागने लगा। कुछ दूर जाने के बाद ड्राईवर भी उतरकर भागने लगा। इस बीच जवानों ने उसे धर दबोचा। साथ ही वाहन में बैठे व्यक्ति को भी पकड़ लिया। भागने का कारण पूछने पर उन्होंने बताया कि गाड़ी में अवैध शराब रहने की वजह वह भाग रहा था। बोलेरो का नंबर जेएच 03 डी 4884 है। बोलेरो जांच के क्रम में 14 पेटी टनाका शराब बरामद के साथ लोटनिया गांव निवासी मनीष कुमार यादव व एकौनी गांव निवासी आलोक यादव को गिरफ्तार किया गया। 14 पेटी (672 बोतल) टनाका शराब भी बरामद किया गया है। इस संबंध में पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार तस्करों ने हुसैनाबाद के एकौनी गांव निवासी डब्ल्यू गिरी का नाम बताया है। डब्ल्यू गिरी का ही बोलेरो वाहन है। डब्ल्यू गिरी के सहयोग से ही बिहार में शराब की खेप जाता है। पुलिस ने बताया कि अवैध शराब के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा। गश्ती दल में पुलिस अवर निरीक्षक धर्मेंद्र सिंह, आरक्षी रामोरपेश पासवान व नंदकेश्वर राम शामिल थे।

### प्रखंड 20 सूत्री बैठक में लिए गए कई निर्णय

**छतरपुर।** प्रखंड विकास पदाधिकारी छतरपुर के कार्यालय के सभागार में प्रखंड बीस सूत्री समिति की शनिवार को संपन्न हुई। बैठक में सभी विभाग की समीक्षा की गई। कार्यक्रम के अध्यक्षता गोपाल प्रसाद सिंह ने की। संचालन प्रखंड विकास पदाधिकारी ने किया। बीस सूत्री उपाध्यक्ष चंदन प्रकाश सिन्हा ने कहा कि नागरिक हित से संबंधित किसी तरह की योजना में भ्रष्टाचार बिल्कुल ही स्वीकार नहीं किया जाएगा। संबंधित पदाधिकारी नहीं सुधरे तो सरकार को लिखा जाएगा। यदि आवश्यकता पड़ी तो आंदोलन भी किया जाएगा। बैठक में विभिन्न विभागों के समीक्षा के दौरान उपाध्यक्ष चंदन प्रकाश सिन्हा ने सेविका सहायिका चयन में सीडीपीओ के भूमिका पर सवाल उठाया। कहा कि चयन में सीडीपीओ द्वारा मनमाने तरीके से सरकारी नियमों को ताक पर रखकर कार्य किया जा रहा है। मनरेगा के पूर्व प्रखंड कार्यक्रम प्राधिकारी चंद्रशेखर दुबे के कार्यकाल के दौरान मनरेगा के तहत कूपों व डोभा में भारी अनियमित की शिकायत मिली थी। संबंधित जांच प्रतिवेदन की मांग की गई थी जो आज तक उपलब्ध नहीं कराया गया। संभावना यह भी जताई गई है कि बिना कुआं या डोभा का निर्माण किए ही पैसे की निकासी कर ली गई है।

## खबरें शांति समिति की बैठक की

### शांतिपूर्ण वातावरण में त्योहार मनाने का निर्णय




**हरिहरगंज।** हरिहरगंज थाना परिसर में शनिवार को बकरीद पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक हुई। अध्यक्षता छतरपुर डीएसपी नौशाद आलम ने किया। संचालन पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी चंदन कुमार ने किया। बैठक में दोनों सामुदाय के लोग शामिल हुए। बैठक में उपस्थित दोनों समुदाय के लोगों ने बकरीद पर्व को शांति व सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने का संकल्प लिया गया। त्योहार की तैयारी की जानकारी डीएसपी थाना प्रभारी ने लिया। डीएसपी व थाना प्रभारी ने कहा कि बकरीद का पर्व आपसी भाईचारगी के साथ मनाएं। बकरीद पर्व को लेकर पुलिस असमाजिक तत्वों व हुड़दंगियों पर पैनी नजर रखेगी। मौके पर एसआई सतीश कुमार गुप्ता, अविनाश कुमार, विगेश राय, एएसआइ संजय कुमार सिंह समेत अन्य मौजूद थे।

### शांति और भाईचारे के साथ मनाए बकरीद का पर्व : पुलिस निरीक्षक



**हुसैनाबाद।** बकरीद पर्व को लेकर शनिवार को हुसैनाबाद थाना परिसर में शांति समिति की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता हुसैनाबाद थाना के पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी अनिल कुमार सिंह ने की जबकि संचालन एसआई शशि शेखर पांडेय ने किया। मौके पर थाना प्रभारी अनिल कुमार सिंह ने कहा की पर्व त्योहार किसी समुदाय का हो शांति और भाईचारे के साथ मनाना चाहिए। सभी लोगों के सहयोग से ही शांति बरकरार रखा जा सकता है। ऐसा कोई कदम ना उठाए जिससे दूसरे लोगों को ठेस पहुंचे। पर्व के दौरान असामाजिक तत्व पर प्रशाशन की पैनी नजर रहेगी। इस मौके पर थाना के मो, अली, शांति समिति सदस्य के रुप में डॉ. एजाज आलम, उदय सोनी, जमील अहमद , मो खालिद, अर्जून गुप्ता, सुहैल आलम, अवधेश सिंह, अजय मोदनवाल समेत कई लोग मौजूद थे।

### बकरीद पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक



**नीलांबर पितांबरपुर।** बकरीद पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक शनिवार को थाना परिसर में हुई। बैठक की अध्यक्षता मुखिया संघ अध्यक्ष मंदीप मेहता तथा संचालन समाजसेवी तारकेश्वर पासवान ने किया। बैठक में दोनों समुदाय के लोगों ने त्योहार आपसी एकता एवं भाईचारगी के साथ मनाने का निर्णय लिया। थाना प्रभारी राजू कुमार गुप्ता ने उपस्थित प्रतिनिधियों एवं प्रबुद्ध लोगों से बकरीद शांतिपूर्वक मनाने की अपील किया। थाना प्रभारी ने कहा कि कुछ असामाजिक तत्वों के लोग अफवाह फैला कर सामाजिक सौहार्द्र को बिगाड़ना चाहते हैं। वैसी स्थिति में आप सभी लोग कानून को अपने हाथ में नहीं लेंगे बल्कि वैसे लोगों को चिन्हित कर पुलिस को सूचना दें। निश्चित रूप से उस पर त्वरित कार्रवाई की जाएगी। जिससे कोई भी अप्रिय घटना होने से पहले उसपर अंकुश लगाया जा सके। शराब की बिक्री बंद पूर्ण रूप से बंद रहेगा। बैठक में एसआई प्रदीप कुमार, चेंबर अध्यक्ष छोटेलाल सोनी, मुखिया अरविंद शुक्ला, गीता देवी, रिंकी देवी, बीरेंद्र कुमार, शैलेश सिंह, हाफिजुर रहमान, चंगेज खान, हेमू खान, तनवीर आलम सहित कई लोग शामिल थे।

## गड़बड़ी

### नल जल योजना के जलमीनार में भारी अनियमितता

# 57 जलमीनार स्वीकृत, 45 का अधिष्ठापान, 24 ही दे रहा पानी, 21 बेकार

### करोड़ों खर्च के बाद प्यासे हैं पंचायतवासी

**नवीन मेल संवाददाता**

**विश्रामपुर।** प्रखंड के बघमनवा पंचायत में नल जल योजना के तहत जल मीनार में व्यापक अनियमितता बरती जा रही है। प्राकलन की अनदेखी करते हुए मनमाने तरीके से कार्य कराया जा रहा है। वोरिंग 300 फीट की जगह 90 फिट से 150 फिट तक ही किया गया है। फटा पुराना और गुणवत्ताहीन पाइप लगाया गया है। इतना ही नहीं पानी चढ़ाने वाला मोटर भी निम्न कंपनी का लगाया गया है। जिसके कारण अधिष्ठापन के तीन माह के अंदर ही लगभग आधा जल मीनार मृतप्राय हो गया। करोड़ों खर्च के बावजूद भी पंचायतवासी पानी के लिए तरस रहे हैं। बघमनवा पंचायत में पीएचडी विभाग द्वारा कुल 57 जल मीनार स्वीकृत है। उनमें तीन बड़े जल मीनार है,



जिनकी लागत प्रति जल मीनार 24 लाख 76 हजार है। 30 मध्यम साइज का है, जिनकी लागत प्रति जल मीनार दस लाख से भी ज्यादा है। 24 की लागत प्रति जल मीनार छः से सात लाख रुपए तक है। जल मीनार अधिष्ठापन का कार्य मेसर्स विकास कुमार नामक एजेंसी को दिया गया है। मेसर्स विकास कुमार द्वारा पंचायत में अभी तक लगभग 45 जल मीनार का अधिष्ठापन किया गया है। इसमें 21 जल मीनार मृतप्राय भी हो चुका है। 24 भी दम तोड़ने के कगार पर है। रुक रुक कर घंटा दो घंटा ही पानी देता है। पंचायत समिति सदस्य प्रीति देवी ने कहा कि नल जल योजना बघमनवा पंचायत में भ्रष्टाचार का भेंट चढ़ गया। लगभग सभी जल मीनार सिर्फ अस्तित्व का बोध करा रहा है। उन्होंने कार्य एजेंसी पर कार्रवाई की मांग की है। पीएचडी विभाग के कनीय अभियंता कुणाल कुमार ने इस बाबत पूछने पर कहा कि स्थलीय निरीक्षण के बाद अग्रेतर कार्रवाई की जायेगी।

### भीषण गर्मी के कारण किसान महापंचायत स्थगित

**हुसैनाबाद।** किसान ब्रिगेड द्वारा आगामी 19 जून को हुसैनाबाद अनुमंडलीय मैदान में आयोजित किसान महापंचायत कार्यक्रम स्थगित कर दिया गया है। इस बात की जानकारी किसान ब्रिगेड के संरक्षक कर्नल डॉ. संजय कुमार सिंह ने प्रेस कांफ्रेंस के माध्यम से दी हैं। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा द्वारा हिट वेव व भीषण गर्मी का चेतावनी जारी कर लोगों को घरों के अंदर रहने का हिदायत दी है। किसान ब्रिगेड किसानों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए किसान महापंचायत कार्यक्रम स्थगित करने का निर्णय लिया है। आगे उन्होंने कहा कि पलामू जिला सहित पूरे हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र में भूमि गड़बड़ी बिजली कटौती बालू की समस्या शिक्षा स्वास्थ्य सड़क सहित अन्य मुद्दों को लेकर हुसैनाबाद क्षेत्र के किसानों में भारी आक्रोश है। किसान ब्रिगेड इसके खिलाफ आवाज उठाने के लिए तैयार है। मौसम अनुकूल होते ही किसान ब्रिगेड के कार्यकर्ता इससे दोगुनी शक्ति के साथ इस महापंचायत को सफल बनाने के लिए अपने कार्य में लग जायेंगे।




## एक नजर

### एमएमसीएच से दो मोबाइल चोरी

**मेदिनीनगर।** एमएमसीएच से एक ही व्यक्ति का दो मोबाइल शनिवार चोरी हो गया। विश्रामपुर प्रखंड के कूटमू गांव निवासी विनय पांडेय 10 दिनों से एमएमसीएच में पैर टूटने के कारण भर्ती हैं। उन्होंने बताया कि रात को वह परिजनों के साथ सो रहे थे। एक युवक आया और अपने आप को अस्पताल का स्टाफ बताते हुए लोगों की गिनती करने लगा। उसके थोड़ी देर बाद वह चला गया। थोड़ी देर बाद उन्होंने अपने और पत्नी के एक साथ रखे दोनों मोबाइल को गायब पाया।

### बैट्री फटने से महिला घायल

**मेदिनीनगर।** तरहसी थाना अंतर्गत भालोगाड़ी गांव निवासी गौरा कुंवर बैटरी चालित पंखे का बैटरी फटने से घायल हो गई। वह अपने घर में जमीन पर सो रही थी। बगल में उक्त बैटरी चार्ज में लगा था। महिला के पुत्र जितेंद्र ठाकुर ने बताया की सुबह से ही बैटरी चार्ज में लगा था। किसी ने लापरवाही की वजह नहीं हटाया। उसका इलाज एमएमसीएच में चल रहा है।

### हाईवा व बोलेरो में टक्कर, कई घायल

**मेदिनीनगर।** छतरपुर थाना क्षेत्र के चेगौना धाम से तीन किलोमीटर दूर हाईवे पर भीषण सड़क दुर्घटना में बोलेरो का उड़े परखच्चे उड़ गया। बोलेरो को टक्कर मारकर भाग रहे हाईवा को नावा थाना की पुलिस ने पकड़ लिया। ड्राइवर मौके से भागने में सफल रहा। बोलेरो में फंसे लोगों को स्थानीय राहगीरों ने कड़ी मशक्कत के बाद गाड़ी से बाहर निकाला।

उपायुक्त ने स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा , कहा-

# एमएमसीएच में सक्रिय बिचौलियों के विरुद्ध होगी कार्रवाई

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी शशि रंजन ने शनिवार को स्वास्थ्य विभाग द्वारा किये जा रहे कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने कहा कि प्रायः ऐसी शिकायतें मिल रही है कि एमएमसीएच या अन्य सरकारी अस्पतालों में इलाज कराने आनेवाले मरीजों को एमएमसीएच के आसपास सक्रिय बिचौलियों द्वारा निजी अस्पतालों में इलाज के लिए जाने के लिये प्रेरित करते हैं। इस कार्य को किसी किमत पर बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। इसके अलावा अगर इस कार्य में कोई सरकारी डॉक्टर की भूमिका पायी गयी तो उनके विरुद्ध भी सीधे कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने डीडीसी को एमएमसीएच में कार्यरत चिकित्सकों का रोस्टर बनाने, कौन होम गार्ड की तैनाती कहां है। इसका आकलन करने के निर्देश दिया।



### लेस्लीगंज स्वास्थ्य केंद्र को ग्रीन अस्पताल के रूप में डेवलप करें


बैठक में उपायुक्त ने विभिन्न बिंदुओं को लेकर सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने लेस्लीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को ग्रीन हॉस्पिटल के रूप में विकसित करने की दिशा में कार्य करने की बात कही। उन्होंने कहा कि पूरे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को सोलर आधारित एनर्जी पर क्रियान्वित करें।

उन्होंने पीएम-एबीएचआईएम व 15वें वित्त आयोग से कराये जा रहे निर्माण की भी समीक्षा की। उन्होंने कहा कि तय समय सीमा के अनुसार जो संवेदक कार्य पूर्ण नहीं किया है उसे ब्लैक लिस्टेड करें। उन्होंने नगर आयुक्त को सभी पुराने भवनों को डीमोलिश करने की बात कही।

### आयुष्मान का कवरेज बढ़ाने का निर्देश

उपायुक्त ने सिविल सर्जन व आयुष्मान भारत के डिस्ट्रिक्ट को-ऑर्डिनेटर को जिले में आयुषमान भारत का कवरेज बढ़ाने की दिशा में योजना बनाते हुए कार्य करने की बात कही। उन्होंने डॉक्टर मैनेजमेंट सेल, एचआर सेल, प्रशिक्षण सेल, स्टोर सेल, मशीनरी सेल, वैक्सीनेशन सेल, पीएसए प्लांट सेल आदि की समीक्षा कर निर्देश दिया। मौके पर उप विकास आयुक्त, नगर आयुक्त, सिविल सर्जन समेत सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी समेत अन्य उपस्थित थे।

## पलामू में 2194 सक्रिय टीबी के मरीज हैं



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला का एक भी पंचायत टीबी मुक्त नहीं। पलामू जिला में 260 पंचायत है। इन पंचायतों को अभी तक टीबी मुक्त नहीं कराया जा सका। सिविल सर्जन डा. अनिल कुमार ने कहा की वर्ष 2025 तक प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत सभी पंचायत को टीबी मुक्त पंचायत करा लेना है। पलामू जिला इसके लिए पूरी तरह प्रयत्न कर रहा है। इस समय पलामू जिला में 2194 सक्रिय टीबी के मरीज हैं, जिनका इलाज चल रहा है। झारखंड राज्य टीबी पदाधिकारी डॉक्टर कमलेश कुमार ने कहा कि गढ़वा जिला के 26 पंचायत टीबी मुक्त पंचायत है, जबकि पलामू जिला का एक भी पंचायत अभी तक टीबी मुक्त नहीं हो पाया है। टीबी का बीमारी शरीर के बाल, नाखून व आंखों की पुतलियां में नहीं होता है।

## बकरीद को लेकर शांति समिति की बैठक मिलजुलकर पर्व मनाने का निर्णय

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** सदर थाना परिसर में शनिवार को आयोजित बैठक में बकरीद पर्व शांति से मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक में निर्णय लिया गया कि शांतिपूर्ण व सौहार्दपूर्ण वातावरण में बकरीद पर्व मनाया जायेगा। पर्व के दौरान सोशल मीडिया पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी। सदर थाना प्रभारी उत्तम कुमार राय ने कहा कि मुस्लिम समुदाय के लोग समय से मस्जिदों में जाकर नमाज पढ़ें। उन्होंने शांति से पर्व मनाने की अपील की। कहा कि पर्व के दौरान शांति भंग करनेवालों से पुलिस सख्ती से निपटेगी। अध्यक्षता सदर थाना प्रभारी उत्तम कुमार राय ने की। बैठक में सर्किल इंस्पेक्टर सुरेश राम, दुर्ग विजय ठाकुर, एएसआई भरतभूषण समेत दोनों समुदाय के लोग मौजूद थे।



18 से 25 जून तक चलेगा जागरूकता अभियान

## विद्यार्थी गलत संगत में पड़कर मादक पदार्थों का सेवन करते हैं : डीईओ



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला शिक्षा विभाग ने शनिवार को एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन जिला स्कूल के हॉल में किया। कार्यशाला मादक पदार्थों के सेवन के रोकथाम के विषय पर था। कार्यशाला में सभी स्तर के शिक्षक व शिक्षा विभाग के पदाधिकारियों को 18 से 25 जून के बीच में मादक पदार्थों के विरुद्ध अभियान की जानकारी दी गई। कार्यशाला की अध्यक्षता जिला शिक्षा पदाधिकारी दुगानंद झा ने की। दुगानंद झा ने कहा कि नौजवान नशीली दवा के शिकार हो रहे हैं। उन्हें सतर्क, सावधान व जागरूक करने की जरूरत है। इसके लिए पेंटिंग, लेख, प्रतियोगिता, साइकिल रैली, प्रभात फेरी जैसे कार्यों का भी आयोजन किया जाएगा। सभी कार्यक्रम 18 जून से 25 जून तक चलेगा। उन्होंने कहा कि कभी-कभी विद्यार्थी गलत संगति में पड़कर मादक पदार्थों का सेवन शुरू कर देते हैं। उन्होंने कहा कि पढ़ाई का दबाव, कंपटीशन द्वारा नौकरी पाने आदि जैसे समस्याओं से जुझने के कारण युर्वा वर्ग नशीली पदार्थ का सेवन करना शुरू कर देते हैं।

## अनिल चौरसिया की 12वीं पुण्यतिथि आज

**मेदिनीनगर।** पूर्व विधायक प्रत्याशी व डालटनगंज भंडरिया विधानसभा क्षेत्र के विधायक आलोक चौरसिया के पिता स्व अनिल चौरसिया की 12वीं पुण्यतिथि रविवार को चैनपुर प्रखंड के किन्नी में मनायी जाएगी। कार्यक्रम के मुख्यअतिथि राज्य के प्रथम मुख्यमंत्री सह भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी भाग लेंगे। विधायक आलोक चौरसिया ने भारतीय जनता पार्टी के नेताओं, कार्यकताओं समेत पूरे विस क्षेत्र की जनता से कार्यक्रम में भाग लेने की अपील की है। जानकारी के अनुसार बाबूलाल मरांडी स्व अनिल चौरसिया के पुण्यतिथि कार्यक्रम में भाग लेने के बाद दोपहर दो बजे भाजपा कार्यालय में कार्यकताओं के साथ बैठक में भाग लेंगे।

मुख्य अतिथि पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी होंगे शामिल

## उपायुक्त ने पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के कार्यों की समीक्षा की

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी शशि रंजन ने समाहरणालय के सभागार में शनिवार को जल जीवन मिशन एवं स्वच्छ भारत मिशन टू अंतर्गत किये जा रहे कार्यों की समीक्षा की। बैठक में सभी बीडीओ, सीओ को उनके क्षेत्र अंतर्गत पेयजल की समस्या को लेकर बैठक करने व पेयजल की समस्या को कैसे दूर किया जाये इसको लेकर पेयजल विभाग से बेहतर समन्वय स्थापित करने का निर्देश दिया। उन्होंने एसवीएस,एमवीएस की अद्यतन स्थिति की समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिया। उन्होंने प्रखंड विकास पदाधिकारियों को उनके क्षेत्र अंतर्गत पेयजल की संचालित योजनाओं में आ रही समस्या की जांच कर उचित समाधान करने का निर्देश दिया। बैठक में पेयजल आपूर्ति से संबंधित कार्य, पेयजल स्रोतों की स्थिति,पानी टंकी की स्थिति,मरम्मत कार्य आदि से संबंधित विषयों पर विस्तार पूर्वक चर्चा की। साथ ही प्रखंड वार ओडीएफ प्लस सहित अन्य बिंदुओं पर बारी-बारी से समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिया। उन्होंने अधिकाधिक ओडीएफ प्लस संरचनाओं में समुदायिक सोकपिट,कंपोस्ट पिट,ट्रेंच निर्माण, बेहतर स्वच्छता प्रबंधन करने की दिशा में सभी को कार्य करने का निर्देश दिया। इसी तरह उन्होंने स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण को लेकर किया जा रहे हैं कार्यों के प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने ऑडियो प्लस अन्य कार्यों की जानकारी लेते हुए ओडीएफ प्लस का सर्टिफिकेशन देने में गति लाने पर बल दिया। बीडीओ को आगामी मॉनसून के मद्देनजर उनके क्षेत्र में दस-दस हजार पौधे लगाने की बात कही। मौके पर उप विकास आयुक्त,नगर आयुक्त,हुसैनाबाद के अनुमंडल पदाधिकारी, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के कार्यपालक अभियंता, विभाग के समन्वयक व अभियंता समेत सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी उपस्थित थे।

### इस मॉनसून सभी बीडिओ अपने प्रखंडों में 10 हजार पौधा लगायेंगे



## न्यूज बॉक्स

### मईयां बाबू अस्पताल सील



**मेदिनीनगर।** उपायुक्त के निर्देश पर शहर के निजी अस्पताल मईयां बाबू को सील कर दिया गया है। बताते चलें कि मईयां बाबू अस्पताल से लगातार नियमों को ताक पर रखकर इलाज करने सहित गलत तरीके से ऑपरेशन करने की शिकायत मिल रही थी। विभिन्न प्रकार से लगातार सूचना मिलने पर उपायुक्त ने हॉस्पिटल के संचालक कादिर परवेज को नोटिस भेजा था। कादिर परवेज द्वारा नोटिस का जवाब नहीं देने पर उपायुक्त के निर्देश पर नगर आयुक्त जावेद हुसैन हॉस्पिटल के ऑपरेशन थिएटर को सील कर दिया। मौके सीएस डा. अनिल कुमार सिंह, सदर सीओ अमरदीप बल्होत्रा मौजूद थे।

### बकरी का दूध पिलाकर हिरण के बच्चे की बचायी जान

**मेदिनीनगर।** कुंदरी रेंज में बकरी का दूध पिलाकर हिरण के बच्चे को लू से बचाया गया। करीब एक महीने के एक हिरण के बच्चे को बकरी का दूध पिलाकर धूप व गर्मी के कारण लू लगने से बचाया गया। बता दें कि कुंदरी रेंज में हिरण का बच्चा अपनी मां से बिछड़ कर बगल के गांव में पहुंच गया। कुंदरी रेंज प्रभारी रेंजर उमेश कुमार दुबे ने बताया कि एक ग्रामीण ने वन विभाग के कर्मी को इस हिरण के बच्चे के बारे में जानकारी दी। वन विभाग के कर्मियों ने हिरण के बच्चे को रेस्क्यू कर लिया। हिरण का बच्चा लू व गर्मी के कारण कमजोर हो चुका था। प्रभारी रेंजर ने बताया कि इसको बकरी का दूध पिलाया गया, जिससे हिरण का बच्चा ठीक होने लगा। हिरण के बच्चे को गारु पूर्वी रेंज में लाया गया है। वहां उसकी देखभाल वन कर्मियों द्वारा की जा रही है।

### अवैध परिवहन के खिलाफ चलाया गया अभियान

**मेदिनीनगर।** उपायुक्त शशि रंजन के निर्देश पर शुक्रवार की रात्रि ज़िला परिवहन पदाधिकारी द्वारा अवैध परिवहन को लेकर वाहनों का सघन जांच अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान 4 वाहनों को जब्त किया गया। इस दौरान वाहनों को हरिहरगंज थाना परिसर में जब्त कर रखा गया। सभी वाहनो पर दंड शुल्क लगाया गया। जिला परिवहन पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि यह अभियान व्यवसायिक वाहन के विरुद्ध लगातार चलाया जायेगा।

### युवा कांग्रेस ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का पुतला फूंका

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला युवा कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में छहमुहान पर नीट एग्जाम में हुए धांधली के विरोध में युवा कांग्रेस ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का पुतला दहन किया। मौके पर पलामू जिला युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष परवेज अली मुन्ना खान ने कहा कि पिछले 10 साल से क्रेंद सरकार एक भी एग्जाम सही तरीके से नहीं करा पा रही है। सरकार हर मामले में पूरी तरीके से फेल साबित हो रही है। बेरोजगारों को नौकरी देने में पूरी तरीके से फेल है। नीट जैसे प्रतिष्ठित एग्जाम में धांधली कराकर यह साबित कर दिया कि सरकार छात्र विरोधी, नौजवान विरोधी, बेरोजगार विरोधी है। सरकार की मंशा छात्रों को तंग करना है। सरकार देश के सभी सरकारी प्रतिष्ठित संस्थानों को प्राइवेटाइज कर बेच रही है। युवा कांग्रेस सभी प्रकार के धांधलियों का विरोध करती है। मौके जिला उपाध्यक्ष आशीष चौधरी, नगर अध्यक्ष सूर्यांश प्रताप सिंह, विश्रामपुर अध्यक्ष गुलाम नबी, सोशल मीडिया इंचार्ज शोएब अख्तर, आदर्श सिंह, गोलू यादव, राजा चौधरी, दिलीप चौधरी, अब्दुल अमर महताब सहित अन्य मौजूद थे।

### पूर्व वार्ड पार्षद के पिता का निधन

**मेदिनीनगर।** पूर्व वार्ड पार्षद चंचला देवी के पिता सेवानिवृत्त अमीन महावीर राम का इलाज के दौरान शुक्रवार मौत हो गई। पूर्व वार्ड पार्षदके पिता महावीर राम कई दोनों से बीमार थे। इनका अंतिम संस्कार शनिवार को उनके पैतृक गांव उसुर्ला विश्रामपुर के खूंटीसोत घाट पर किया गया। वह अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़कर गए हैं। मौके अंतिम संस्कार कार्यक्रम में समाजसेवी विजय चंद्रवंशी, पुत्र अभय कुमार,डॉक्टर आदित्य अग्रवाल, अविनाश कुमार राजा, शिक्षक संजय कुमार, ग्राम सेवक सूर्यदेव राम, जगजीवन राम, मुन्ना राम,शिवनारायण राम,शंभू राम, इंद्रजीत कुमार,उपेंद्र राम,जोगिंदर कुमार,अर्जुन कुमार,अरविंद कुमार ,सचिन कुमार,अजय कुमार,चंदन कुमार सहित सैकड़ों लोग शामिल थे।

अच्छी पहल

## स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में सात यूनिट रक्तदान किया

# रक्त से बच सकती है किसी की जान: डॉ. आरएन सिंह

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** आपका रक्त किसी की जान बचा सकता है। रक्तदान महादान है। इस पुण्य कार्य के भागीदार बन सकते हैं। उक्त बातें भारतीय शल्य चिकित्सा संघ के झारखंड इकाई के अध्यक्ष सह सर्जन डा. रघुवंश नरायण सिंह ने कही। वह शनिवार को शिवाजी मैदान स्थित अपने नर्सिंग होम में संघ की ओर से आयोजित स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि रक्तदान से बढ़कर कोई पुण्य कार्य नहीं है। जरूरत पड़ने पर रक्त एक नहीं, बल्कि कई जिंदगी बचा सकता है। रक्त से निकलने वाले अव्यव कई लोगों को जरूरत पड़ने पर दिया जा सकता हैं। रोजाना लोग किसी न किसी दुर्घटना में घायल होते हैं, जिनकी जान बचाने के लिए रक्त की आवश्यकता होती है। ऐसे में रक्त उन्हें जीवनदान दे सकता है। कहा कि संघ की ओर से पूरे झारखंड में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसका मकसद लोगों को रक्तदान के प्रति जागरुक करना है। शिविर में कुल सात यूनिट रक्त का संग्रह किया गया। जिसमें रवि कुमार बारी, इनामुल अंसारी, गौरव जैन, राकेश कुमार, डा. अंकित कुमार, डा. सतीश सिंह, डा. गोरख तिवारी ने रक्तदान किया। शिविर को सफल बनाने में डा. संजय कुमार, डा. अनवर नेजाम, डा. निशांत आदि सराहनीय योगदान दिया।



**'रक्तदान से बढ़कर कोई पुण्य कार्य नहीं है। जरूरत पड़ने पर रक्त एक नहीं, बल्कि कई जिंदगी बचा सकता है। रक्त से निकलने वाले अव्यव कई लोगों को जरूरत पड़ने पर दिया जा सकता हैं। रोजाना लोग किसी न किसी दुर्घटना में घायल होते हैं, जिनकी जान बचाने के लिए रक्त की आवश्यकता होती है।'**

## बकरीद को लेकर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक

**नवीन मेल संवादाता**

**पांकी।** थाना परिसर में शनिवार को बकरीद पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक प्रभारी थाना प्रभारी ओम प्रकाश शाह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में प्रखंड प्रमुख पंचम प्रसाद समेत प्रखंड क्षेत्र के दर्जनों जनप्रतिनिधि, विभिन्न समुदाय के लोग शामिल हुए। बैठक में प्रभारी थाना प्रभारी ओम प्रकाश शाह ने कहा कि त्यौहार खुशियां लेकर आता है। ऐसे में हम सभी को त्यौहार खुशी-खुशी मनानी चाहिए। इसमें किसी तरह का हुड़दंग, वाद विवाद नहीं होना चाहिए। कहा कि त्योहारों के दौरान किसी तरह की अफवाह पर ध्यान न दें। अप्रिय घटना की सूचना तत्काल थाने को दें। पुलिस सेवा में सदैव तत्पर है। उन्होंने प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे जनप्रतिनिधियों से एक-एक कर उनकी समस्याओं को सुना व त्यौहार को लेकर की गई तैयारियों के संबंध में जानकारी ली। मौके पर मुखिया संघ अध्यक्ष राजेंद्र पांडेय ने बैठक में अनुपस्थित प्रखंड कर्मियों के प्रति नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने कहा कि बैठक में अधिकारियों की उपस्थिति अनिवार्य होनी चाहिए। पदाधिकारीयों का अनुपस्थित होना बेहद दुर्भाग्य की बात है। मौके पर मौजूद पुलिस इंस्पेक्टर पूनम टोप्पो ने प्रखंड वासियों से आपसी सौहार्द एवं शांतिपूर्वक तरीके से बकरीद पर्व मनाने की अपील की। मौके पर बैठक में मुखिया संघ अध्यक्ष के अलावे विधायक प्रतिनिधि सुरेंद्र सिंह, मिंटी वर्मा, रफीक अंसारी, बृजदेव सिंह, हफीजुल अंसारी, नेहाल अंसारी, आफताब अंसारी, निरंजन यादव, सुनील सिंह, नरेंद्र सिंह, प्रमोद सिंह सहित सभी गण्यमान लोग मौजूद थे।



## एक नजर

### पत्रकार की दादी का हुआ निधन, शोक


फाईल फोटो

**धुरकी।** धुरकी थाना क्षेत्र अंतर्गत धोबनी गांव निवासी दैनिक आजाद सिपाही अखबार के पत्रकार कृष्णा यादव(टाईगर) की 95 वर्षीय दादी मुशनी कुंवर की दीन शनिवार की सुबह समय 8:45 पर निधन हो गया। बता दे की पत्रकार के दादी के निधन के बाद गांव सहित आस पास के क्षेत्रो में शोक की लहर बनी हुई है। मृतक के परिजन द्वारा मिली जानकारी के मुताबिक 95 वर्षीय मुशनी कुंवर पिछल महीनो दिनों से बीमार चल रही थीं। उधर निधन के सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में लोगों ने परिजनों से मिलकर ढाढंस बंधाया।

### महिला की संदिग्ध अवस्था में हुई मौत

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**
मेराल थाना क्षेत्र के अधोरा गांव निवासी स्व रामेश्वर महतो की 55 वर्षीय पत्नी फुलमतिया देवी की मौत शनिवार को संदिग्ध अवस्था में हो गई। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस नेताओं को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दी है। घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि फुलमतिया देवी अपने बेटे और देवर के साथ नगर ऊंटारी जा रही थी। उसी दौरान रमना बाजार में वह चलती बाइक से बेहोष होकर गिर गई। गंभीर स्थिति में उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया जा रहा था लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। सदर अस्पताल में चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। चिकित्सकों के अनुसार फुलमतिया को चोट नहीं लगी है। चिकित्सक ने आशंका जताया कि उसकी मौत एक्सीडेंट नहीं बल्कि लू लगने से हुई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद फुलमतिया की मौत कैसे हुई स्पष्ट हो सकेगा।

### योजनाओं के होने से ग्रामीण हैं परेशान

**बड़गड।** महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के कार्यों में प्रखंड में डिमांड बंद होने से लाभुकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। प्रखंड कार्यालय के परिसर में शनिवार दोपहर 12:00 बजे देखा गया कि मनरेगा के तहत संचालित अबुआ आवास योजना के लाभुकों के स्वजन परेशान है क्योंकि उनका डिमांड नहीं हो पाया। अबुआ आवास योजना लाभुक मदगडी.च पंचायत के ठुमरी देवी ,रसीदन बीबी, अमरनाथ सिंह,खुश्बुन बीबी, सुखदेव राम, रुबी तिर्की के स्वजनों ने नाराजगी जताते हुए कहा कि हम दोपहर में 26 किलोमीटर दुरी तय कर चिलचिलाती धूप में अबुआ आवास योजना में मनरेगा मद से मिलने वाले राशि के लिये डीमांड कराने आये थे ,पर नहीं हो पाया। जिससे हम सभी हताशा और निरास हैं । इस संबंध में पुछे जाने पर मनरेगा बीपीओ हाशमी अंसारी ने कहा कि गुरुवार को बड़गड़ बीडीओ अमित कुमार पासवान के द्वारा लागींन पासवर्ड बदल दिया गया है।

# गढ़वा में थम नहीं रही सड़क दुर्घटना



**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**
अनुमंडल मुख्यालय में सड़क दुर्घटना थमने का नाम नहीं ले रहा है। एक दिन पहले सड़क दुर्घटना में आधा दर्जन का मौत हो गया वही आधा दर्जन घायल हुए थे। घटना के दूसरे दिन अनुमंडल के अलग-अलग सड़क मार्ग पर हुए दुर्घटना में सात लोग घायल हो गए। स्थानीय लोगों के सहयोग से सभी घायलों को अनुमंडल अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया।

जहा एक की स्थिति गंभीर देखते हुए चिकित्सक ने बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर कर दिया। बंशीधर नगर धुरकी मुख्य मार्ग पर बरडीहा गांव के समीप बलौरो और बाइक के टक्कर में बाइक सवार तीन लोग घायल हो गए। स्थानीय लोगो ने तीनों घायलों को अनुमंडल अस्पताल भेजवाया जहा चिकित्सक ने इलाज के बाद एक घायल की स्थिति गंभीर देखते हुए सदर अस्पताल रेफर कर दिया। घटना में घायल होने वालों में सभी धुरकी थाना क्षेत्र के सगमा निवासी मनोहर भुइया के 20 वर्षीय पुत्र गुलाब भुइया, रोहित भुइया के 20 वर्षीय पुत्र बटेश्वर भुइया और उमेश भुइया के 19 वर्षीय पुत्र मनोज कुमार भुइया घायल हो गए। घटना में घायल गुलाब भुइया की स्थिति गंभीर होने पर सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। घटना के बारे बताया जाता है कि बाइक सवार तीनो नगर उंटारी स्टेशन जा रहे थे। इसी दौरान विपरीत दिशा से आ रहे बलोरों ने धक्का मार दिया। जिससे तीनों घायल हो गए।

● **दूसरी घटना** बंशीधर नगर भवनाथपुर मुख्य मार्ग पर तुलसीदामर घाटी के समीप घटा। जहा एक बाइक पर सवार एक ही परिवार के दो बच्चे सहित चार लोग घायल हो गए। घायल सभी भवनाथपुर थाना क्षेत्र के अरसली गांव निवासी शेख मोहम्मद, 25 वर्षीय पत्नी असमुन खातून, 6 वर्षीय पुत्र रिजवान रजा तथा दो वर्षीय पुत्री पलक परवीन घायल हो गए। घटना के बारे में बताया जाता है कि सभी एक बाइक पर सवार होकर बंशीधर नगर आ रहे थे। तुलसीदामर घाटी के समीप अनियंत्रित होकर गिर कर घायल हो गए।

### बाइक से गिरने पर भाई-बहन हुए घायल




**गढ़वा।** गढ़वा चिनिया थाना क्षेत्र जमुनियाटांड़ गांव के पास हुई बाइक दुर्घटना में भाई बहन घायल हो गए। घायलों में चिनिया थाना क्षेत्र के बरवाडीह गांव निवासी केशवर सिंह का पुत्र दीपक सिंह और उसकी बहन-बेटा गांव निवासी अनंत केश्वर की पत्नी कमला देवी शामिल है। दोनों कोई इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि दीपक अपनी बहन को मायके से लेकर घर जा रहा था। इस दौरान जमुनियाडीह गांव में बाइक से अनियंत्रित होकर गिर गया। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों को इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां दोनों का इलाज चल रहा है।

### सड़क दुर्घटना में तीन लोग हुए घायल

**गढ़वा।** गढ़वा शाहपुर मार्ग पर शनिवार को तिल्दाग के पास मोटरसाइकिल दुर्घटना में मोटरसाइकिल पर सवार तीन लोग घायल हो गए। घायलों में चैनपुर थाना क्षेत्र के शाहपुर गांव निवासी मुस्ताक खान का पुत्र शोएब खान फखरुद्दीन अंसारी का पुत्र आबिद राजा एवं पलामू जिले के पाटन थाना क्षेत्र के सगुना गांव निवासी इश्तियाक अंसारी का पुत्र कैफ अंसारी शामिल है। सभी को इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती किया गया है। घटना के संबंध में शोएब खान ने बताया कि शाहपुर से सभी लोग एक मोटरसाइकिल पर सवार होकर गढ़वा की ओर आ रहे थे। इसी दौरान तिलदाग मोड से आगे अचानक एक टेंपो मोटरसाइकिल के सामने आ गया। उसे बचाने के क्रम में मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर एक खेत में चली गई। इससे मोटरसाइकिल पर सवार तीनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की जानकारी मिलने के बाद परिजनों ने तीनों घायलों को गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती कराया।

### मेराल में बकरीद को लेकर शांति समिति की हुई बैठक

**मेराल।** थाना परिसर में शनिवार को थाना प्रभारी बिष्णु कांत की अध्यक्षता में बकरीद को लेकर शांति समिति का बैठक किया गया। इस अवसर पर थाना प्रभारी ने उपस्थित लोगों को कहा कि आपसी प्रेम व भाईचारा के साथ नमाज के बाद , त्योहार मनायें।इस दौरान प्रतिबंधित पशु का कुबार्नी देना गैरकानूनी है। इसकी जवाबदेही थाना क्षेत्र के सभी प्रबुद्ध जनताओं की है। गैरकानूनी कार्य करने वाले बख्शे नहीं जाएंगे। किसी भी तरह का अफवाह से बचें। बकरीद के दिन समाज में भाईचारा कायम रखने के लिए करीब अंसारी, मोहम्मद खालिद,अतहर अली अंसारी तथा संजय भगत के अलावा सभी मुखिया को संबंधित क्षेत्र में सामंजस्य स्थापित कर पर्व पर नजर रखने की बात कही। बैठक में उप प्रमुख नीजामुद्दीन खान ने कहा कि बकरीद पर्व पर प्रतिबंधित पशु का कुबार्नी पूरी तरह से प्रतिबंधित है। आपसी भाईचारा एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में बकरीद का पर्व मनाएं। उन्होंने कहा कि सुबह 6.30 से 7 बजे तक नमाज अदा कर दिया जाएगा।इसी तरह झामुमो नेता करीब अंसारी, अतहर अली अंसारी तथा भाजपा नेता संजय भगत ने लोगों से आपसी प्रेम व भाईचारा के साथ बकरीद पर्व मनाने की बात कही गई।

## न्यूज | बॉक्स

### चापानल खराब होने से ग्रामीण परेशान



**केतार।** केतार प्रखंड के पाचाडुमर पंचायत सचिवालय के बगल में स्थित दलित टोला में चापानल खराब होने से पेयजल का संकट उत्पन्न हो गई है। इस चिलचिलाती धूप में ग्रामीणों को पेयजल के लिए दुसरे मुहल्ले से पानी लाना पड़ रहा है। ग्रामीण फुलेंद्र राम, भरदुल राम, मामता कुमारी , आरती देवी, सोनम कुमारी ने बताया की चापानल पिछले छह महीने से खराब है। चापानल मरम्मत नहीं होने से हमलोग के टोला में पेयजल संकट उत्पन्न हो गई है। ग्रामीणों ने मुखिया और पीएचडी विभाग से उक्त चापानल मरम्मत कराने की गुहार लगाई है। इधर इस सम्बन्ध में मुखिया श्याम सुंदर बैठा ने कहा की पंचायत में खराब पड़े सभी चापानल की मरम्मती कार्य चल रहा है, उक्त चापानल की मरम्मत कराया जायेगा।

### प्लस टू उच्च विद्यालय के छात्रावास में चोरों ने गेट तोड़कर की चोरी



**धुरकी।** धुरकी प्रखंड सह अंचल मुख्यालय के बगल मे अवस्थित +2 उच्च विद्यालय के छात्रावास मे चोरों ने गेट तोड़कर चोरी की बहुत बड़ी घटना को अंजाम दिया है। चोरी की घटना का पता तब चला जब शनिवार को विद्यालय के प्रधानाचार्य छात्र-छात्राओ के नामांकन एडमिशन के लिए स्कुल पहुंचे थे। इस संबंध मे विद्यालय के प्रधानाचार्य दिनेश पाठक ने जानकारी देते हुए बताया की गत 21 मई को विद्यालय मे गर्मी छुट्टी होने से पहले उन्होने स्वयं विद्यालय के रखरखाव और ताला गेट इत्यादि के सुरक्षा के दृष्टिकोण से सुरक्षित बंद किया था। वहीं गत 21 मई गर्मी की छुट्टी समाप्त होने के बाद जब शनिवार को विद्यालय मे आए तब एडमिशन कराने आए छात्र-छात्राओ ने उन्हें बताया की छात्रावास मे पशु गाय बैल अंदर घुसे हैं। इसके बाद प्रधानाचार्य छात्रावास के गेट पर पहुंच तो उन्होने देखा की ग्रील मे बाहर से ताला जड़ा हुआ है, तब वह पीछे की गेट की तरफ पहुंचे तह वहां का मंजर देखकर प्रधानाचार्य के होश उड़ गए। उन्होने बताया की पिछे का गेट तोड़कर चोरों ने छात्रावास के अंदर घुसकर छात्रावास के रूम मे रखे डनलप का बेड, कुर्सी, इलेक्ट्रॉनिक वायरिंग का बिजली बोर्ड इत्यादि कबाड़कर चोरी कर लिया गया है। प्रधानाचार्य ने तुरंत लिखित आवेदन धुरकी थाने को दिया है, आपको बता दें छात्रावास मे चोरी की घटना यह कोइ पहलीबार नही हुई है, दस वर्ष पहले भी इसी छात्रावास मे चोरो ने चोरी की घटना को अंजाम देकर पानी का टंकी व कई कीमती सामान चोरी किए थे, हलांकि पुलिस ने दस वर्ष पहले की चोरी की घटना का उद्भेदन भी शीघ्र कर लिया था। इधर छात्रावास मे चोरी की घटना के बाद शिक्षक कर्मी परेशान हैं।

### विधिक शिविर सह चलंत अदालत न्याय आपके द्वार कार्यक्रम का किया गया आयोजन



**बड़गड़।** प्रखंड कार्यालय के सभागार में शनिवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वाधान में विधिक शिविर सह चलंत अदालत न्याय आपके द्वार कार्यक्रम के तहत एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में गढ़वा सिविल कोर्ट के वरिष्ठ वकील राजु कुमार त्रिपाठी, बलवीर चौधरी,कल्लिमुद्दीन अंसारी के द्वारा अपना अधिकार नियम कानून संबंधी कई बिंदुओं पर विस्तार रूप से जानकारी दी। जिसमें मानव तस्करी , एससी एसटी कानून, डायन बिसाही का मामला, पेयजल की समस्या, नशा उन्मूलन, अनाथ बच्चों को सरकारी सहायता, बुजुर्ग मां-बाप का भरण पोषण, समाज में गरीब निर्धन व्यक्ति के लिए निःशुल्क न्यायिक सहायता, गरीबी उन्मूलन, राशन व सरकारी योजना का लाभ मानसिक रूप से विक्षिप्त मानव तस्करी सड़क हादसा, साइबर अपराध, मजदूरों का समय से मजदुरी भुगतान का अधिकार सहित अन्य के संबंध में कानूनी जानकारी शामिल है। उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटना में मृतक के परिजनों द्वारा सड़क जाम करना कानूनी अपराध है। वहीं मृतक के परिजनों द्वारा थाना में प्राथमिकी दर्ज करने के बाद सिविल कोर्ट द्वारा मृतक के आश्रितों को मुआवजा दिया जाता है। शिविर में उपस्थित लोगों के बीच नियम कानून और उनके अधिकार को बताते हुए कहा कि कोई भी पीड़ित अगर किसी भी समस्या से जूझ रहा है या कोई गोपनीय सूचना लिखित या मौखिक रूप से देता है तो उसकी सूचना गुप्त रखते हुए मामले पर कार्रवाई की जाएगी । इस मौके पर उपरोक्त के अलावे प्रधान सहायक उपेंद्र कुमार, पंचायत सचिव विश्वनाथ राम, सुचीत उरांव,मंगल उरांव, आरीयल कच्छप, मनरेगा जेई उपेंद्र कुमार रवि, रोजगार सेवक विजय कच्छप सहित प्रखंड क्षेत्र ग्रामीण उपस्थित थे।

### कुमंडीह रेलवे स्टेशन पर ट्रेन हादसा में तीसरें मृतक की हुई पहचान



**केतार।** लातेहार जिला के कुमंडीह रेलवे स्टेशन पर ट्रेन हादसा में तीसरा मृतक की पहचान केतार थाना के दासीपुर गांव निवासी स्वर्गीय महेंद्र बैठा का पुत्र विकास कुमार बैठा (30)के रूप में हुआ है। घटना की जानकारी के बाद मृतक के परिजन शनिवार की सुबह ही लातेहार के लिए रवाना हो गये थे। परिजनों ने बताया की विकास दो माह बाद उड़ीसा के राउरकेला से मजदुरी कर घर लौट रहा था।

**जीएन कॉन्वेंट स्कूल में इन हाउस टीचर्स ट्रेनिंग प्रोग्राम का द्वितीय चरण संपन्न**

# सीखना और सीखना प्रशिक्षण का वास्तविक उद्देश्य है : सुषमा केशरी



**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**
शिक्षक के लिए अपने विद्यार्थियों को प्रभावित ढंग से जानना, समझना और उनका विश्लेषण करना महत्वपूर्ण है। स्थानीय जीएन कॉन्वेंट(10+2) स्कूल में सीबीएसई गाइडलाइन के आलोक में इन हाउस टीचर्स ट्रेनिंग प्रोग्राम का दूसरा चरण संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय के निदेशक मदन केशरी सचिव सुषमा केशरी तथा उपप्राचार्य बसंत ठाकुर द्वारा सम्मिलित रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। दूसरी ओर विद्या की देवी माता सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर तथा सरस्वती वंदना के साथ कार्यक्रम शुरूआत किया गया। अपने संबोधन में निदेशक ने कहा कि शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम एक ऐसा कार्यक्रम है जो शिक्षकों को ऐसी तकनीक और आधुनिक शिक्षा रणनीतियों से लैश करता है जो उन्हें अपने छात्रों से बेहतर तरीके से जुड़ने उन्हें प्रबंधित करने और उन्हें पढ़ाने में मदद करती है जिससे यह सुनिश्चित होता है कि सभी छात्र सीख रहे हैं और लाभान्वित हो रहे हैं। शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम जब सही तरीके से और सही विषय वस्तु के साथ संचालित किए जाते हैं तो उनमें शिक्षकों को इस हद तक प्रशिक्षित करने की शक्ति होती है कि वे न केवल शिक्षा के क्षेत्र में बल्कि इसके बाहर भी छात्रों पर सकारात्मक प्रभाव डालते हैं व यह प्रशिक्षण छात्रों के जीवन में भी अपना प्रभाव डालते हैं। शिक्षक और छात्र दोनों क्रमशः एक दूसरे के पूरक हैं जो सीखने और सिखाने की दिशा में निपुणता हासिल करते हैं और इसका प्रभाव सकारात्मक परिणाम वाला होता है। वर्तमान परिपेक्ष्य में शिक्षकों की प्रशिक्षित करना मुख्य रूप से इस तथ्य के कारण आवश्यक है कि वर्तमान पीढ़ी के छात्र पारंपरिक शिक्षण विधियों को नहीं समझते हैं। हम आज के छात्रों को कल के तरीकों से नहीं पढ़ा सकते हैं जबकि उन्हें योग्य बनाने के लिए आधुनिक शिक्षण प्रणाली होनी चाहिए वहीं विभिन्न प्रकार के सीखने की शैलियों को शिक्षक द्वारा छात्रों के दिनचर्या में लाकर उन्हें शिक्षा के प्रति प्रभावित करना है जब शिक्षक कौशल में वृद्धि करते हैं।

## चोरी के आरोप में नाबलिग को किया निरुद्ध, महिला गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता। खरौंधी(गढ़वा)**
खरौंधी बाजार में चोरी की घटना का पुलिस ने उद्भेदन कर दिया है। पुलिस ने शनिवार को चोरी की घटना में शामिल यूपी के कोन थाना अंतर्गत बागेसोती गांव के एक नाबालिग को पुलिस ने निरुद्ध कर लिया। उसके साथ ही एक महिला तारा देवी को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया।

थाना प्रभारी अनिमेष शांतिकारी ने बताया पुलिस ने खरौंधी बाजार में ताहिर कपड़ा दुकान में चोरी करने वाला बागेसोती से नाबालिक चोर मितलेश सिंह को पकड़ा है। उसने खरौंधी बाजार सहित कई जगहों से चोरी करने की बात स्वीकार की है। उसके भौजाई तारा देवी के पास से खरौंधी बाजार स्थित कपड़ा दुकान से चोरी जींस पेंट, शर्ट और पैसा बरामद किया है। मितलेश सिंह के पिता नहीं है। भौजाई तारा देवी ही मितलेश सिंह को चोरी के लिए प्रोत्साहन देती थी। उससे चोरी करवाती थी। चोरी नही करने पर घर से निकाल देने की धमकी देती थी। मितलेश सिंह चोरी कर सामान या पैसा जो लाता था उसे वह अपने पास रखती थी। दोनो की पकड़कर आज गढ़वा न्यायालय में उपस्थान हेतु भेज दिया गया है।



### बालू माफियाओं ने पुलिस पर किया हमला

**मेराल।** थाना पुलिस के संध्या गश्ती दल पर शुक्रवार के रात्रि में रेजो गांव के दुनूखाड़ टोला में बालू माफियाओं द्वारा पुलिस पर हमला किया गया। उक्त मामले में 7 नामजद सहित अज्ञात 30 से 40 महिला पुरुष पर थाने में प्राथमिकी दर्ज किया गया है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार एएसआई अखिलेश्वर प्रसाद सिंह पुलिस बल के साथ शुक्रवार के संध्या गश्ती दल के लिए निकले थे। इसी दौरान थाना क्षेत्र के हासनदाग गांव की ओर से गस्ती करते हुए जा रहे थे तब ये घटना को अनजाम दिया गया।

# सभी समुदाय के त्यौहारों को सम्मान देना हमारी जिम्मेवारी : थाना प्रभारी



**नवीन मेल संवाददाता। भंडरिया (गढ़वा)**
भंडरिया थाना परिसर में शनिवार को गंगा दशहरा एंवम मुस्लिम समुदायों का त्योहार बकरीद पर्व को लेकर थाना क्षेत्र के विभिन्न गांवों के गान्यमान्य समेत सभी समुदाय के साथ इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी चंदन कुमार सिंह की अध्यक्षता में शांति समिति का बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपस्थित समुदाय के लोगों ने अपना-अपना विचार रखते हुए एक स्वर में आपसी भाईचारे के साथ शांतिपूर्ण वातावरण मे त्योहार मनाने की बात कही। बैठक में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी चंदन कुमार ने कहा कि त्योहार चाहे हिंदू का हो या मुस्लिम, सिख, इसाई का सभी समुदायों का त्यौहार का सम्मान देना हमारी जिम्मेवारी है। अगर हम एक दूसरे के त्योहार का सम्मान करते रहेंगे तो आपसी भाईचारा बना रहेगा। त्योहार में शरारतीतत्वो द्वारा कई तरह का अफवाहों को फैलाकर माहौल खराब करने का काम किया जाता है। ऐसे लोगों को चिन्हित कर सावधान रहने की जरूरत है। लोगों से अनुरोध करते हुए श्री सिंह ने कहा कि ऐसी कोई भी जानकारी आपको मिले तो सबसे पहले प्रशासन को सूचित करें प्रशासन आपकी सेवा के लिए हमेशा तत्पर है।

### धुरकी थाना परिसर में बकरीद को लेकर शांति समिति की बैठक संपन्न

**धुरकी।** थाना परिसर में बकरीद पर्व को लेकर शनिवार को शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार ने की। बैठक में बकरीद पर्व को शांतिपूर्ण व धूमधाम तरीके से मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक में दोनो समुदाय के लोगों के अलावे जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। इस दौरान बैठक में मौजूद लोगों ने बारी बारी से अपनी बातों को रखा। थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार ने कहा कि विभिन्न मस्जिदों में नमाज के लिए जो भी समय तय किया गया है, उसी अनुसार बकरीद का नमाज अदा करें।

## भूमि विवाद को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट, कई घायल

**नवीन मेल संवाददाता। गढवा**
मझिआंव थाना क्षेत्र के सोनपुरवा गांव में भूमि विवाद को लेकर हुई मारपीट की घटना में दोनों पक्षों के चार लोग घायल हो गए। घायलों में एक पक्ष के बच्चू चौधरी उसका पुत्र अवधेश चौधरी एवं श्रवण चौधरी एवं दूसरे पक्ष के स्वर्गीय सरदार चौधरी का पुत्र विपिन चौधरी के नाम शामिल हैं सभी को इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती किया गया है। घटना के संबंध में बच्चू चौधरी ने आरोप लगाया है कि दूसरे पक्ष के पिता सरदार चौधरी से 9 डिसमिल जमीन की खरीदारी किया था। इसके बाद दूसरे पक्ष के लोग कुछ भूमि का हिस्सा को अपना बता रहा था। इसी बात को लेकर गांव के मुखिया बीडीसी जिला परिषद आदि को बुलाकर आपस में पंचायत किया गया इसके बाद पंचायत के द्वारा अमीन को बुलाकर उसे भूमि को सीमांकन किया गया। लेकिन दूसरे पक्ष के लोग उसे मानने से इनकार कर दिया। इसी बात को लेकर सरदार चौधरी के पुत्र ओमकार चौधरी राम पुकार चौधरी रजत चौधरी शुभ मंगल चौधरी विपिन चौधरी संदीप चौधरी लीला देवी वृंदा देवी आदि ने कुल्हाड़ी से मारपीट कर दिया। जबकि दूसरे पक्ष के विपिन चौधरी ने आरोप लगाया है कि 25 वर्ष पूर्व उसके पिता सरदार चौधरी ने 9 डिसमिल जमीन बच्चू चौधरी के हाथों बिक्री की थी। इसमें खतियाणी एवं गैरमजरूआ भूमि शामिल था लेकिन पिता के मरने के बाद उक्त लोगों द्वारा खतियाणी भूमि के साथ-साथ गैरमजरूआ भूमि भी हासिल करना चाह रहा था। इस बात को लेकर पंचायत बुलाकर दोनों पक्षों के सामने पंचनामा बनाकर सीमांकन किया गया था लेकिन प्रथम पक्ष के लोगों को चारदीवारी करने की बात नहीं कही गई थी इसके बावजूद भी प्रथम पक्ष के लोग उसमेंचार दिवारी कर रहे थे उसे मना करने गए।

# ग्रामीणों को खाद्यान्न देने में की जा रही है कटौती



**नवीन मेल संवाददाता। डंडई**
प्रखंड मुख्यालय स्थित डंडाई गांव के पीडीएस लाभुकों को किसी भी जन वितरण दुकान से बिन कटौती के खाद्यान्न नसीब नहीं हो पा रहा है। बे-रोकटेक के उनके द्वारा लाभुकों के खाद्यान्न में प्रति किलो 100 ग्राम की कटौती कर ली जा रही है । मामले में विभागीय पदाधिकारीयों की निष्क्रियता कही जाए या फिर दुकानदारों की मनबढ़ाई ।

बताया जाता है कि बैरिया दामर और डंडाई गांव के जन वितरण दुकानदार सफीक अंसारी के खिलाफ प्राथमिक दर्ज होने के बाद उनके सभी आवंटन को बेला झगड़ा गांव के डीलर महाजुद्दीन अंसारी के पास टैग कर दिया गया है। उन्ही के द्वारा शनिवार को लाभुकों के बीच खाद्यान्न का वितरण किया जा रहा था । इस बीच सभी लाभुकों को उनके द्वारा प्रति किलो 100 ग्राम की कटौती कर खाद्यान्न देना शुरू कर दिया गया । इस दौरान कितने लोग मामले को लेकर विरोध किये तो कितने मजबूरी के कारण 100 ग्राम कटौती करा उनसे खाद्यान्न लेना शुरू कर दिए। खाद्यान्न प्राप्त कर रहे लाभुकों ने बताया कि खाद्यान्न घोटाला करने के आरोप में पूर्व के डीलर सफीक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज होने के बाद हम लोगों के आवंटन को बेला झगड़ा गांव के जन वितरण दुकानदार महाजुद्दीन अंसारी के पास भेज दिया गया है ।

उन्ही के दुकान पर आज हम सभी खाद्यान्न लेने आए तो उनके द्वारा भी प्रति किलो 100 ग्राम कटौती कर हमलोगों को खाद्यान्न देना शुरू कर दिया गया । इस बीच खाद्यान्न कटौती पर हम लोग काफी विरोध भी किए लेकिन दुकानदार पर उसका कोई असर नहीं पड़ा । वहीं मजबूरन हम लोगों को उन्हीं के अनुसार का खाद्यान्न लेना मजबूरी हो गया । लाभुकों ने कहा कि मामले की जानकारी हम लोगों ने स्थानीय कई जनप्रतिनिधियों को भी दिया लेकिन किसी ने यहां पर आना मुनासिब नहीं समझा । लगता है कि उन लोगों के सांठ गांठ से ही हम लोगों कि खाद्यान्न में प्रति किलो 100 ग्राम की कटौती की जा रही है ।

वही लाभुकों ने बताया कि डंडाई गांव में एक दो नहीं बल्कि चार-चार जन वितरण दुकानदार हैं लेकिन हम सभी के आवंटन को उनके पास न भेज कर वहां से 3 किलोमीटर दूरी के गांव बैला झखड़ा में भेज दिया गया है । 44 डिग्री तापमान की इस तपिश गर्मी में हम लोगों को आज यहां खाद्यान्न लेने आना पड़ा है । इससे एक-दो दिन पहले भी कितने लाभुक हमही लोगों कर जैसे इसी गर्मी के बीच यहां से खाद्यान्न लेकर चले गए। उन्होंने कहा कि जिस वजन के साथ हमलोगों को डीलर सफीक के द्वारा डंडाई में खाद्यान्न दिया जा रहा था उसी वजन के अनुसार यहां भी प्रति किलो 100 ग्राम की कटौती कर हम लोगों को खाद्यान्न आज दिया गया।

## एक नजर

### नशा मुक्ति अभियान को लेकर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

**चतरा।** नशा मुक्ति अभियान को लेकर मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय चतरा में एक दिवसीय जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन शनिवार को किया गया। कार्यक्रम का उदघाटन सिविल सर्जन डॉ. जगदीश प्रसाद, जिला शिक्षा पदाधिकारी दिनेश मिश्र, जिला शिक्षा अधीक्षक अभिषेक बड़ाइक, एसडीपीओ संदीप सुमन, अंचल अधिकारी अनिल कुमार, डॉ. आशुतोष कुमार व नशा मुक्ति अभियान की जिला समन्वयक रश्मि दुबे ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रभारी अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी मनोज सिंह ने किया। इस दौरान कार्यशाला में सिविल सर्जन ने नशे की लत से मुक्ति दिलाने, नशे के बारे में गलत धारणाओं, नशा प्रयोग करने वाले व्यक्ति के लक्षणों से संबंधित विस्तृत जानकारी दी गई।

### बिजली चोरी में सात के विरुद्ध प्राथमिकी साथ ही लगा जुर्माना

**गिद्धौर(चतरा)।** विद्युत विभाग द्वारा शनिवार को गिद्धौर प्रखंड के बारिसाखी में छापेमारी अभियान चलाया गया। अभियान का नेतृत्व कनीय अभियंता तरुण कुमार कर रहे थे। इस क्रम में सात लोगों को विद्युत चोरी करते पकडा गया और 67041 रुपया का जुमार्ना लगाया गया। बताया गया कि उपरोक्त के पास पहले से 1 लाख 20 हजार 197 रुपया बिजली बिल बकाया था और कनेक्शन काट दिया गया था। परंतु सभी चोरी से विद्युत जला रहे थे। वैसे में उपरोक्त लोगों पर 67 हजार 41 रुपया जुमार्ना के साथ प्राथमिक दर्ज कराई गई है। प्राथमिकी धनेश्वर दांगी पांडेयमहुआ, मुकेश साव, चेतलाल राणा, चमारी राणा, उपेंद्र राणा, कामदेव राणा व इंद्रदेव यादव के विरुद्ध किया गया है। छापेमारी में विजय कुमार, विकास कुमार, मनीष कुमार, गोविंद कुमार, संतोष कुमार, महावीर दांगी, पंकज कुमार, रमेश तिर्की सहित अन्य विद्युत कर्मी शामिल थे।

### गर्भवती महिलाओं के बीच पपीता व नींबू पौधे का वितरण

**गिद्धौर(चतरा)।** सेंट्रल कोलफील्ड लिमिटेड के सहयोग से प्रवाह संस्थान के तत्वाधान में महिला उन्नयन योजना के तहत शनिवार को गिद्धौर प्रखंड के गर्भवती व धात्री महिलाओं के बीच पपीता व नींबू के पौधे का वितरण किया गया। इस बीच गर्भवती, धात्री व किशोरियों को आवश्यक पोषक तत्वों से भरपूर आहार के प्रति जागरूक किया गया। पौधे वितरण के साथ स्वास्थ्य शिविर आयोजित कर निःशुल्क दवाई उपलब्ध कराई गई। महिलाओं को अधिक से अधिक पौधारोपण करने के लिए प्रेरित भी किया गया। जबकि गर्भवती व धात्री माता से पौष्टिक आहार नियमित रूप से लेने का आह्वान किया गया।

## महुआडांड़ थाना में बीडीओ ने प्राथमिकी दर्ज कराई

# अबुआ आवास आवंटन में भ्रष्टाचार उजागर करने वालों पर ही एफआईआर

**संवाददाता। महुआडांड़**

प्रखंड में अबुआ आवास योजना आवंटन में हुए धांधली को उजागर करने वाली महिला समाजिक कार्यकर्ता अफसाना एवं प्रशांता किंडो, महुआडांड़ ग्राम प्रधान विकास उराँव, जल सहिया, कुंती देवी, महिला स्वयं सहायता समूह की सक्रिय सरस्वती देवी, और वार्ड सदस्यगण दोलोरोसा मिंज, रीना देवी, अनूप कुमार एवं उप मुखिया चंद्रमणि देवी पर बीडीओ द्वारा महुआडांड़ थाना में दंड प्रक्रिया संहिता धारा 41 की उप धारा-01 द्वारा महुआडांड थाना में कांड संख्या 28/24 के तहत धारा 419/420/34 प्रथामिक दर्ज कराया गया है।




### प्रखंड विकास पदाधिकारी ने कहा

इस संबंध में प्रखंड विकास पदाधिकारी अमरेन डांग ने कहा इन लोगों का फर्जी समिति है, ऐसे समिति बनाकर इस तर से हुड़दंग मचाना न्याय संगत प्रतीत नहीं होता है. मैने जलसहियाओं को बुलाकर इस बारे में पूछा तो उन्होने बताया कि उनका कोई समिति नहीं है, अब वो जो भी जवाब दे न्यायालय में जाकर दे, न्यायालय द्वारा मुझसे जब पूछा जाएगा अपना रिपोर्ट जमा करूंगा। 13 अबुआ आवास के मामले जो सामने आए उनमें जांच एवं करवाई की जा रही है, जिसमें एक लाभुक संगीता देवी के द्वारा पहली किस्त का 30 हजार रू सरकार को हैंडोवर किया गया है।

### क्या था मामला

**महुआडांड़ के पंचायत सचिव योगेन्द्र प्रसाद, प्रधानमंत्री आवास के स्वयंसेवक गौतम कुमार ने अबुआ आवास आवंटन में नियमों की अनदेखी कर कुछ संपन्न परिवारों को आवास आवंटित कर दिया। पंचायत महुआडांड़ में अबुआ आवास योजना आवंटन में नियमों की अनदेखी कर कुछ संपन्न, नौकरी पेशा परिवार को अबुआ आवास आर्वटित कर दिया गया। महिला सामाजिक कार्यकर्त्ता अफसाना द्वारा जब जन सूचनाधिकार से पंचायत के अबुआ आवास का दस्तावेज लेकर सत्यापन के लिए ग्राम सभा करके आठ सदस्यीय समिति गठन कि गई, जिसमें प्रशांता किण्डों, जल साहिया कुंती देवी, महिला स्वयं सहायता समूह की सक्रिय दीदी सरस्वती देवी, वार्ड सदस्यगण दोलोरोसा मिंज, रीना देवी, अनूप कुमार, महुआडाड़ उप मुखिया चंद्रमणि देवी ने मिलकर स्थलीय सत्यापन किया, जिसमें कई चौंकाने वाले तथ्य उजागर हुए।**

## दुर्घटना से लातेहार में सनसनी, मातम का माहौल

# अनियंत्रित बोलेरो घर में घुसा एक मौत, तीन घायल

**संवाददाता। लातेहार**

सासाराम रांची इंटरसिटी एक्सप्रेस में हुए दर्दनाक हादसा का मामला अभी ठंडा भी नहीं हुआ की बीती रात्रि सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत कोने ग्राम में एक और दर्दनाक घटना हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम कोने निवासी राजदेव लोहरा अपने परिवार के साथ घर में शो रहे थे कि अचानक अनियंत्रित होकर बोलेरो गाड़ी नंबर CG-15DP-5743 ने करीब 2 बजे रात्रि में घर को तोड़ते हुए घुस गई जिससे घर पुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है। वही पर घर पर सो रहे राजदेव लोहरा उम्र करीब 45 वर्ष की मौके पर ही मौत हो गई। जबकी तीन गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलों को ग्रामीणों की मदद से लातेहार सदर अस्पताल लाया गया जहां डॉक्टर के द्वारा मृतक राजदेव लोहरा के पत्नी सकुंती देवी करीब 37 वर्ष, पुत्री आरती कुमारी 18 वर्ष, एवं करमी देवी करीब 45 वर्ष की स्थिति को नाजुक देखते हुए बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया गया है। वहीं कुदनी देवी उम्र करीब 47 वर्ष का इलाज लातेहार के सदर अस्पताल में चल रहा है।इधर हुए इस घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने लातेहार रेलवे स्टेशन स्थित नौरंग चौक को जाम कर दिया है जिससे कि आवागमन पूरी तरह रुक गई है। सुचना पाते ही लातेहार सदर थाना प्रभारी प्रमोद कुमार सिन्हां मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों को समझा बूझाकर जाम हटाया। वही मौके पर मौजूद पूर्व मुखिया जुलेश्वर लोहरा ने जिला प्रशासन से मुआवजे कि मांग किया है।



### तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर गड्ढे में गिरी, चार घायल

**लातेहार।** मनिका एनएच–75 पर थाना क्षेत्र के डिग्री कॉलेज के समीप शनिवार की सुबह लगभग 8:00 बजे सड़क दुर्घटना में चार लोग घायल हो गये। घटना के संबंध मे मिली जानकारी के अनुसार एक कार पर सवार चार लोग लोहरदगा से बरवाडीह प्लस टू उच्च विद्यालय में योगदान देने जा रहे थे इसी दौरान डिग्री कॉलेज के समीप कार चालक का नियंत्रण खराब हो गया। कार मे सवार सभी चार लोग घायल हो गये जिसमे हर्ष कुमार मित्तल (22), अंजली कुमारी (30), ओमप्रकाश सिंह (42) तथा अजीत कुमार सिंह (45) शामिल है। घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से सभी को 108 एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। यहा सभी का प्राथमिक इलाज कर बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल लातेहार रेफर कर दिया गया।

### घर के आंगन में सो रहे बुजुर्ग पर चाकू से हमला

**चंदवा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत शहर से सटे कुसुमटोली में शुक्रवार की मध्यरात्रि एक बुजुर्ग पर चाकू से हमले का मामला प्रकाश में आया है। इस संबंध में कुसुमटोली निवासी शिवलाल उरांव ने चंदवा थाना में आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। आवेदन में शिवलाल ने बताया है कि शुक्रवार की रात वह अपने घर के आंगन में सोया हुआ था। रात्रि करीब एक बजे गुरीटांड़ निवासी रमेश उरांव उर्फ मदरू के द्वारा चाकू से मेरे गर्दन पर जानलेवा हमला कर दिया। मैने किसी तरह उसका हाथ पकड़ा और शोर मचाने लगा इतने में मेरा छोटा लड़का भागकर मेरे पास पहुंचा तब तक रमेश भाग चुका था। जिसके बाद हमलोगों ने 100 नंबर डायल कर इस घटना की जानकारी पुलिस को दी। इस बाबत शिवलाल ने चंदवा थाना प्रभारी के नाम आवेदन देकर अपने जान माल की रक्षा की गुहार लगाई है। बताते चले कि बीते 11 जून को भी देवी मंडप मोहल्ले में छत पर सो रही एक युवती पर भी चाकू से गर्दन पर जानलेवा हमला हुआ था।

# बेतला नेशनल पार्क की घेराबंदी से ग्रामीण नाराज, घेरा कार्यालय




**संवाददाता। बरवाडीह**

शनिवार को मूरू, कुचिला, उकामड़, केड़, गाड़ी के सैंकड़ों की संख्या में ग्रामीणों ने संयुक्त ग्राम सभा के बैनर जिला परिषद सदस्य कन्हाई सिंह के नेतृत्व में बेतला रेंज कार्यलय का घेराव कर नेशनल पार्क के घेराबंदी को अविलंब बंद करने की मांग की। मौके पर कन्हाई सिंह ने कहा कि वन विभाग द्वारा नेशनल पार्क की घेराबंदी ग्राम सभा पर हमला है। वन विभाग गैर कानूनी कार्य कर रहा है। वन अधिकार कानून में यह स्पष्ट लिखा है कि ग्राम की वन भूमि एवम सामुदायिक वन संसाधन के अन्तर्गत राष्ट्रीय उद्यान भी आते हैं। नेशनल पार्क की घेराबंदी कर ग्रामीणों को उनकी वन भूमि से बेदखल किया जा रहा है। कन्हाई सिंह ने कहा कि अगर एक सप्ताह में बेतला नेशनल पार्क की घेराबंदी बंद नहीं हुई तो रेंज कार्यालय को कर दिया जाएगा ठप्प। मौके पर मुरू ग्राम प्रधान रामवृक्ष सिंह एवम गाड़ी ग्राम प्रधान मदेश्वरी सिंह ने कहा कि ग्राम गाड़ी, मुरू सहित अन्य गांव ने वन अधिकार कानून के तहत सामुदायिक वन पट्टा का दावा किया है। ऐसे में वन विभाग द्वारा ग्राम सभा की सहमति के बिना बेतला नेशनल पार्क कीघेराबंदी करना कानून का सरासर उल्लंघन है।

## नक्सलियों के खौफ में जीने वाले किसान बन रहे खुशहाल

# आधुनिक खेती से लातेहार के किसान कर रहे दोगुनी कमाई

**संवाददाता। लातेहार**

झारखंड का लातेहार जिला नक्सलियों के खौफ के नाम से जाना जाता था। लेकिन, अब यहां की तस्वीर और तकदीर दोनों ही बदल रही है। यहां के लोग अब परंपरागत खेती छोड़ आधुनिक खेती की ओर ध्यान दे रहे हैं और अपनी आय को दोगुनी करने में लगे हैं। इसी कड़ी में लातेहार प्रखंड में सरकार की मदद से जालिम खुर्द में पांच एकड़ में आधुनिक खेती के जरिए इंटरक्रॉपिंग के माध्यम से खेती की जा रही है। जिसमें ड्रैगन फ्रूट, मक्का, बीट, बैगन, मछली पालन, मुर्गी पालन, गाय पालन, बकरी पालन का काम किया जा रहा है। किसानों ने बताया कि वाटर शेड के तहत ये सारी योजनाएं मिली हैं। हम लोग बहु-वर्षीय फसल कर रहे हैं, जिसमें ड्रैगन फ्रूट, स्ट्रॉबेरी भिंडी, मूंग, मक्का, ओल, अदरक, मिर्च की खेती की है। हम लोगों की आय में वृद्धि हुई है। सरकारी एजेंसी की ओर से भूमि संरक्षण द्वारा एक टेक्निकल एक्सपर्ट भी दिया गया है। टेक्निकल एक्सपर्ट की देखरेख में यह सारा खेती का कार्य किया जा रहा है। एग्रीकल्चर एक्सपर्ट जितेंद्र कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि कृषि विभाग और भूमि संरक्षण विभाग द्वारा इन्हें सारा सामान उपलब्ध कराया गया है। अभी के समय में मिश्रित खेती ये लोग कर रहे हैं और अपनी आय में वृद्धि कर रहे हैं। लातेहार भूमि संरक्षण पदाधिकारी विवेक मिश्रा ने कहा कि यहां आधुनिक खेती को प्रोत्साहित किया जा रहा है। इंटरक्रॉपिंग के माध्यम से यहां ड्रैगन फ्रूट लगाया गया है जो दो साल में फल देने लगेगा। ड्रैगन फ्रूट के बीच में मक्के की खेती की जा रही है, इसका मकसद है कि जो जगह बच गई है, उसका ज्यादा से ज्यादा उपयोग किया जा सके ताकि किसानों को ज्यादा लाभ मिले।



## दुःसाहस

## अवैध बालू भंडारण करने से रोकना वन समिति के सचिव पड़ा महंगा

# बालू माफियाओं ने वन समिति सचिव को पीटा

**संवाददाता। बारियातू**

थाना क्षेत्र के गोनिया पंचायत अंतर्गत बालू माफियाओं ने गड़गोमा के पास मंजुरिया मे ट्रेक्टर से अवैध बालू भंडारण कर रहे थे. बालू भंडारण करने के लिए वन सचिव द्वारिका यादव ने रोका तो प्रभारी फारेस्टर दिलीप उरांव के सामने ही उसकी पिटाई कर दी. जानकारी देते हुए भुक्तभोगी द्वारिका यादव पिता स्व नेमा यादव ने बताया की 10 जून से बालू उठाव मे रोक लगा दी गई है. मै गांव के वन समिति सचिव और वाचर हूँ. गांव के मंजुरिया के पास बुधवार 12 जून से लगातार लगभग 20 ट्रेक्टर अवैध बालू का भंडारण किया जा रहा था. जिसका हम विरोध किए. बालू भंडारण करने वाले माफिया सूरज सिंह ने दबंगई दिखाते हुए हाथापाई करने लगे. साथ ही कहने लगे की हम कई साल से बालू करोबार कर रहे हैं. बालू ढोते ट्रेक्टर पकड़ाता है तो दरोगा खुद मेरा घर आकर चाभी देकर जाता है. तुम्हारा औकात क्या है. गड़गोमा नदी से बालू भंडारण कर रहे रमेश सिंह, उमेश राणा व संतोष राणा बालू गिराकर चले गए. बालू भंडारण किए जाने के सम्बन्ध मे वनरक्षी दिलीप उरांव ने कहा की प्रत्येक दिन की तरह हम गस्ती मे आए थे. गस्ती के दौरान साथ मे (वाचर) वन समिति सचिव द्वारिका यादव की हाथपाई मार पीट की गई है. अवैध बालू भंडारण करने वाले ट्रेक्टर किसका है इसकी पहचान कर ली गई है. आगे उन्होंने ने कहा की अवैध बालू भंडारण करने से सम्बंधित अंचलाधिकारी व थाना को सूचित कर नियम संगत कार्रवाई की जाएगी।



### हाईवा के धक्के से तोरण द्वार हुआ पूरी तरह क्षतिग्रस्त

**हंटरगंज(चतरा)।** जिले के हंटरगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत गेंजना मोड़ पर बने तोरण द्वार में बीते देर शाम अनियंत्रित हाईवा जेएच 13 डी 8586 ने टक्कर मार कर पुरी तरह क्षतिग्रस्त कर कर दिया। जबकी चालक मौके से फरार हो गया। वहीं तोरण द्वार के समीप चापाकल पर पानी पी रहे पाण्डेयपुरा निवासी सूरज प्रसाद का 14 वर्षीय पुत्र रौसन कुमार क्षतिग्रस्त तोरण द्वार के दीवार के निचे दब कर गंभीर रुप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से काफी मशक्कत के बाद उसे बाहर निकाला गया और आनन फानन में इलाज के लिए हंटरगंज स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया। जहां से प्राथमिक उपचार कर उसे बेहतर इलाज के लिए मगध मेडिकल कॉलेज गया रेफर कर दिया गया।

## न्यूज बॉक्स

### क्षेत्रीय उपनिदेशक ने लातेहार में अटल क्लीनिक का किया निरीक्षण




**लातेहार।** पलामू प्रमंडल के स्वास्थ्य विभाग के क्षेत्रीय उपनिदेशक एस. के श्रीवास्तव ने शनिवार को शहर के वार्ड नंबर 2 स्थित अटल क्लीनिक का निरीक्षण किया। मौके पर उन्होंने बताया कि हर महीने के तीसरे शनिवार को अटल क्लीनिक में बुजुर्ग दिवस माया जाना है। जहां क्षेत्र के बुजुर्गों का नियमित जांच होना चाहिए। कहां की कम्युनिकेबल और नॉनकम्युनिकेबल डिसीज के अलावा डायबिटीज शुगर बीपी हीमोग्लोबिन और मलेरिया जांच भी बुजुर्गों का इस दौरान किया जाना है। साथ ही उन्होंने दावा का स्टॉक की जांच भी की। वहीं क्लीनिक में मौजूद स्वास्थ्य कर्मियों को नियमित दवा उपलब्ध कराने समेत कई आवश्यक दिशा निर्देश दिया। मौके पर स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे।

### चंदवा थाना में शांति समिति की बैठक संपन्न

### आपसी सौहार्द से मनाएं बकरीद : एसडीपीओ



**चंदवा।** थाना परिसर में शनिवार को शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अंचलाधिकारी जय शंकर पाठक ने की वंही बैठक का संचालन प्रभारी थाना प्रभारी शशि कुमार कर रहे थे। शांती समिति की बैठक में लातेहार एसडीपीओ अरविंद कुमार मुख्य रूप से मौजूद रहे। बैठक में उपस्थित सभी समुदाय के लोगों ने बारी बारी से अपने विचार रखे। लोगों ने कहा कि चंदवा प्रखंड आपसी भाईचारे के लिए जाना जाता है। यहां सभी समुदाय के लोग प्रेम व भाईचारे के साथ मिलजुलकर रहते आ रहे हैं और आगे भी मिलजुलकर ही रहेंगे। समाजसेवियों ने त्योहार के दौरान शोशल मीडिया और शराब बेचने व पीने वालों पर विशेष नजर रखने का आग्रह किया जिसपर अधिकारियों ने कहा कि आगामी त्योहारो के सफल संचालन हेतु चंदवा पुलिस आपके साथ हमेशा खड़ी है।

### बकरीद पर्व को लेकर हेरहंज थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित



**लातेहार।** हेरहंज थाना परिसर में बकरीद पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक की गई। जिसकी अध्यक्षता थाना प्रभारी विक्रम कुमार ने किया। बैठक में थाना प्रभारी श्री कुमार ने कहा कि बकरीद पर्व को शांति व सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाएं। आपस में दोनों समुदाय एक दुसरे के पर्व में सहयोग करें। अगर कोई व्यक्ति किसी तरह के त्योहार में आपसी मतभेद करना चाहता है तो उसे गुप्त तरीके से सूचना करें चिन्हित कर जांचोरांत कारवाई की जाएगी। विजय उरांव उप-प्रमुख ने कहा कि किसी का त्योहार हो आपसी अंतर विरोध करने का प्रयास न करें।त्योहार को आपसी भाईचारे तरीके से मनाएं। प्रीति कुजूर मुखिया(हेरहंज) ने कहा कि कोई भी त्योहार हो चाहें मुस्लिम का हो या फिर हिन्दू का हो आपसी भाईचारे के साथ मनाएं। यही मैं कामना करती हूं। साथ ही बकरीद पर्व की अग्रिम बधाई भी दी।

### 9वीं पुण्यतिथि पर याद किए गए स्व लादू बाबू



**चंदवा।** प्रखंड के प्रसिद्ध समाजसेवी रहे स्व. प्रह्लाद प्रसाद साहू उर्फ लादू बाबू की 9वीं पुण्यतिथि शनिवार को सादगी पूर्ण तरीके से मनायी गयी। स्थानीय मिशन स्कूल के समीप प्रह्लाद बैंक्वेट में शोक सभा आयोजित कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। सर्वप्रथम स्व. साहू की धर्मपत्नी अनीता देवी व पुत्र विकाश कुमार ने उनके चित्र के समक्ष माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया व उनके बताए पद चिन्हों पर चलने का संकल्प लिया। तत्पश्चात चंदवा के प्रबुद्धजनों ने उनके चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया व श्रद्धा सुमन अर्पित किया। इस मौके पर वक्ताओं ने कहा कि स्व. प्रहलाद प्रसाद उर्फ लादू बाबू समाज के सच्चे सिपाही थे। जब तक जीवित रहे समाज के सभी वर्ग के लोगों को न्याय दिलाने का प्रयास किया है। उनके जाने से समाज को बड़ी क्षति पहुंची है। बता दें कि 15 जून 2015 को निर्मम तरीके से उनकी हत्या कर दी गई थी।

### पंसस के बैठक में स्वास्थ्य केंद्र में समुचित सुविधा बहाल करने का प्रस्ताव पारित



**गिद्धौर(चतरा)।** गिद्धौर प्रखंड कार्यालय सभागार में शनिवार को पंचायत समिति की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता प्रमुख अनीता यादव व संचालन प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल देव ने किया। बैठक में मनरेगा, कृषि, कल्याण, शिक्षा, पेयजल एवं स्वच्छता, जेएसएलपीएस, वन विभाग आदि विभागों की समीक्षा की गई। साथ ही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में समुचित सुविधा बहाल करने का प्रस्ताव पारित किया गया। स्वास्थ्य विभाग से संबंधित सभी योजनाओं का संचालन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से करने की भी मांग की गई। साथ ही बिजली विभाग का कार्यालय स्थाई तौर पर गिद्धौर में स्थापित करने की भी मांग की गई। बैठक में थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता, उप प्रमुख प्रीतम यादव, बीपीओ रामकुमार सिंह, पंचायती राज्य पदाधिकारी दिगंबर पांडेय, डॉ. अमृता अनुप्रिया, डॉ. अंजली कुमारी भगत, वनपाल रूपलाल यादव, महादेव दांगी, एई मनोज कुमार सहित अिन्य उपस्थित थे।

### नवनिर्वाचित सांसद कालीचरण सिंह का हुआ अभिनंदन



**चतरा।** शनिवार को चतरा लोकसभा के नवनिर्वाचित सांसद कालीचरण सिंह का शहर अंतर्गत गंदौरी मंदिर के समीप सामुदायिक जिम परिसर में जिला ताइक्वांडो संघ, क्रीड़ा भारती चतरा इकाई एव पतंजलि योग समिति व अन्य खेल संघ के द्वारा संयुक्त रुप से समारोह आयोजित कर अभिनंदन सह स्वागत किया गया। समारोह में जिला के कई गण्यमान्य लोगों के साथ खेल संगठन पदाधिकारी व खेल प्रेमियों ने अहम भूमिका निभाये। समारोह का संचालन चतरा जिला ताइक्वांडो संघ के सचिव विकास कुमार केशरी ने करते हुए कहा की हमारे लोकप्रिय सांसद श्री सिंह से चतरा के लोगों को काफी उम्मीदें हैं। आगे कहा कि बाहरी के लोकसभा से सांसद बनने के कलंक को धोने वाले हमारे सांसद काली चरण सिंह चतरा के लिए एक नया इतिहास लिखना प्रारंभ कर दिए हैं। जिला के लोगो को कई अनूठे विकास देखने को भी मिलेंगे। वहीं सांसद श्री सिंह ने कहा मुझे पीड़ा उन लोगों से है जिसने मुझे भूमिहार बना दिया, हिंदू बना दिया, तो किसी ने भाजपाई बना दिया।

## एक नजर

### 46 लाभुकों के बीच खरीफ फसलों के बीज का वितरण

**गुमला।** गुमला जिला अंतर्गत स्थित डुमरी थाना परिसर में बकरीद पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक संपन्न हुई अध्यक्षता थाना प्रभारी लिखन हेंब्रम ने की बैठक में प्रभारी द्वारा मुस्लिम समुदाय के लोगों से पर्व मनाने की तैयारी,नमाज अदा करने का समय सारणी सहित पर्व से संबंधित जानकारी लिया गया। जहां जामा मस्जिद बेलटोली में सुबह साथ बजे नमाज अदा की जाएगी थाना प्रभारी ने बकरीद पर्व भाईचारगी के साथ सौहार्दपूर्ण ढंग से मनाने को कहा गया मौके पर एसआई मनोज कुमार, आनंदी साव, विजय सिंह सुंडी, सुनील बावरी,अनिल ताम्रकार, सब्जिलाल साहू, हैदर अली, जून उरांव, जहूर अली, अलाउद्दीन, सामिउल्लाह खान, एजाज रागिब, गुफरान, जमील सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

### कार्तिक उरांव पुस्तकालय संचालन समिति की बैठक

**गुमला।** गुमला जिला अंतर्गत भरनो प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित कार्तिक उरांव पुस्तकालय भवन में शनिवार को कार्तिक उरांव पुस्तकालय संचालन समिति की बैठक। अध्यक्ष किशोर साहू की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। जिसमें बीडीओ अरुण कुमार सिंह, सीओ अविनाश कुजूर और प्रमुख पारस नाथ उरांव मुख्य रूप में उपस्थित हुए और उक्त पुस्तकालय को संचालित करने तथा पुस्तकालय स्थापना के उद्देश्य और उसके लक्ष्य के बारे में जानकारी दी गई। बीडीओ और सीओ ने संयुक्त रूप से पुस्तकालय संचालन समिति के पदाधिकारियों व सदस्यों से उक्त पुस्तकालय में छात्र-छात्राओं की नामांकन, उपस्थिति, आय व्यय आदि के बारे में विस्तृत जानकारी ली।

### कुआं सफाई में दम घुटने से युवक को बचाने गया दूसरा युवक बेहोश

**चैनपुर।** चैनपुर मुख्यालय के कुरूमगढ़ रोड स्थित एक नीजी कुएं की सफाई करने उतरे युवक को बचाने के क्रम में कुएं के अंदर दम घुटने से चैनपुर निवासी विनय टोप्पो पिता भिन्सेन्ट टोप्पो बेहोश हो गया घटना के संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार चांदसी दवाखाना के लगभग 25 फीट के नीजी कुएं की सफाई के लिए एक मजदूर अशोक लकड़ा कुएं में उतर कर सफाई कर रहा था। तभी उसका दम घुटने लगा जिसे देख विनय टोप्पो उसे बचाने के लिए कुएं में उतरा और उसका भी दम घुटने लगा अशोक तो किसी तरह बाहर आ गया लेकिन विनय टोप्पो कुएं के अंदर ही बेहोश हो गया जिसके बाद मालिक द्वारा आसपास के लोगों को सूचना दी गई।

### नींद में छत से गिरा युवक, मौत

**गुमला।** गुमला जिला अंतर्गत स्थित पालकोट थाना के कुरुमढोलशेरा ग्राम निवासी 39 वर्षीय माहीनाथ सिंह अपने घर के छत पर सोया हुआ था और गहरे निंद में होने के कारण उक्त व्यक्ति छत से नीचे गीर गाय और घटनास्थल पर ही हुई दर्दनाक मौत। जिसकी जानकारी देर रात्रि में पड़ोसियों द्वारा दी गई। आनन-फानन में परिजनों ने उसे इलाज के लिये पालकोट उप स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। जहां स्वास्थ्यकर्मियों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### अज्ञात वाहन बिजली पोल से टकराया बाल-बाल बचे राहगीर

**गुमला।** गुमला जिला मुख्यालय स्थित नगर भवन के मोड़ के समक्ष एक अज्ञात वाहन ने बिजली पॉल खूंटा को जोरदार टक्कर मारकर और बिजली पॉल खूंटा को तोड़कर भागने में सफल रहा। उक्त घटना से कई राहगीर बाल बाल बचे। बाद में उक्त घटना की सूचना बिजली विभाग को दी गई।

---

### बकरीद पर्व को लेकर जिलास्तरीय शांति समिति की हुई बैठक, बोले डीडीसी

# किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं

*कुर्बानी का कार्यक्रम सार्वजनिक स्थल पर नहीं होना चाहिए : एसपी*



**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** जिला परिषद कार्यालय स्थित सभाकक्ष में बकरीद को लेकर शांति समिति कि बैठक हुई। बैठक में पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमां ने कहा कि बकरीद का त्यौहार सदियों से मनाया जा रहा है। लोग इस त्यौहार में छिपा मूल उद्देश्य जो कि कुबार्नी है, उसे भूलते जा रहे हैं। इसकी मूल भावना को लोगों को बताये जाने की आवश्यकता है। इस त्यौहार को इस तरह मनायें कि किसी की भी भावना को ठेस ना पहुंचे।

पुलिस अधीक्षक ने कहा कि कुबार्नी का कार्यक्रम किसी भी परिस्थिति में सार्वजनिक स्थल पर नहीं होना चाहिए। इसे लोग अपने घर के परिसर में ही करें। साथ ही जो भी अपशिष्ट बचता है उसका निपटान अच्छी तरह होना चाहिए। नगर परिषद इस दिशा में बेहतर व्यवस्था करे। शहर में पानी और बिजली की व्यवस्था नियमित रूप से मिलती रहे। सभी थाना प्रभारी अपने-अपने क्षेत्र में सतर्क रहें, किसी भी प्रकार से शांति-व्यवस्था भंग नहीं होनी चाहिए।

उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने कहा कि सभी प्रतिनियुक्त दण्डाधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में प्रतिनियुक्त और सतर्क रहेंगे। कुबार्नी का अवशेष सही तरीके से हटवा देंगे। विधि-व्यवस्था बनाये रखने में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बकरीद का त्यौहार में शांति व्यवस्था बनाये रखने में सभी का योगदान जरूरी है।बैठक में अपर समाहर्ता जीतेंद्र मुण्डा, एसडीओ अमित कुमार, एसडीपीओ श्रद्धा केरकेट्टा समेत सभी जिला स्तरीय पदाधिकारी, सभी प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी, सभी थाना प्रभारी, सभी कार्यपालक दण्डाधिकारी समेत शांति समिति के सदस्यगण उपस्थित थे।

#### सभी निर्माणाधीन कुओं की कराई गई है जांच

उप विकास आयुक्त ने शांति समिति के सदस्यों द्वारा सेन्हा में कुआं धंसने की घटना पर सवाल उठाये जाने के मामले पर कहा कि उक्त घटना के बाद सभी प्रखंडों में निर्माणाधीन कुओं की जांच करायी गई जिसमें दुर्घटना की संभावना वाले कुओं का निर्माण कार्य रूकवा दिया गया है। कुआं निर्माण से संबंधित मैटैरियल की आपूर्ति की जा रही है। अगर किन्हीं को इस संबंध में कोई सूचना मिलती है तो तुरंत बतायें, कार्रवाई होगी।

## मनरेगा योजनाओं का भौतिक निरीक्षण अवश्य करें : डीडीसी

**लोहरदगा।** मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन द्वारा विभिन्न विभागों को दिये गये निदेशों की ब्रीफिंग शनिवार को उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत द्वारा जिला परिषद कार्यालय स्थित सभाकक्ष में पदाधिकारियों के बीच की गई। बैठक में ग्रामीण विकास अंतर्गत वीर शहीद पोटो हो खेल विकास योजना अंतर्गत एक सप्ताह में भूमि चिन्हित करने का निर्देश सभी अंचलाधिकारियों को दिया गया। बिरसा सिंचाई कूप अंतर्गत जिन लाभुकों का भुगतान लंबित है उनका भुगतान किये जाने का निदेश दिया गया। मनरेगा अंतर्गत प्रत्येक गांव औसतन पांच योजनाएं संचालित किये जाने का निर्देश दिया गया। मनरेगा योजनाओं का भौतिक निरीक्षण अवश्य करें। योजना की समीक्षा अवश्य करें। जेएसएलपीएस को फर्स्ट क्रेडिट लिंकेज के बाद दूसरी व तीसरी लिंकेज भी समय से किये जाने व एसएचजी की मॉनिटरिंग किये जाने का निदेश दिया गया। प्रधानमंत्री आवास योजना में किस्को और सेन्हा प्रखंड में आवास की पूर्णता में कमी पर रोष व्यक्त किया गया और योजना की पूर्णता में तेजी लाये जाने का निदेश दिया गया। बिरसा हरित ग्राम योजना में बागवानी योजना में मिट्टी की जांच के बाद ही चयन किये जाने का निदेश दिया गया। इसके बारे लाभुक को बेहतर तरीके से अवगत कराने का निदेश दिया गया। पंचायती राज विभाग अंतर्गत सभी पंचायत सचिवालय में इंटरनेट, प्रज्ञा केंद्र की सुविधा मुहैया कराने का निदेश दिया गया। कल्याण विभाग अंतर्गत आवासीय विद्यालयो के जीर्णोद्वार का कार्य पूर्ण करने का निदेश दिया गया। इसी प्रकार समाज कल्याण विभाग को पूर्ण हो चुके आंगनबाड़ी केंद्रों का हैण्डओवर लिये जाने का निदेश दिया गया। कृषि विभाग को मुख्यमंत्री कृषि ऋण माफी योजना अंतर्गत ई-केवाईसी का कार्य पूर्ण करने का निदेश दिया गया।

### आजसू जिला कमेटी की बैठक, विस चुनाव को लेकर हुई चर्चा

## सभी कार्यकर्ता पार्टी के पावर हाउस हैं : नीरू शांति



**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** आजसू पार्टी जिला कार्यालय में आजसू जिला कमेटी की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश भारती ने की। बैठक में लोकसभा चुनाव परिणाम की समीक्षा की गई। वर्ष 2024 के अंत में होने वाली झारखंड विधानसभा चुनाव की तैयारी पर विशेष रूप से चर्चा की गई। मौके पर आजसू नेत्री नीरू शांति भगत ने कहा कि आप सभी कार्यकर्ता पार्टी के पावर हाउस हैं। आप ही के बलबूते आजसू आने वाले विधानसभा में जीत कर विकास की रोशनी गांव- गांव और घर-घर पहुंचाने का काम करेगी। इसके लिए आप अभी से तैयारी प्रारंभ कर दें। जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश भारती ने संगठनात्मक बिंदुओं पर विशेष रूप से चर्चा करते हुए कहा कि हमारा संगठन चूल्हा से लेकर जिला तक कैसे मजबूत हो इसके लिए युद्ध स्तर पर काम किया जा रहा है और इसका सुखद परिणाम सामने आएगा। जिला प्रवक्ता रामचंद्र गिरि ने उपस्थित कार्यकर्ताओं को उत्साहित करते हुए कहा कि निश्चित रूप से आने वाला समय लोहरदगा ही नहीं पूरे झारखंड में आजसू का होगा और यह आप जैसे निष्ठावान एवं समर्पित कार्यकर्ताओं के बल पर ही संभव है। मौके पर जिला उपाध्यक्ष विपिन सिंह, मुन्ना अग्रवाल, साजिद कलाल, लाल पंचम नाथ शाहदेव, राजेंद्र लोहरा, शाहिद अंसारी, विजय भगत, सरस्वती देवी, विजय कुमार, कलीम खान, परमेश्वर महतो, परमेश्वर भगत, आकाश यादव , हरि उरांव, आनंदराम, बबलू महतो, राजन मेहता, आयुष कुमार, हेमंती देवी समेत अन्य मौजूद थे।

## कांग्रेस पार्टी से गद्दारी करने वाले नेताओं व कार्यकर्ताओं को निकालें : नेसार अहमद

*पार्टी विरोधी कार्य करने वाले कांग्रेस नेताओं व कार्यकर्ताओं का पुतला फूंका*



**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** लोहरदगा कांग्रेस संगठन में उपजा अंतर्कलह अब पुतला दहन का रूप ले लिया है। शुक्रवार को ऐसा ही वाक्या देखने को मिला। दरअसल सैकड़ो कांग्रेस कार्यकर्ता कांग्रेस मुख्यालय राजेंद्र भवन में पहुचे और लोहरदगा लोकसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी में रहकर कांग्रेस पार्टी के खिलाफ काम करने वाले नेताओं और कार्यकर्ताओं को बाहर का रास्ता दिखाने की मांग करने लगे। पार्टी से गद्दारी करने वाले कांग्रेसी नेताओ व कार्यकर्ताओं का पुतला भी फूंका गया। पुतला दहन कार्यक्रम में प्रदेश प्रतिनिधि नेसार अहमद ने कहा कि लोकसभा चुनाव में पार्टी में रहकर बहुत सारे कांग्रेसी खुलेआम दूसरे पार्टी का काम किया है ।चुनाव बीतने के बाद स्थानीय विधायक उसको अपने साथ अपने दौर में लेकर घूम रहे हैं। जिसके कारण कांग्रेस कार्यकर्ता काफी आक्रोशित है। कांग्रेस कार्यकताओं को शक है कि कहीं ये विधायक के इशारे पर तो पार्टी विरोधी काम नहीं किया है। पार्टी फॉरम में उनको अपनी बात को रखना होगा। नेसार अहमद ने कहा कि पार्टी के प्रदेश प्रभारी, प्रदेश अध्यक्ष को इस बात का संज्ञान में लेकर यहां एक समीक्षा बैठक कराकर मामले को पट्टा क्षेप करे और दोषीवार एवं गद्दार कांग्रेसी को अविलंब पार्टी से निकाला जाए।

क्योंकि 6 माह के बाद विधानसभा चुनाव होना है। ऐसे गद्दार कांग्रेसी को जिला के कार्यकर्ता बर्दाश्त नहीं करेंगे। आलोक कुमार साहू ने कहा कि लोकसभा चुनाव के दौरान इंडिया गठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी उम्मीदवार सुखदेव भगत को हराने के लिए कांग्रेस पार्टी में ही रहकर कुछ कांग्रेसी पार्टी विरोधी कार्य करते हुए कांग्रेस प्रत्याशी को हराने की साजिश में लगे हुए थे, जिसका सबूत मौजूद है। हम लोगों की मांग है कि प्रदेश कांग्रेस कमेटी पार्टी विरोधी कार्य करने वाले कांग्रेसियों को पार्टी से निष्कासित करें।

### आकांक्षी प्रखंड डुमरी कार्यक्रम से संबंधित डीसी ने की समीक्षा बैठक, कहा

# प्रखंड के सर्वांगीण विकास को अच्छे गुणवत्ता युक्त कार्य करें



**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** गुमला उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में शनिवार को समाहरणालय स्थित सभागार में आकांक्षी प्रखंड डुमरी से संबंधित समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में आकांक्षी प्रखंड डुमरी के अंतर्गत अलग-अलग विभागों द्वारा किए जाने वाले ग्रामीण विकास कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई। उपायुक्त ने डुमरी के लिए सरकार द्वारा निर्धारित विभिन्न संकेतकों की स्थिति की बिंदुवार समीक्षा की। उन्होंने स्कूलों एवं आंगनवाड़ी केंद्रों में बिजली कनेक्शन, पेयजल सुविधा, शौचालयों की स्थिति तथा छात्रावास की स्थिति की समीक्षा की। इसी प्रकार डुमरी में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य की अलग-अलग संकेतकों के अनुसार समीक्षा की गई। उपायुक्त ने कृषि तथा पशुपालन विभाग की समीक्षा करते हुए खाद एवं बीज की उपलब्धता, मृदा स्वास्थ्य कार्ड के वितरण, खरीफ तथा रबी फसलों की उत्पादकता, सिंचित क्षेत्र, पशु टीकाकरण आदि की भी समीक्षा की। उपायुक्त ने आंगनवाड़ी एवं अन्य संकेतक बिन्दुओं के बारे में चर्चा की। आकांक्षी प्रखंड में कौशल विकास एवं रोजगार तथा सामाजिक एवं वित्तीय समावेशन के संबंध में बैठक में समीक्षा की गई। बैठक में आकांक्षी प्रखंड के विकास के लिए स्वास्थ्य, महिला बाल विकास विभाग, कृषि, शिक्षा विभाग, कौशल एवं तकनीकि, रोजगार, पशुपालन एवं डेयरी, मनरेगा, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, पीएचडी विभाग, विद्युत विभाग द्वारा किए गए कार्यों की आंकड़ेवार समीक्षा की गई। उपायुक्त ने आगामी कार्ययोजना के अंतर्गत उक्त विभागों को आवश्यक निर्देश भी दिए।

#### जिले में 15 से 29 जून तक आयुष्मान पखवाड़ा का किया जा रहा है आयोजन

**गुमला।** आयुष्मान भारत मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजनान्तर्गत अच्छादित शेष लाभुको को आयुष्मान कार्ड निर्गत कराने हेतु गुमला जिला अन्तर्गत सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों, सदर अस्पताल , प्रज्ञा केंद्रों, एवं सहियाओं के द्वारा दिनांक 15 जून से 29 जून तक विशेष आयुष्मान पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें गुलाबी, पिला, एवं हरा राशन कार्ड धारी अपना राशन कार्ड एवं आधार कार्ड को दिखाते हुए निःशुल्क आयुष्मान कार्ड बनवा सकते हैं तथा उक्त योजनान्तर्गत प्रतिवर्ष प्रति परिवार 5 लाख रुपए तक का निशुल्क चिकित्सा सुविधा प्राप्त कर सकते हैं। कार्ड धारी राज्य के किसी भी राज्य के सरकारी एवं निजी अस्पताल में निःशुल्क इलाज ले सकते है।

## न्यूज बॉक्स

### सीआरपीएफ 158 बटालियन का 21वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया



**लोहरदगा।** सीआरपीएफ 158 बटालियन का 21वां स्थापना दिवस बटालियन मुख्यालय में धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर 158 बटालियन के कमांडेंट राहुल कुमार द्वारा क्वार्टर गार्ड पर तैनात स्पेशल गार्ड से सलामी ली गई। सलामी लेने के बाद कमांडेन्ट महोदय ने गार्ड के जवानों व उपस्थित सभी अधिकारियों/कार्मिको को बटालियन के 21वें स्थापना दिवस की बधाई दी। ततपश्चात 158 बटालियन मुख्यालय में सैनिक सम्मेलन का आयोजन किया गया। कमांडेन्ट ने सैनिक सम्मेलन में उपस्थित सभी अधिकारियों/कार्मिकों एवं उनके परिवारजनों को वाहिनी के 21वें स्थापना दिवस की शुभकामनाएं देने के साथ-साथ बताया कि इस वाहिनी का गठन दिनांक 15/06/2004 को कादरपुर गुड़गांव में हुआ था। उन्होंने 158 बटालियन के गौरवशाली इतिहास व उपलब्धियों के बारे में बताया कि वर्ष 2013 से 158 बटालियन लोहरदगा जिले में तैनात है एवं इसके अतिरिक्त बटालियन झारखण्ड एवं अन्य राज्यो के विभिन्न भागों में नक्सलवाद, कानून व्यवस्था, चुनाव एवं अन्य आंतरिक सुरक्षा तथा शांति से संबंधित मामलो के संदर्भ में कर्तव्यनिष्ठा तथा अदम्य साहस का परिचय देते हुए सफलतापूर्वक अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन किया है। बटालियन द्वारा किए जा रहे अच्छे कार्यों को भविष्य में भी जारी रखने की हार्दिक कामना की।

### फुलवारटोली गांव पंहुचा सीआरपीएफ के सब इंस्पेक्टर का पार्थिव शरीर, माहौल हुआ गमगीन



**चैनपुर।** चैनपुर प्रखंड के फुलवारटोली गांव निवासी सीआरपीएफ 243 बटालियन के सब इंस्पेक्टर चोन्हस खलखो पिता स्वर्गीय क्लेमेंट खलखो का पार्थिव शरीर आज शुक्रवार को उनके पैतृक गांव फुलवारटोली पंहुचा मामले की जानकारी देते हुए सीआरपीएफ के पदाधिकारियों ने बताया की सीआरपीएफ 243 बटालियन के सब इंस्पेक्टर चोन्हस खलखो दिल्ली में पोस्टेड थे। वे अपने बटालियन के साथ जलंधर से चुनाव संपन्न होने के बाद स्पेशल ट्रेन से वापस दिल्ली लौट रहे थे तभी प्रयागराज के निकट ट्रेन में ही उनका आकास्मिक निधन हो गया। जिसके बाद बटालियन के द्वारा इसकी सूचना गुमला 218 बटालियन को दी गई। जिसके बाद उन्हें पार्थिव शरीर को पूरे सम्मान के साथ गांव लाया गया। जहां पूरे रिती रिवाज के सीआरपीएफके जवानों के द्वारा उन्हें अंतिम सलामी दी गई. शाहिद के सम्मान में 24 राउंड फायरिंग कर सलामी देते हुए अंतिम विदाई दी गई। इस दौरान रास्ते में हार्ट अटैक से उनकी मृत्यु हो गई। जैसे ही शहीद जवान का शव घर पहुंचा पत्नी 3 बेटी व एक बेटा की चीखें लगना शुरू हो गईं। बेटी रो-रो कर बार बार बेहोश हो रही थी। यही नहीं पूरे परिवार का रो-रोकर बुरा हाल था। जिसके बाद ईसाई धर्म के अनुसार उनका अंतिम संस्कार किया गया। इधर पार्थिव शरीर के गांव पंहुचते ही लोगों की भीड़ जमा हो गई थी वहीं चैनपुर प्रशासन एवं जनप्रतिनिधि भी अंतिम दर्शन के लिए पंहुचे थे। मौके पर मुख्य रूप से चैनपुर एसडीपीओ अमिता लकड़ा, जिप सदस्य मेरी लकड़ा, उप प्रमुख प्रमोद खलखो चैनपुर सहायक कमांडेंट सर्वेश्वर सिंह, चैनपुर मुखिया शोभा देवी कातिंग मुखिया मधुरा मिंज सहित सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

### लीग का तीसरा मैच लोहरदगा लायंस व हिंडालको वारियर्स बीच खेला गया

**लोहरदगा।** शनिवार को लोहरदगा क्रिकेट एसोसिएशन के द्वारा लोहरदगा प्रीमियर लीग का आयोजन बलदेव साहू स्टेडियम में किया गया। लीग का तीसरा मैच लोहरदगा लायंस और हिंडालको वारियर्स बीच खेला गया। जिसका उद्घाटन विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल ने किया। मौके पर खिलाड़ियों की हौंसला अफजाई करते हुए विधायक प्रतिनिधि ने कहा की वर्तमान युग में पढ़ाई के साथ-साथ खेल भी आवश्यक है। खेल खेलने से स्वस्थ शरीर एवं स्वस्थ मन का विकास होता है। युवा खेल में भी अपना बेहतर कैरियर बना सकते हैं। सभी युवा खिलाड़ियों को अपना एक आदर्श खिलाड़ी चुनकर उनके पदचिन्हों पर चल कर भी सफलता प्राप्त कर सकते हैं। सभी खिलाड़ियों को अपने गुरु एवं सीनियर खिलाड़ियों का आदर करना चाहिए। आज हमारे राज्य में महेंद्र सिंह धोनी जैसे स्टार खिलाड़ी हुए जिन्होंने राज्य का नाम विश्व भर में रौशन किया। जिले में आशीष कुमार एक बेहतर खिलाड़ी के रूप में उभरे और रणजी क्रिकेट टीम में अपना स्थान बनाया।

### बीडीओ ने की भंडरा थाने में शांति समिति की बैठक, कहा

## आपसी भाईचारे के साथ मनाएं बकरीद का त्योहार



**नवीन मेल संवाददाता**

**भंडरा।** थाना परिसर में बीडीओ प्रतिमा कुमारी की अध्यक्षता में शांति समिति बैठक हुआ। जिसमें 17 जून को आपसी भाईचारगी के साथ बकरीद का त्योहार मनाने को लेकर चर्चा हुई। इस दौरान भंडरा प्रखंड के विभिन्न गांव से पहुंचे मुस्लिम धर्मावलंबियों ने अपने-अपने गांव के मस्जिद में बकरीद की नमाज को लेकर निर्धारित समय से अधिकारियों को अवगत कराया। मौके पर बीडीओ प्रतिमा कुमारी ने कहा कि भंडरा प्रखंड में आपसी भाईचारगी के साथ बकरीद का त्योहार मनाया जाएगा। त्योहार के दौरान किसी भी व्यक्ति द्वारा आपसी सद्भाव खराब करने की कोशिश किया जाता है, तो वैसे व्यक्ति पर कार्रवाई तय है। सीओ दुर्गा कुमार ने कहा कि बकरीद के त्योहार के दौरान कोई भी व्यक्ति सौहार्द को खराब करने की कोशिश किया जाता है, तो वैसे व्यक्ति को चिंहित करें। प्रखंड प्रशासन क्षेत्र में शांति व्यवस्था बहाल रखने को लेकर संकल्पित है। थाना प्रभारी अरविंद कुमार सिंह ने कहा कि भंडरा प्रखंड के सभी मस्जिद व ईदगाह में बकरीद के नमाज के समय पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। भंडरा थाना पुलिस हर स्थिति से निबटने के लिए तैयार है। मौके पर डा. आकाश वर्मा, निरंजन उरांव, मंसूर अंसारी, गुलाम अंसारी, वीणा देवी सहित मुस्लिम समुदाय के लोग मौजूद थे।

## तिरुपति स्टील में वाणिज्य कर विभाग की छापेमारी




**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** गुमला जिला मुख्यालय स्थित पालकोट रोड़ गुरुद्वारा के समक्ष स्थित तिरूपति स्टील दुकान गुमला के मालिक अभिनव महेश्वरी के दुकान और गोदाम में वाणिज्यकर इन्वेंशन ब्यूरो के उच्च पदाधिकारीयों के आदेशानुसार छापामारी की गई। आईबी के पांच सदस्य दल के आईपीएस पदाधिकारियों द्वारा लगातार चार से पांच घन्टें तक तिरुपति स्टील दुकान गुमला के मालिक अभिनव माहेश्वरी से गहराई से छानबीन और पुछताछ करते हुए उक्त छापामारी किया गया। तिरुपति स्टील दुकान और गोदाम से संबंधित विशेष महत्वपूर्ण, दस्तावेजों जैसे, जीएसटी, इनकम, स्टॉक और सेल आदि से संबंधित महत्वपूर्ण दस्तावेजों की जांच की गई। जिसके कारण तिरुपति स्टील दुकान शुक्रवार को बंद रहा।

### मंत्री डॉ रामेश्वर ने पेशरार प्रखंड के विभिन्न गांवों का किया दौरा, ग्रामीणों की समस्या सुनी

# गांव-गांव तक पहुंच रही है सरकार की योजना



**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने पेशरार प्रखंड के सुदूरवर्ती गांवों का दौरा कर जनता की जनसमस्याओं को जान। विधायक सह मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव के समक्ष ग्रामीणों के द्वारा जनसमस्याओं से अवगत कराया गया। मौके पर डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा सरकार की योजना गांवझ्रगांव तक पहुचाया जा रहा है। झारखंड सरकार अनेकों विकास का कार्य कर रही है ।सबसे पहले हरा राशन कार्ड गरीबों के लिए सभी राशन कार्ड से वंचित को हरा राशन कार्ड से जोड़ा गया। हरा राशन कार्ड बनने से लोगो को स्वास्थ्य की सुविधा मिलेगी। राशन कार्ड के माध्यम से 10 रूपया में धोती,लूंगी,साड़ी का वितरण किया जा रहा है। पिला कार्ड के माध्यम से चीनी देने का भी काम किया जा रहा है। ये सभी कार्य मेरे विभाग और गठबंधन सरकार के द्वारा कार्य किया जा रहा है। जिससे गरीब लोगो को लाभ दिया जा रहा है। पेयजल हेतु सभी पंचायत में 10झ10 चापाकल का निर्माण किया जा रहा है। अबूवा आवास गरीबों को प्राथमिकता देते हुए दिया जा रहा है। सड़क,बिजली,पेंशन, स्वास्थ्य के क्षेत्र में झारखंड सरकार द्वारा बेहतर कार्य किया जा रहा है। इसके साथ ही आदिवासी संस्कृति के उत्थान के लिए मांदर नगाड़ा का वितरण किया जा रहा है। आदिवासी बहुल क्षेत्रों में अखड़ा का निर्माण के साथ स्ट्रीट लाइट का भी निर्माण किया जा रहा है। मेरे विधायक मद से धुमकुड़िया निर्माण, पड़हा भवन,सामुदायिक भवन,पीसीसी पथ निर्माण जैसे मूलभूत कार्य प्राथमिक के आधार पर किया जा रहा है। कार्यक्रम में ग्रामीणों के द्वारा आवेदन के माध्यम से जो भी समस्या है आवेदन के माध्यम से रखा गया जिसके निदान के लिए माननीय मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव के द्वारा संबंधित विभागीय के पदाधिकारियों से बात कर त्वरित कार्रवाई करते हुए कार्य करने का निर्देश दिया गया ।इस मौके पर मुख्य रूप से उपस्थित विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल,प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष विनोद सिंह खेरवार, 20सूत्री अध्यक्ष रविंदर सिंह, सामूल अंसारी, विशाल डुंगडुंग, पंकज तिवारी, दिनू महली,भगवान दास, राजेंद्र यादव, जय प्रकाश कु गुप्ता युवा प्रखंड अध्यक्ष, सानू भुइयां, जाहिद अंसारी, जयु तुरी, पवन यादव, वकील अंसारी,राहुल कुमार, रामधनि राम, नागेश्वर उरांव, विनय उरांव, शरीफ यादव, जशवंत तुरी, शिव उरांव, मुमताज अंसारी, विशेसर सिंह एवं प्रशासनिक पदाधिकारी आदि उपस्थित थे।

## न्यूज बॉक्स

### योग कक्षा के सात वर्ष पूरा होने पर यज्ञ-हवन का हुआ आयोजन



**गिरिडीह।** श्री आर.के. महिला कॉलेज गिरिडीह में शनिवार को योग शिक्षिका पुष्पा शक्ति के द्वारा तीन कुंडिय यज्ञ कराया गया। इस बाबत उन्होंने बताया कि 15 जून 2017 से यहां पर पतंजलि योगपीठ हरिद्वार के तत्वाधान में नियमित रूप से निःशुल्क योग कक्षा संचालित की जा रही है। जिसका आज 7 वर्ष पूरा हो गया। इसी उपलक्ष्य में आज यज्ञ हवन करके वार्षिक महोत्सव बड़ी ही धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर हवन के माध्यम से संकल्प दिलाया गया कि नियमित रूप से गायत्री महामंत्र का जाप करेंगे तथा सभी योग करेंगे साथ ही दूसरों को योग के प्रति जागरूक करेंगे। स्वदेशी को आत्मसात करेंगे आयुर्वेद पद्धति को अपनाएंगे इसका प्रचार प्रसार करेंगे। योग शिक्षिका सपना राय ने कहा कि यह क्लास जब से संचालित हुई है तब से वह इस क्लास में नियमित रूप से आ रही है और आज स्वस्थ होकर के दूसरों को योग सीखा रही है। इसलिए सभी कोई यहाँ आये योग करें और स्वस्थ रहें। यज्ञ के सफल आयोजन में ममता कंधवे का सहयोग रहा। वहीं इस अवसर पर सहयोग शिक्षिका लक्ष्मी छाया, सीमा लाल, पुष्प लता त्रिवेदी, उमा वर्मा, रेखा तरवे, आशा चौरसिया प्रमिला सिन्हा, उषा देवी, आशा त्रिवेदी, आशा सिन्हा, वंदना सिंह, पम्मी कुमारी, उषा बरनवाल रूबी अग्रवाल, माला बनर्जी , विनीता देवी, कुमारी राधिका सिन्हा आदि उपस्थित थी ।

### प्यास से तड़प रहे जानवर को चापानल चलाकर युवक ने पिलाया पानी



**गिरिडीह।** जानवरों की बोली भले ही लोग समझ नहीं सकते, लेकिन जानवर अपने हावभाव से अपनी परेशानी को बयां कर देते हैं. ऐसे में बहुत से लोग उनके इन इशारों को नजरअंदाज कर देते हैं, लेकिन कुछ लोग उनकी इन भावभंगिमा को समझ जाते हैं और उनकी मदद करते हैं। ऐसे ही एक वीडियो इन दिनों सोशल मीडिया में तेजी से वायरल हो रहा है। जिसमें एक शख्स कुत्ते को चापानल चलाकर पानी पिलाता नजर आ रहा है। वायरल वीडियो गिरिडीह जिले के बगोदर इलाके का है। जहां प्यास से व्याकुल कुत्ते को एक व्यक्ति चापाकल चलाकर पानी पिला रहे हैं। वहीं प्यास बुझते ही कुत्ता वहां से चला जाता है। बहरहाल बेतहाशा गर्मी से जहां आम आवाम परेशान है ही वहीं इस भीषण गर्मी से जानवर भी व्याकुल हैं और प्यास और खाने के लिए इधर उधर भटकते रहते हैं। ऐसे में पानी पिलाने का वीडियो वायरल हो रहा है। आप दर्शकों से भी यह अपील है कि अपने घरों के छत व बाहर पानी रखें, ताकि प्यासे पक्षी और जानवर अपनी प्यास बुझा सके।

### अवैध कोयला कारोबार को लेकर सीसीएल सुरक्षा विभाग ने चलाया अभियान



**गिरिडीह।** सीसीएल सुरक्षा विभाग के द्वारा सीसीएल इलाकों में जारी अवैध कोयला उत्खनन और परिवहन को लेकर अभियान चलाया गया। इस दौरान अवैध कोयला ले जा रहे दो पहिया वाहनों को रोक कर उसे जब्त कर लिया गया। हालांकि इस दौरान कोयला ले जा रहे लोग सीसीएल सुरक्षा विभाग के अधिकारियों को देखकर कोयला लदे दो पहिया वहान को छोड़ कर मौके से फरार हो गए। इस बाबत सीसीएल सुरक्षा विभाग के अधिकारी जयप्रकाश ने बताया कि महाप्रबंधक के दिशा निर्देश पर कोयला के अवैध उत्खनन और परिवहन को रोकने को लेकर अभियान चलाया जा रहा है और जो लोग भी इसमें संलिप्त पाए जाएंगे। उन पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### अधूरी सड़क के कारण कल्वर्ट में फंसा एम्बुलेंस, मरीज तीन घंटे बाद पहुंचा अस्पताल




**चक्रधरपुर ।** पश्चिमी सिंहभूम जिला के चक्रधरपुर स्थित सुदूरवर्ती क्षेत्र कुलीतोड़ांग पंचायत के धनगांव से बाईपी पंचायत के कुपई तक बनने वाली सड़क का निर्माण पिछले दो महीने से बंद है. ऐसा सड़क निर्माण कार्य कराने वाली ठेका कंपनी वैष्णवी इन्फ्रा प्रोजेक्ट के ठेकेदार नीरज कुमार की लापरवाही से बरते जाने के कारण हो रहा है। गांव में सड़क निर्माण कार्य अधूरा रहने के कारण शनिवार को कुलीतोड़ांग पंचायत के तुईया गांव में एक मरीज को अस्पताल लाने गई एम्बुलेंस भी अधूरी सड़क के कल्वर्ट में फंस गई। काफी मशक्कत के बाद कल्वर्ट की धंसी मिट्टी से एम्बुलेंस को बाहर निकाला गया। इस कारण लगभग तीन घंटे बाद मरीज को अस्पताल पहुंचाया जा सका। ठेकेदार सड़क निर्माण धीमी गति से किया जा रहा है। इस कारण ग्रामीण कार्य विकास विभाग प्रमंडल द्वारा ठेकेदार नीरज कुमार को नोटिस भी जारी किया गया है। इसके बावजूद कार्य शुरू नहीं किया जा रहा है। इसे लेकर स्थानीय ग्रामीणों में कार्य कराने वाली ठेका कंपनी के प्रति नाराजगी है।

# अवैध अंग्रेजी शराब लदे वाहन को पुलिस ने पकड़ा, धंधेबाज फरार

**नवीन मेल संवाददाता। तिसरी** थाना इलाके में अवैध शराब लोड वाहन को पुलिस ने जब्त किया है। हालांकि कार्रवाई के दौरान धंधेबाज मौके से भाग खड़े हुए। शनिवार को तिसरी थाना में प्रेसवार्ता आयोजित कर एसडीपीओ नीरज कुमार सिंह ने इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि एसपी दीपक कुमार शर्मा के द्वारा रात के करीब 2 बजे सूचना मिली कि अवैध रूप से चार पहिया वाहन में अंग्रेजी शराब को लोड कर तिसरी होते हुए बिहार ले जाया जा रहा है। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते



हुए तिसरी थाना प्रभारी संजय नायक दलबल के साथ खिजुरी नदी के पास पहुंचे तो देखा कि तेजी से वाहन आ रही है। इस दौरान वाहन को रोकने का प्रयास किया गया तो चालक वाहन का रफ़्तार तेज कर भाग निकला। इसके बाद रात्रि गश्ती दल को सूचना दी गयी। इस दौरान थम्बाचक चेकनाका के पास गश्ती दल के द्वारा जांच किया जा रहा था। मौके पर जांच को देख तस्कर वाहन को मौके पर छोड़ अंधेरे का फायदा उठाकर जंगल की ओर भाग खड़े हुए। एसडीपीओ ने बताया कि जांच के क्रम में उक्त वाहन से 316 बोतल अवैध अंग्रेजी शराब बरामद किया गया है। बताया कि वाहन के नंबर से उसके मालिक और धंधेबाज का पता लगाया जा रहा है। जांच पड़ताल कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, गुमला
### अति–अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं० –06 / 2023–24

**षष्टम आमंत्रण**

1. विभाग का नाम – पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखण्ड रांची
2. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता – कार्यपालक अभियता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गुमला
3. वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय – 20 / 06 / 2024 के अपराह्न 05.00 बजे से
4. बीड प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय – 27 / 06 / 2024 को 5.00 बजे अपराह्न तक
5. सरकार के सचिव, सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई– गवर्नेस, झारखण्ड मंत्रालय, के ज्ञापांक 120 दिनांक 03.10.2023 के आलोक में विपत्र का मूल्य एवं अग्रधन की राशि Online जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय – 27 / 06 / 2024 के अपराह्न 5.00 बजे से। प्रमण्डल
6. निविदा खोलने की संभावित तिथि एवं समय – 28 / 06 / 2024 के पूर्वाह्न 11.00 बजे से।
7. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम – कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गुमला
8. प्रोक्योरमेंट कार्यालय का सम्पर्क नम्बर – 7488491963
9. ई–प्राक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन नम्बर – 7488491963
10. कार्य की विवरणी

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि लगभग | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Operation and maintenance of Gumla urban W/S/S by outsourcing agency including providing all manpower's, chemicals, reagents different materials etc. required for successful operation of the scheme including repair of all civil structures (Intake well, Infiltration wells, gallery, WTP, ESR), Rising & Distribution pipelines, mechanical & electrical equipments etc. all complete job on "Turn -key basis" to provide drinking water confirmin g WHO norms for the Year 2024-25 (01-07-24 to 31-03-25) | 36,57,396.00 | 73,500.00 | 5,000.00 | 31-03-2025 |

निविदा की नियम एवं शर्ते :–कार्यालय सूचना पट पर उपलब्ध है।

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल
गुमला।

PR 326605 Drinking Water and Sanitation(24-25)D

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, गुमला
### अति–अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं० –05 / 2024–25

1. विभाग का नाम :– पेयजल एवं स्वच्छता विभाग झारखण्ड़।
2. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, गुमला।
3. परिमाण विपत्र बिकी की अंतिम तिथि एवं समय :– 24.06.2024 के अपराहन 1.00 बजे तक (छुटटी के दिनो को छोड़कर)
4. निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 25.06.2024 को 1.00 बजे अपराह्न तक।
5. निविदा खोलने की संभावित तिथि एवं समय :– 25.06.2024 के 3.30 बजे अपराह्न ।
6. निविदा परिमाण विपत्र बिकी का स्थान :– (क) कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गुमला। (ख) सहायक अभियन्ता, पेयजल एवं स्व0 अवर प्रमण्डल सं0–1 गुमला।
7. निविदा प्राप्ति का स्थान :– (क) कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता, प्रमण्डल, गुमला।

• कार्य की विवरणी

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | शौचालय की संख्या | प्राक्कलित राषि लगभग | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | गुमला जिलांतर्गत विभिन्न प्राथमिक एवं मध्य विद्यालयों में शौचालय निर्माण कार्य 2024–25 (DMFT Head) | 55 Nos. | 10,09,250.00 | 20,500.00 | 2500.00 | एक माह |
| 2 | गुमला जिलांतर्गत विभिन्न प्राथमिक एवं मध्य विद्यालयों में शौचालय निर्माण कार्य 2024–25 (जिला योजना अनाबद्ध मद) | 55 Nos. | 10,09,250.00 | 20,500.00 | 2500.00 | एक माह |
| 3 | गुमला जिलांतर्गत विभिन्न प्राथमिक एवं मध्य विद्यालयों में शौचालय निर्माण कार्य 2024–25 (जिला योजना अनाबद्ध मद) | 24 Nos. | 4,40,400.00 | 9,000.00 | 1,250.00 | एक माह |

नोट :– निविदा से संबंधित अन्य जानकारी हेतु प्रमण्डल कार्यालय से सम्पर्क किया जा सकता है। प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगा।

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल
गुमला।

PR 326603 Drinking Water and Sanitation(24-25)D

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
### ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, पलामू।
अल्पकालीन ई0 निविदा आमंत्रण सूचना

1.ई0–निविदा संख्या–**EE/RDSD/PALAMAU-02/2024-25**

| Sl. No. | Name of Work | Estimated Cost | Amount of Earnest Money | Cost of Tender Paper | Time Completion of Work |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | प्रखण्ड मेदिनीनगर के ग्राम चियांकी में चियांकी पहाड़ी पर अवस्थित मंदिर परिसर के सौंदर्यीकरण एवं सुदृढ़ीकरण। | 2489232.00 | 50000.00 | 5000.00 | 03 माह। |
| 2. | प्रखण्ड मेदिनीनगर के ग्राम चियांकी पहाड़ी पर अवस्थित मंदिर परिसर के सौंदर्यीकरण एवं सुदृढ़ीकरण। | 2448259.00 | 49000.00 | 5000.00 | 03 माह। |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 27.06.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 27.06.2024 से दिनांक 13.07.2024 को अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेश प्रमण्डल, पलामू।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय – 16.07.2024 अपराह्न 2:00 बजे।
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेश प्रमंडल, पलामू।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 06562–355581
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल पलामू।

PR 326559 Rural Development(24-25)D

## DEPARTMENT OF HEALTH & FAMILY WELFARE, JHARKHAND
DISTRICT RURAL HEALTH SOCIETY
GUMLA

Sadar Hospital Campus GUMLA
Phone No. 06524-223080
Email :- cs.gumla@gmail.com

निविदा सं0 1873/ गुमला, दिनांक 14.06.2024/

### अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना

गुमला जिलान्तर्गत मानसिक स्वास्थ्य कार्यकम/ मिरगी बिमारी /Blood disorder संबंधित दवाओं का क्रय किया जाना है। उक्त दवाओं के आपूर्ति हेतु इच्छुक निविदादाताओं से दिनांक 21.06.2024 के अपराह्न 02.00 बजे तक सिविल सर्जन कार्यालय, गुमला में निविदा आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| निविदा समर्पित करने की अंतिम तिथि | 24.06.2024 के अपराह्न 02.00 बजे तक |
| निविदा समर्पित करने का स्थान एवं पता | सिविल सर्जन कार्यालय, सदर अस्पताल परिसर, गुमला झारखण्ड पिन न0 835207 |
| निविदा खुलने की तिथि | 24.06.2024 के अपराह्न 03.00 बजे |
| निविदा खुलने का स्थान | सिविल सर्जन कार्यालय, गुमला। |

➢ नोट – निविदा से संबंधित शर्तें/निविदा शुल्क/अग्रधन की राशि आदि से संबंधित विस्तृत जानकारी समाचार पत्रों पर निविदा प्रकाशन के उपरांत सिविल सर्जन कार्यालय गुमला के सूचना पट्ट पर एवं जिला गुमला के वेबसाइट http://gumla.nic.in पर देखी जा सकती है।

असैनिक शल्य चिकित्सक –सह– मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, गुमला।

PR 326569 (Health Med Edu and Family Welfare) 24-25 (D)

## जिला विधिक सेवा प्राधिकार, गुमला
द्वारा आयोजित
### भूमि एवं राजस्व मामलों से संबंधित विशेष लोक अदालत

**आम सूचना**
**नि:शुल्क सुलभ एवं शीध्र न्याय हेतु**

झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के निर्देश पर, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, गुमला द्वारा दिनांक 24 जून 2024 से 28 जून 2024 तक भूमि एवं राजस्व मामलों से संबंधित वादों (राजस्व मामले, भूमि अधिग्रहण मामले, विस्थापन मामले, मुआवजे से संबंधित मामलें एवं सहायक मामले) के निष्पादन के लिए पक्षकारो के मध्य बातचीत हेतु प्री– लोक अदालत की बैठक संबंधित विभाग में आयोजित की जायेगी एवं इससे संबंधित वादो के निशपादन हेतु एक " विशेष लोक अदालत" का आयोजन दिनांक 29.06.2024 सुबह 7.30 बजे से व्यवहार न्यायालय गुमला में किया जायेगा।

अतः सर्व सधारण को सूचित किया जाता है कि अधिक से अधिक संख्या में भूमि एवं राजस्व मामलों से संबंधित अपने मामलों को विशेष लोक अदालत में सूचीवद्व कराकर सस्ता एवं सुलभ न्याय प्राप्त करें।

इस संबंध में किसी प्रकार की जानकारी हेतु जिला विधिक सेवा प्राधिकार, गुमला के कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं, अथवा मोबाईल संख्या–9905571507 पर भी संपर्क कर सकते हैं।

श्री शंभु कुमार सिंह
आरक्षी अधीक्षक–सह–सदस्य
जिला विधिक सेवा प्राधिकार, गुमला।

श्री कर्ण सत्यार्थी
उपायुक्त–सह–उपाध्यक्ष
जिला विधिक सेवा प्राधिकार, गुमला।

श्री ध्रुव चंद्र मिश्रा
प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश–सह–अध्यक्ष,
जिला विधिक सेवा प्राधिकार, गुमला।

PR 326563 Law(24-25).D

## कार्यालय, जिला गव्य विकास पदाधिकारी, चतरा
### (कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (गव्य विकास प्रभाग), झारखण्ड, सरकार

**चतरा जिला में दुधारू पशु मेला का आयोजन**
**गव्य विकास निदेशालय, झारखण्ड, राँची द्वारा सूचीबद्ध दुधारू पशु विक्रेताओं/योजना के लाभुकों के लि,**
**आम सूचना**

चतरा जिला अन्तर्गत मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के चयनित लाभुकों के लिए 90%, 75% एवं 50% अनुदान पर दो गाय/पाँच गाय एवं दस दुधारू गाय की योजनान्तर्गत उन्नत नस्ल/शंकर नस्ल का दुधारू गाय/भैंस का क्रय हेतु जिला स्तरीय दुधारू पशु मेला जिला पशुपालन कार्यालय परिसर ,चतरा में लगा हुआ है।

सभी सूचीबद्ध दुधारू गाय/भैंस के इच्छुक विक्रेताओं को सूचित किया जाता है कि जिला पशुपालन कार्यालय परिसर, चतरा में दुधारू पशु मेला में नए सूचीबद्ध आपूर्तिकर्त्ता जिला गव्य विकास पदाधिकारी, चतरा से समन्वय स्थापित कर यथाशीघ्र अधिक से अधिक संख्या में संकर नस्ल के दुधारू गाय/भैंस के साथ दुधारू पशु मेला में भाग लें।

सभी संबंधित योजना के लाभुकों को सूचित किया जा है कि दुधारू पशु मेला में दुधारू पशु पसंद करने के दरम्यान कम से कम तीन लगातार पाली में अपने सामने दुध दुहाई कर सुनिश्चित हो लेंगे कि गाय प्रतिदिन कम से कम औसतन 12–15 लीटर दूध दे रही है। गाय का कीमत का निर्धारण लाभुक एवं दुधारू गाय विक्रेता के आपसी सहमति से होगा। दुधारू गाय का संगरोध पूर्ण होने उपरान्त ही क्रय–विक्रय का कार्य किया जायेगा।

सभी सूचीबद्ध दुधारू पशु विक्रेताओं से आग्रह है कि सरकार के द्वारा निर्धारित प्रक्रियाओं एवं शर्तों का अनुपालन करते हुए मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजनान्तर्गत प्रथम/द्वितीय व्यांत की उन्नत देशी नस्ल यथा साहीवाल, रेड सिंधी, थारपारकर, गीर, एवं संकर नस्ल की दुधारू गायों अथवा उन्नत नस्ल की भैंसों यथा मुर्रा, सुरती, जाफराबादी, मेहसाना आदि को जिला पशुपालन कार्यालय परिसर, चतरा में लगाये गये दुधारू पशु मेला में आपूर्ति करना सुनिश्चित करेंगे। बिजली की सुविधा जिला पशुपालन कार्यालय चतरा/जिला गव्य विकास कार्यालय,चतरा }ारा प्रदान की जाएगी तथा शेष व्यवस्था दुधारू पशु विक्रेता को स्वयं करना होगा।

जिला गव्य विकास पदाधिकारी
चतरा।

PR.NO.326586 Animal Husbandry(24-25):D

## झारखण्ड सरकार
### पेयजल एवं स्वच्छता विभाग

### ई–प्रोक्योरमेन्ट अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना
निविदा सूचना संख्या : **04/2024-25** दिनांक :**14-06-2024**

1. *Estimate for the Work:-Retrofitting of rural water supply Scheme with HP DC Solar motor pump complete set & with new Source/Existing Source for PVTG Tola at different blocks /Village of Lohardaga Dist. under Drinking Water and Sanitation Division, Lohardaga for the year 2024-25 (Head PM JAN MAN Yojna & JJM).*

| ग्रुप संख्या | योजनाओं की संख्या | प्राकलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य (रूपये में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| LOH/PVTG Retrofitting/Kisko-Gr.01 | 02 | 7,10,862.00 | 14500.00 | 1,250.00 | 60 Days |
| LOH/PVTG Retrofitting/Kisko-Gr.02 | 01 | 3,44,683.00 | 7,000.00 | 750.00 | 30 Days |
| LOH/PVTG Retrofitting/Kisko-Gr.03 | 01 | 3,37,447.00 | 7,000.00 | 750.00 | 30 Days |
| LOH/PVTG Retrofitting/Kisko-Gr.04 | 01 | 3,91,121.00 | 8,000.00 | 750.00 | 30 Days |
| LOH/PVTG Retrofitting/Kisko-Gr.05 | 01 | 3,71,678.00 | 7,500.00 | 750.00 | 30 Days |
| LOH/PVTG Retrofitting/Pesrar-Gr.06 | 01 | 3,88,333.00 | 8,000.00 | 750.00 | 30 Days |
| LOH/PVTG Retrofitting/Pesrar-Gr.07 | 01 | 3,75,131.00 | 8,000.00 | 750.00 | 30 Days |
| LOH/PVTG Retrofitting/Pesrar-Gr.08 | 01 | 3,71,595.00 | 7,500.00 | 750.00 | 30 Days |
| LOH/PVTG Retrofitting/Pesrar-Gr.09 | 01 | 3,67,296.00 | 7,500.00 | 750.00 | 30 Days |
| LOH/PVTG Retrofitting/Pesrar-Gr.10 | 01 | 3,79,824.00 | 8,000.00 | 750.00 | 30 Days |
| LOH/PVTG Retrofitting/Pesrar-Gr.11 | 01 | 3,68,060.00 | 7,500.00 | 750.00 | 30 Days |
| LOH/PVTG Retrofitting/Pesrar-Gr.12 | 01 | 3,73,975.00 | 8,000.00 | 750.00 | 30 Days |

| | | |
|---|---|---|
| 2 | वेबसाइट पर निविदा प्रकाषन की तिथि | 19.06.2024 समय 05.00 बजे अपराहन् तक |
| 3 | निविदा प्राप्ति (ऑन लाईन बिडींग) की अन्तिम तिथि एवं समय | 26-06-2024 समय 04.00 बजे अपराहन् तक |
| 4 | सरकार के सचिव, सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई– गवर्नेस, झारखण्ड मंत्रालय, के ज्ञापांक 120 दिनांक 03.10.2023 के आलोक में विपत्र का मूल्य एवं अग्रधन की राषि Online जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय | 26-06-2024 समय 04.00 बजे अपराहन् तक |
| 5 | तकनीकी बीड खोलने की तिथि एवं समय | 27-06-2024 समय 04.00 बजे अपराहन् तक |
| 6 | तकनीकी बीड खोलने का स्थान | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वचछता प्रमंडल, लोहरदगा। |
| 7 | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम/पदनाम :- | ई0 अनुप कुमार हांसदा, कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वचछता प्रमंडल, लोहरदगा। |
| 8 | निविदा आमंत्रित करने वाले कार्यालय का टेलिफोन नं0 | 8084784990 |
| 9 | ई– प्रोक्यूरमेन्ट सेल का हेल्प लाईन सं0 | 8084784990 |

नोट – केवल ई–निविदा ही स्वीकार किये जायेंगे।
अधिक जानकारी के लिए वेवसाईट http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वचछता प्रमंडल, लोहरदगा

PR 326561 (Water Resource) 24-25 (D)

राजनीति

## कायम हो शांति का उजाला



ललित गर्ग

**यह** आशंका सच साबित हो रही है कि भाजपा को पूर्ण बहुमत न मिलने पर कश्मीर में आतंकी घटनाएं बढ़ेंगी एवं पाकिस्तान पोषित आतंकवाद फिर से फन उठाने लगेगा। जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 की समाप्ति के बाद हुए पहले लोकसभा चुनाव में रिकॉर्ड मतदान से पाकिस्तान बौखलाया है। इसी का परिणाम है लगातार हो रहे आतंकी हमलें। इन हमलों ने आंतरिक सुरक्षा के लिये नये सिरे से चुनौती पैदा की है। जम्मू में रियासी, कठुआ और डोडा में चार दिनों में चार आतंकी हमले चिन्ता का बड़ा कारण बने है। रविवार को रियासी में श्रद्धालुओं से भरी बस के चालक पर हुए हमले के बाद बस अनियंत्रित होकर खाई में गिर गई थी। जिसमें नौ श्रद्धालुओं की मौत हो गई थी। फिर कठुआ व डोडा में हुए आतंकी हमलों में एक जवान और दो आतंकवादी मारे गए हैं। लम्बे समय की शांति, अमन-चैन एवं खुशहाली के बाद एक बार फिर कश्मीर में अशांति एवं आतंक के बादल मंडराये हैं। धरती के स्वर्ग की आभा पर लगे ग्रहण के बादल छंटने लगे थे कि एक बार फिर कश्मीर को अशांत करने की कोशिशें तीव्र होते हुए दिख रही है। केन्द्र में गठबंधन वाली मोदी सरकार के सामने यह एक बड़ी चुनौती है। इन आतंकी घटनाओं को केन्द्र सरकार ने गंभीरता से लिया है। कुछ गिरफ्तारियां भी हुई और हथियार भी बरामद हुए हैं। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए गुरुवार को प्रधानमंत्री ने गृहमंत्री अमित शाह, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल व सुरक्षा एजेंसियों के साथ बैठक की है। इसमें आतंकवाद की नई चुनौती से मुकाबले की रणनीति पर विचार हुआ है। दरअसल, नई सरकार बनने की प्रक्रिया के दौरान हुए इन हमलों में पाक की भूमिका से इनकार नहीं किया जा सकता। लेकिन पाकिस्तान यह बड़ी भूल कर रहा है, क्योंकि मोदी सरकार की दृढ़ता एवं साहस को चुनौती देना इतना आसान नहीं है। फिर भी लगातार हुए आतंकी हमले चिंता तो बढ़ा ही रहे हैं। एलओसी से लगते जम्मू के इलाके में आतंकवादी घटनाओं का बढ़ना गंभीर हैं, चिन्ताजनक है। मारे गये दो आतंकवादियों के पास से पाकिस्तानी हथियार व सामान की बरामदगी बताती है कि पाकिस्तान सत्ता प्रतिष्ठानों की मदद से यह आतंक का खेल फिर शुरू कर रहा है। कहीं न कहीं दिल्ली में बनी गठबंधन सरकार को यह संदेश देने की कोशिश की जा रही है कि पाक पोषित आतंकवादी जम्मू-कश्मीर में शांति एवं अमन को कायम नहीं रहने देंगे। मैंने चुनाव से पूर्व अपनी एक सप्ताह की कश्मीर यात्रा में देखा कि केन्द्र सरकार ने कश्मीर में विकास कार्यों को तीव्रता से साकार किया है, न केवल विकास की बहुआयामी योजनाएं वहां चल रही है, बल्कि पिछले 10 सालों में कश्मीर में आतंकमुक्त करने में भी बड़ी सफलता मिली है। बीते साढ़े तीन दशक के दौरान कश्मीर का लोकतंत्र कुछ तथाकथित नेताओं का बंधुआ बनकर गया था, जिन्होंने अपने राजनीतिक स्वार्थों के लिये जो कश्मीर देश के माथे का ऐसा मुकुट था, जिसे सभी प्यार करते थे, उसे डर, हिंसा, आतंक एवं दहशत का मैदान बना दिया। लेकिन वहां विकास एवं शांति स्थापना का ही परिणाम रहा कि चुनाव में लोगों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेकर लोकतंत्र में अपना विश्वास व्यक्त किया। कहा जा सकता है कि राज्य में लोकतंत्र को मजबूत होते देख बौखलाहट में ये आतंकवादी हमले किये जा रहे हैं। दरअसल, केंद्रशासित प्रदेश का शांति-सुकून की तरफ बढ़ना आतंकवादियों की हताशा को ही बढ़ाता है। हाल के दिनों में रिकॉर्ड संख्या में पर्यटकों का घाटी में आना और लोकसभा चुनाव में बंपर मतदान सीमा पार बैठे आतंकियों के आकाओं को रास नहीं आया है। जम्मू के इलाके में आतंकी घटनाओं में वृद्धि शासन-प्रशासन के लिये गंभीर चिंता का विषय होना चाहिए। इन हमलों में पाकिस्तान की भूमिका को नकारा नहीं जा सकता। उल्लेखनीय है कि रविवार को हुए हमले की जिम्मेदारी जहां लश्कर-ए-तैयबा के आतंकी गुट टीआरएफ ने ली तो डोडा में हुए हमले की जिम्मेदारी पाक पोषित जैश-ए-मोहम्मद के एक गुट कश्मीर टाइगर्स नामक आतंकी संगठन ने ली है।

**(ये लेखक निजी विचार है।)**

# रचनात्मक राजनीति समय की जरूरत



सुरेश हिन्दुस्थानी



**भारत** एक लोकतांत्रिक देश है। इसका तात्पर्य यही है कि देश की जनता ही भारत की असली सरकार है। लोकसभा चुनाव के बाद अब देश में सरकार और विपक्ष की भूमिका भी तय हो गई है। जनता ने जहां नरेन्द्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाने के लिए राजग को बहुमत दिया है, वहीं कांग्रेस के नेतृत्व में विपक्ष को एक बार फिर से सत्ता से दूर कर दिया है। अब चुनाव हो चुके हैं, इसलिए लोकतांत्रिक देश होने के नाते आवश्यक है कि सत्ता पक्ष और विपक्ष को जनता की भावनाओं को ध्यान में रखकर ही काम करना चाहिए। क्योंकि चुनाव प्रचार के दौरान जिस प्रकार के बयान दिए गए, उससे यही लगता है कि इसकी प्रतिध्वनि आगे भी सुनाई देगी। आज के राजनीतिक हालातों का अध्ययन किया जाए तो यह कहना सर्वथा उचित ही होगा कि दलीय आधार की राजनीति करना केवल चुनाव तक ही सीमित रहना चाहिए। उसका असर अगर संसद की कार्यवाही में दिखाई देगा तो यह देश के साथ अन्याय ही होगा। सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों को ही चाहिए कि वह अब देश हित की राजनीति करने वाले ही कदम उठाए। जहां तक राजनीतिक विश्लेषण की बात है तो यही कहा जाएगा कि भारत की जनता ने भाजपा के नेतृत्व वाले गठबंधन को सत्ता सौंपी है और कांग्रेस नेतृत्व वाले गठबंधन को विपक्ष में बैठने का जनादेश दिया है। दोनों पक्ष की अलग भूमिका होती है। संसद के माध्यम से देश का संचालन किया जाता है। यह राजनीतिक जोर आजमाइश का मैदान नहीं है, इसलिए संसद की गरिमा का भी सभी राजनीतिक दल ध्यान रखें, ऐसी भूमिका सभी मिलकर तय करें। सरकार और विपक्ष दोनों को चाहिए कि वह रचनात्मक राजनीति करके देशहित पर ध्यान दें, क्योंकि लोकतंत्र में लड़ाई सिर्फ चुनाव तक ही सीमित रहना चाहिए। भारत की राजनीति का उद्देश्य भी यही है कि इसके माध्यम से जनसेवा की जाए। अगर दलीय आधार पर संसद में राजनीति की जाए तो फिर देश बनाने की आशा किससे की जाए। उल्लेखनीय है कि जनता की पसंद और नापसंद जानने के लिए ही देश में लोकतंत्र है। चुनाव के बाद निर्वाचित हुए प्रतिनिधि वास्तव में जनता के ही प्रतिनिधि हैं, इसलिए अब सभी को जनता के लिए ही जिम्मेदार होना चाहिए। चुनाव तक ही भाजपा और कांग्रेस की राजनीति रहती है, अब विपक्ष को भी चाहिए कि वह अच्छे कार्यों में सरकार का साथ दे, क्योंकि अब सरकार राजनीतिक दल की नहीं, बल्कि भारत की सरकार है। भारत की सरकार का आशय हम सबकी सरकार ही है। कहने को देश में लोकतंत्र है, लेकिन ऐसा लगता है कि राजनीतिक दलों के जो नेता जनप्रतिनिधि बनकर दिल्ली या प्रदेश की राजधानियों में बैठते हैं, उनको केवल अपने दल के अनुसार ही काम करना होता है। जिसमें लोक की भावनाओं का समावेश बिलकुल भी नहीं रहता। हमेशा यही देखा जाता है कि लोकतंत्र को कमजोर करने वाले हमारे राजनेता केवल विरोध करने के लिए ही विरोध करने की शैली को अपनाने के लिए ही बाध्य होते हैं। पिछली बार हम सबने देखा कि संसद की कार्यवाही को कई बार बाधित किया गया। लोकतंत्र की व्यवस्था के अनुसार विपक्ष का होना भी अत्यंत जरूरी है, लेकिन जो विपक्ष रचनात्मक भूमिका का पालन नहीं करता ऐसे विपक्ष से तो विपक्ष का न होना ही सही है। सत्ता पक्ष की निरंकुशता पर लगाम स्थापित करने के लिए ही विपक्ष का काम होता है, लेकिन भारत में प्रायः देखा जाता है कि सत्ता पक्ष के हर कार्य के लिए विपक्ष अपना विरोधी रुख अपनाता है। सरकार के हर कार्य का विरोध करना भी ठीक नहीं है। यह बात सही है कि इस बार लोकसभा में मजबूत विपक्ष है। इसलिए विपक्ष अपने आपको मजबूत ही दिखाएगा, यह स्वाभाविक ही है। पिछले समय जब विपक्ष बिखरा हुआ था, तब भी विपक्ष ने अपनी ताकत दिखाने में कोई कसर नहीं छोड़ी थी। लेकिन इस बार राजनीतिक स्थितियां बदली हुई हैं। सरकार की ताकत भी कम हुई है, गठबंधन के सहयोगी दल भी अपनी उपस्थिति का अहसास हमेशा कराते रहेंगे। ऐसे में सरकार जनता के किए गए कितने वादों पर अमल कर पाएगी, यह देखने वाली बात होगी। वहीं विपक्षी दलों की परेशानी यह है कि उसने जनता से जो वादे किए हैं, उसका क्या होगा, क्योंकि विपक्ष ने यह प्रचारित करके अपने पैरों पर कुल्हाड़ी मारने जैसा ही काम किया है कि उसने भाजपा की जीत के रथ को रोक दिया है, जबकि यथार्थ में ऐसा नहीं है। जनता के बीच विपक्ष ने अपनी जीत का ही संदेश दिया है, इससे जनता एक बार फिर से भ्रमित होती दिखाई दे रही है और इसीलिए ही कांग्रेस के कार्यालयों पर जनता की भीड़ उमड़ रही है। यह जनता कांग्रेस से अपने वादे पूरे करने की मांग कर रही है। क्योंकि उनके सामने यही संदेश दिया है कि कांग्रेस सहित विपक्ष की बड़ी जीत हुई है। वर्तमान स्थिति का राजनीतिक विश्लेषण किया जाए तो यही कहना उचित होगा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) आज भी जनता की पहली पसंद है। भाजपा को जितनी सीट मिली हैं, उसके आधे भी विपक्ष के किसी दल को नहीं मिली। प्रचार में पूरी ताकत झोंकने के बाद भी कांग्रेस 100 के आंकड़े को नहीं छू सकी, यह गहन चिंता का विषय है, लेकिन कांग्रेस इस सत्य को स्वीकार करने की मानसिकता नहीं बना पाई। राजनीति में सीटों की संख्या का महत्व होता है और सीटों के मामले में भाजपा बहुत आगे है। यह अलग बात है कि देश के सबसे बड़े राज्य उत्तर प्रदेश में भाजपा को अपेक्षित सफलता नहीं मिल पाई, लेकिन इस बार भाजपा ने दक्षिण के कुछ राज्यों में अपनी उपस्थिति का अहसास कराया है। यह भाजपा के लिए आनंद की ही बात है। जिस दक्षिण के लिए भाजपा अछूत मानी जाती थी, वहां भाजपा स्वीकार होने लगी है। एक खास बात यह भी है कि इस बार के आम चुनाव में जनता ने क्षेत्रीय दलों को भी बहुत अच्छा महत्व दिया है। क्षेत्रीय दलों के अस्तित्व में आने के बाद देश में गठबंधन की राजनीति का युग फिर से आ गया है। राष्ट्रीय राजनीतिक परिदृश्य में भाजपा और कांग्रेस की उपस्थिति देश के अधिकतर राज्यों में है। बाकी सभी दल राष्ट्रीय फलक पर प्रभाव दिखाने वाले नहीं हैं। इसके अलावा विपक्ष में अभी से बिखराव प्रारम्भ हो गया है। आम आदमी पार्टी ने कांग्रेस से पूरी तरह से किनारा कर लिया है। ऐसे में विपक्षी गठबंधन पर फिर से सवाल उठने लगे हैं।

**(ये लेखक निजी विचार है।)**

# 'खो-खो' गुमनामी से अंतरराष्ट्रीय शिखर तक



सुधांशु मित्तल

**पीछा** करने के सदियों पुराने रोमांचक खेल 'खो-खो' की जड़ें भारतीय पौराणिक कथाओं में हैं और यह खेल प्राचीनकाल से प्राकृतिक घास या मैदान में नियमित रूप से पूरे भारत में खेला जाता है। 'खो' मराठी शब्द है जिसका अर्थ है जाओ और पीछा करो। भारत के ग्रामीण क्षेत्रों में बच्चों द्वारा खेले जाने वाला 'खो खो' प्राचीन भारत का पारंपरिक खेल माना जाता है और यह ग्रामीण क्षेत्रों में कबड्डी के बाद दूसरा रोमांचक टैग गेम है। 'खो खो' की उत्पत्ति भारत में मानी जाती है। इतिहास में इसका वर्णन मौर्य शासनकाल (चौथी ईसा पूर्व) में मिलता है। 'खो खो' खेल का वर्णन महाभारत काल में भी किया गया है। विशेषज्ञों का मानना है कि महाभारत काल में 'खो खो' रथ पर खेला जाता था जहां प्रतिद्वंद्वी रथ पर सवार होकर एक-दूसरे का पीछा करते थे, जिसे 'रथेरा' कहा जाता था। कुछ इतिहासकारों का मानना है कि महाभारत युद्ध के 13वें दिन गुरु द्रोणाचार्य द्वारा बनाए गए चक्रव्यूह में प्रवेश करने के लिए अभिमन्यु ने 'खो-खो' में इस्तेमाल की जाने वाली रणनीति का उपयोग किया था और 'खो-खो' के कौशल का उपयोग करके कौरव वंश को भारी नुकसान पहुंचाया था। लोकमान्य तिलक द्वारा गठित डेक्कन जिमखाना पुणे ने पहली बार इस खेल के विधिवत नियम तय किए। वर्ष 1923-24 में इंटर स्कूल स्पोर्ट्स कम्पटीशन की स्थापना की गई जिसके माध्यम से ग्रामीण स्तर पर 'खो-खो' को लोकप्रिय करने के लिए कदम उठाए गए। वर्ष 1928 में भारत की पारंपरिक खेलों को प्रोत्साहित करने के लिए गठित

**भारत के ग्रामीण क्षेत्रों में बच्चों द्वारा खेले जाने वाला 'खो खो' प्राचीन भारत का पारंपरिक खेल माना जाता है और यह ग्रामीण क्षेत्रों में कबड्डी के बाद दूसरा रोमांचक टैग गेम है। 'खो खो' की उत्पत्ति भारत में मानी जाती है। इतिहास में इसका वर्णन मौर्य शासनकाल (चौथी ईसा पूर्व) में मिलता है। 'खो खो' खेल का वर्णन महाभारत काल में भी किया गया है। विशेषज्ञों का मानना है कि महाभारत काल में 'खो खो' रथ पर खेला जाता था जहां प्रतिद्वंद्वी रथ पर सवार होकर एक-दूसरे का पीछा करते थे, जिसे 'रथेरा' कहा जाता था।**

'अखिल भारतीय शारीरिक शिक्षण मंडल' द्वारा वर्ष 1935 में इस खेल के नियमों को पुस्तक के रूप में प्रकाशित किया गया। आधुनिक काल में 'खो-खो' खेल को महाराष्ट्र के अमरावती के हनुमान व्यायाम प्रसारक मंडल के तत्वाधान में सबसे पहले 1936 के बर्लिन ओलंपिक्स में प्रदर्शित किया गया था तथा इस खेल को अडोल्फ हिटलर ने जमकर सराहा। वर्ष 1938 में अखिल महाराष्ट्र शारीरिक शिक्षण मंडल ने 'खो-खो' खेल की दूसरी नियम पुस्तिका प्रकाशित की। इसी वर्ष अकोला में इंटर जोनल स्पोर्ट्स का आयोजन किया गया। आज 'खो-खो' भारत के सभी राज्यों में खेली जाती है तथा राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर 'खो-खो' की अनेक प्रतियोगिताएं आयोजित की जाती हैं। आजादी के बाद भारतीय खेलों को प्रोत्साहन देने के अंतर्गत 1955-56 में 'अखिल भारतीय खो-खो मंडल' की स्थापना की गई। पुरुषों की पहली राष्ट्रीय खो-खो चैंपियनशिप का आयोजन 25 दिसंबर 1959 से 01 जनवरी 1960 को किया गया जबकि महिलाओं की पहली राष्ट्रीय खो-खो चैंपियनशिप महाराष्ट्र के कोल्हापुर में 13 से 16 अप्रैल 1961 को आयोजित की गई। वर्ष 1964 में इंदौर (मध्य प्रदेश) में आयोजित 5वीं नेशनल खो-खो चैंपियनशिप में व्यक्तिगत पुरस्कार शुरू किए गए। वर्ष 1966 में 'खो-खो फेडरेशन ऑफ इंडिया' की स्थापना की गई तथा वर्ष 1970 में किशोर लड़कों की पहली नेशनल खो-खो चैंपियनशिप का आयोजन किया गया जबकि वर्ष 1974 में किशोर लड़कियों की पहली नेशनल खो-खो चैंपियनशिप का आयोजन किया गया। 1982 में दिल्ली में आयोजित 9वें एशियाई खेलों में खो-खो का डेमोंस्ट्रेशन मैच आयोजित किया गया। वर्ष 1987 में कोलकाता में आयोजित तीसरी साउथ एशियाई खेलों में खो-खो खेल को प्रदर्शित किया गया। अंतरराष्ट्रीय खेलों में पहली बार वर्ष 1996 में 'खो-खो' की पहली एशियाई खो-खो चैंपियनशिप आयोजित की गई, जिससे 'खो-खो' को अंतरराष्ट्रीय खेल के रूप में लोकप्रियता मिली, जिससे आज यह खेल 36 से अधिक देशों में खेला जाता है। वर्ष 1998 में पहला नेताजी सुभाष गोल्ड कप इंटरनेशनल खो-खो टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। 'खो-खो' को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रोत्साहित करने के लिए जुलाई 2018 में 'इंटरनेशनल खो-खो फेडरेशन' का गठन किया गया जिसका मुख्यालय लंदन में है। लंदन में पहली इंटरनेशनल खो-खो चैंपियनशिप वर्ष 2018 में आयोजित की गई। आज 'खो-खो' भारत और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर व्यापक रूप से खेला जाने वाला खेल है। यह विभिन्न अंतरराष्ट्रीय खेल आयोजनों का हिस्सा है जिसमें लगभग 20 देशों की राष्ट्रीय खो-खो टीमें हैं। ऐसे गौरवशाली इतिहास के साथ खो-खो की लोकप्रियता आने वाले वर्षों में भी बढ़ती रहेगी।

**(ये लेखक के निजी विचार है।)**

समस्या

## तनाव व चिंता का कारण बनती प्रश्नपत्र लीक होने की बढ़ती घटनाएं



प्रियंका सौरभ

**यह** दुर्भाग्य की बात है कि शिक्षा क्षेत्र की कई समस्याओं के समाधान की कोई राह नहीं दिख रही है। इन्हीं में से एक है प्रश्नपत्र लीक होने की समस्या। शायद ही कोई ऐसा राज्य हो, जहां किसी न किसी प्रतियोगी या नियमित परीक्षा के प्रश्नपत्र लीक होने का मामला सुर्खियों में न रहता हो। प्रश्नपत्र लीक होने की निरंतर घटनाएं प्रतियोगी परीक्षाओं की वास्तविकता को कमजोर करती हैं और छात्रों के लिए काफी तनाव का कारण बनती हैं। इस मुद्दे को सुलझाने के लिए एक उत्कृष्ट दृष्टिकोण की आवश्यकता है, जिसमें बेहतर सुरक्षा प्रोटोकॉल, प्रौद्योगिकी का लाभ उठाना, सख्त कानूनी उपाय और प्रभावित छात्रों के लिए व्यापक समर्थन शामिल है। इन उपायों को लागू करके, हम परीक्षा प्रणाली में विश्वास बहाल कर सकते हैं और सभी छात्रों के लिए एक निष्पक्ष और उचित प्रक्रिया सुनिश्चित कर सकते हैं। जब किसी प्रतियोगी परीक्षा का प्रश्नपत्र लीक होता है तो परीक्षार्थियों के साथ परिजनों के भी सपने भी चकनाचूर होते हैं। ऐसी घटनाओं से एक उन्नत, समृद्ध, सुशिक्षित एवं सशक्त राष्ट्र एवं समाज बनने-बनाने का हमारा सामूहिक स्वप्न और मनोबल टूटता है। इससे युवाओं के भीतर व्यवस्था के प्रति असंतोष एवं निराशा की स्थायी भावना घर करती है, शासन का प्रभाव कम होता है और व्यवस्था से आमजन का मोहभंग होता है। नौजवानों के लिए प्रतियोगी परीक्षाएं न केवल उज्ज्वल भविष्य का, अपितु कई बार अस्तित्व का भी प्रश्न बन जाती हैं। इसके साथ ही सरकार की विश्वसनीयता संकट में पड़ती है। प्रश्नपत्र लीक करवाने के मामले में कई बार बड़े-बड़े कोचिंग केंद्रों एवं संचालकों की भी संलिप्तता पाई जाती है। नकल आज एक देशव्यापी कारोबार बनता जा रहा है, जिसके कई लाभार्थी और अंशधारक हैं। राजनेता से लेकर अधिकारी तक, प्रश्नपत्र निर्माता से लेकर समन्वयक तक, परीक्षा आयोजित कराने वाली संस्थाओं और आयोगों से लेकर परीक्षा केंद्रों तक की संदिग्ध भूमिका या मिलीभगत से इंकार नहीं किया जा सकता। प्रश्नपत्र लीक की लगातार घटनाएं भारत की शिक्षा प्रणाली में एक महत्वपूर्ण चिंता का विषय बन गई हैं। उदाहरण के लिए, अकेले प्रश्नपत्र लीक के 70 से अधिक मामले 2023 में सामने आए, जिससे बीसीएस , मेडिकल प्रवेश परीक्षा और राज्य भर्ती परीक्षाओं सहित विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाएं प्रभावित हुईं। इन लीक ने छात्रों में अत्यधिक तनाव और चिंता पैदा कर दी है, जिससे उनकी तैयारी और आत्मविश्वास का स्तर बाधित हुआ है। प्रश्नपत्र लीक होने में मैनुअल हैंडलिंग और सुरक्षा चूक प्रमुख कारण है। प्रश्नपत्रों की छपाई और वितरण की पारंपरिक विधि में कई टचपॉइंट शामिल होते हैं, जहां सुरक्षा से समझौता किया जा सकता है। उदाहरण के लिए: 2020 में, मैनुअल हैंडलिंग गलती के कारण बिहार लोक सेवा आयोग की परीक्षाओं के दौरान एक महत्वपूर्ण गलती हुई। संगठित अपराध में संलिप्तता से आपराधिक गिरोह परीक्षा प्रणाली की कमजोरियों का लाभ बढ़ते आर्थिक लाभ कमाते हैं। उदाहरण के लिए: राजस्थान में, कई परीक्षाओं के प्रश्नपत्र लीक करने वाले एक गिरोह का भंडाफोड़ किया गया, जिससे करोड़ों का अवैध राजस्व अर्जित हुआ। तकनीकी कमजोरियाँ बताती है कि खराब सुरक्षा वाले डिजिटल सिस्टम को हैक किया जा सकता है, जिससे इलेक्ट्रॉनिक लीक हो सकता है। उदाहरण के लिए: मेडिकल प्रवेश परीक्षा के प्रश्नपत्र हैक किए गए ईमेल पोस्ट के माध्यम से लीक हो गए, जिससे व्यापक वितरण हुआ। परीक्षा अधिकारी या कर्मचारी कभी-कभी वित्तीय लाभ के लिए पेपर लीक करने के लिए बाहरी पक्ष के साथ सहयोग करते हैं। उदाहरण के लिए: 2023 में राज्य भर्ती परीक्षाओं के लिए प्रश्नपत्र लीक करने में शामिल होने के लिए कई अधिकारियों को गिरफ्तार किया गया था। प्रश्नपत्र लीक रोकने के लिए आज हमें उन्नत सुरक्षा प्रोटोकॉल की महती आवश्यकता है।

**(ये लेखक के निजी विचार है।)**

# प्रकृति के सभी घटकों पर आधुनिक सभ्यता का आक्रमण



हृदयनारायण दीक्षित

**प्रकृति** का प्रत्येक अंश और अंग परस्परावलम्बन में है। सब एक-दूसरे पर आश्रित हैं। न जल स्वतंत्र है और न ही हवा। वनस्पतियां और औषधियां भी स्वतंत्र नहीं हैं। लाखों जीव हैं, वह भी प्रकृति की शक्तियों पर निर्भर हैं। पिछले कुछ समय से प्रकृति के सभी घटकों पर आधुनिक सभ्यता का आक्रमण है। पृथ्वी का ताप बढ़ा है। संभवतः पहली बार भारत के बड़े क्षेत्र में तापमान लगभग 50 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचा। अनेक जीव, पशु और पक्षी इस ताप को सह नहीं पाए। अनेक मनुष्यों की भी इस ताप के कारण मृत्यु हुई। भूमण्डलीय ताप में लगातार वृद्धि का कारण हमारी जीवनशैली है। इसका केन्द्र आधुनिक औद्योगिक सभ्यता है। इस विषय पर कई अंतरराष्ट्रीय बैठकें भी हो चुकी हैं। लेकिन कोई लाभ नहीं हुआ। यही स्थिति जल प्रदूषण की है। नदियां सूख रही हैं। ऋतु चक्र गड़बड़ाया है। प्राचीन भारत में सभी प्राकृतिक शक्तियों और वनस्पतियों और भिन्न-भिन्न जीवों के प्रति आत्मीयता का भाव रहा है। अथर्ववेद के पृथ्वी सूक्त में यह आत्मीयता सुंदर कविता के रूप में प्रकट हुई है। इस सूक्त के रचनाकार अथर्वा हैं। उन्होंने पृथ्वी को माता कहा है। उत्सवों और मांगलिक कार्यों में छाया आदि बनाने के क्रम में जमीन में बांस गाड़े जाते थे। जमीन को खोदना पड़ता था। ऋषि प्रार्थना करते हैं, ''हे पृथ्वी माता इसके लिए हमें क्षमा करें।'' अथर्वा कहते हैं, ''इस पृथ्वी पर तमाम उत्सव होते हैं। लोग मिलते हैं। परस्पर प्रसन्न होते हैं। ऐसी हमारी पृथ्वी माता हम सबको संरक्षण दें।'' ऋग्वेद और अथर्ववेद में वनस्पतियों को भी देवता माना गया है। महाभारत के प्रसंग में श्रीकृष्ण ने पृथ्वी की उपासना की। पृथ्वी प्रकट हो गईं। श्रीकृष्ण ने पूछा, ''हे माता आप किस उपासना से प्रसन्न होती हैं?'' पृथ्वी ने उत्तर दिया, ''दोपहर और सांय कीट-पतिंग, चूहे-बिल्लियों आदि के लिए अन्न के कुछ दाने बिखेरने से।'' मार्क्सवादी विद्वान रामशरण शर्मा ने ''प्रारंभिक भारत का परिचय'' (पृष्ठ 44) में लिखा है, ''प्राचीन भारत में नदियां ईश्वर तुल्य मानी जाती थीं। ऋग्वेद में सरस्वती नदी को देवी के रूप में चित्रित किया गया है। वैदिकोत्तर काल में गंगा को मातृ देवी कहा गया है। ऐसी परंपराएं आज तक बरकरार हैं, पृथ्वी और जल दोनों से वनस्पतियों और पशुओं का पोषण होता था। इसलिए इन्हें माता का दर्जा दिया गया। अनेक वृक्ष नीम, पीपल, बरगद, शमी और तुलसी भी पवित्र माने जाते हैं।'' ऋग्वेद और अथर्ववेद में गोहत्या को निषेध बताया गया है। शर्मा जी ने लिखा है, ''गौतम बुद्ध पहले व्यक्ति थे जिन्होंने सुत्त निपात में गायों की सुरक्षा की आवश्यकता पर बल दिया है।'' शर्मा जी ने ऋग्वेद के संदर्भ की उपेक्षा की है। बुद्ध से बहुत पहले ऋग्वेद में गायों की सुरक्षा के साथ उनकी उपासना पर भी जोर दिया गया है। संपूर्ण वैदिक साहित्य पर्यावरण सजगता से भरा पूरा है। पर्यावरण की चिंता संप्रति विश्व कर्तव्य है। भारत में पर्यावरण चेतना का उद्भव कम से कम 3000 से 4000 वर्ष पुराना है। गीता में श्रीकृष्ण ने अर्जुन को प्रकृति का यज्ञ चक्र समझाया और कहा, ''अन्न से प्राणी हैं, अन्न वर्षा से उत्पन्न होता है। वर्षा यज्ञ से होती है और यज्ञ श्रेष्ठ कर्म से उत्पन्न होता है (गीता 3.14)।'' मनुष्य वनस्पतियों और जीवन के प्रति आत्मीय बना रहे तो वर्षा समय पर होगी। सभी प्राकृतिक आपदाओं से सुरक्षा भी होगी। रामधारी सिंह दिनकर ने 'संस्कृति के चार अध्याय' में लिखा है, ''जब आर्य इस संस्कृति का निर्माण करने लगे तब उनके सामने अनेक जातियों को एक संस्कृति में पचा कर समन्वित करने का सवाल था। ये जातियां आर्य आगमन के पहले से ही इस देश में बस रहीं थीं। उन्होंने आरंभ से हिन्दुओं का लचीला रुख पसंद किया।'' दिनकर जी के कथन में आर्य बाहर से आई हुई जाति है। प्रश्न है कि बाहर से आए आर्य यहां पर नदी संस्कृति का निर्माण क्यों करेंगे? दिनकर जी आर्यों को बाहर से आया हुआ मानते थे। यह गलत है। यहां पहले से ही वैदिक संस्कृति फल फूल रही थी। दिनकर जी ने अपनी बात के समर्थन में पंडित जवाहर लाल नेहरू को उद्धृत किया है। नेहरू ने लिखा है, ''ईरानी और यूनानी लोग, पार्थियन और बैक्ट्रियन लोग, सीथियन और हूण लोग, मुसलमानों से पहले आने वाले तुर्क और ईसा की आरंभिक सदियों में आने वाले ईसाई, यहूदी और पारसी, ये सब के सब एक के बाद एक भारत में आए और उनके आने से समाज ने एक हल्के कम्पन का भी अनुभव किया। मगर अंत में आकर वे सब के सब भारतीय संस्कृति के महासमुद्र में विलीन हो गए।'' नेहरू के कथन में भारतीय संस्कृति का महासमुद्र ध्यान देने योग्य है। इसी में बाहर से आए लोग और विचार धुल गए। सांस्कृतिक दृष्टि से भारत प्राचीन काल से ही सर्वसमावेशी रहा है। इसका कारण प्राचीन वैदिक दर्शन रहा है। सीईएम जोड ने सही लिखा है,''मानव जाति को भारत वासियों ने जो सबसे बड़ी चीज वरदान के रूप में दी है वह यह है कि भारतवासी हमेशा से ही अनेक जातियों के लोगों और अनेक प्रकार के विचारों के बीच समन्वय करने को तैयार रहे हैं और सभी प्रकार की विविधताओं के बीच एकता कायम करने की उनकी क्षमता लाजवाब रही है। सबके प्रति आत्मभाव भारतवासियों का स्वभाव रहा है। वैदिककाल में कीट पतिंग से लेकर मनुष्यों तक एक ही आत्मतत्व मान्य रहा है।'' भारतीय ज्ञान परंपरा से प्रभावित विद्वान मैक्समूलर ने लिखा है, ''अगर मैं आपसे यह पूछूं कि केवल यूनानी, रोमन और यहूदी भावनाओं और विचारों पर पलने वाले हम यूरोपीय लोगों के आतंरिक जीवन को अधिक समृद्ध, अधिक पूर्ण और अधिक विश्वजनीन, संक्षेप में, अधिक मानवीय बनाने का नुस्खा हमें किस जाति के साहित्य में मिलेगा, तो बिना किसी हिचकिचाहट के मेरी ऊंगली हिन्दुस्तान की ओर उठ जाएगी।'' बीसवीं सदी के चिंतक रोम्यां रोलां ने लिखा है, ''अगर इस धरती पर कोई एक ऐसी जगह है, जहां सभ्यता के आरंभिक दिनों से ही मनुष्यों के सारे सपने आश्रय और पनाह पाते रहे हैं, तो वह जगह हिन्दुस्तान है।''

यहां ऋग्वेद के रचनाकाल के पहले से ही विश्ववारा संस्कृति रही है। यहां जो भी आया हिन्दू समाज ने उसका स्वागत किया। सबके साथ रहने, मिलने, बात करने और संस्कृति का आनंद लेने का वातावरण वैदिक काल से ही शिखर पर था। इस्लामी ब्रितानी लोगों के भारत आने से संस्कृति पर बुरा प्रभाव पड़ा। इस्लाम अनुयायियों से टकराव भी हुए। बाद में ब्रिटिश सत्ता द्वारा भारतीय संस्कृति पर हमले हुए। अंग्रेज भारत के लोगों का धर्मांतरण चाहते थे। उन्होंने भी भारतीय संस्कृति पर आधुनिकता के नाम पर तमाम वैचारिक हमले किए। गांधी जी ने कड़ा प्रतिवाद किया और यूरोपीय सभ्यता को 'चांडाल' कहा। इस सभ्यता को ही दुर्भाग्य से आधुनिक सभ्यता कहा जाता है। हमारी आधुनिक सभ्यता हमारी ही प्राचीन संस्कृति का आधुनिक रूप होना चाहिए।

**भूमण्डलीय ताप में लगातार वृद्धि का कारण हमारी जीवनशैली है। इसका केन्द्र आधुनिक औद्योगिक सभ्यता है। इस विषय पर कई अंतरराष्ट्रीय बैठकें भी हो चुकी हैं। लेकिन कोई लाभ नहीं हुआ। यही स्थिति जल प्रदूषण की है। नदियां सूख रही हैं। ऋतु चक्र गड़बड़ाया है। प्राचीन भारत में सभी प्राकृतिक शक्तियों और वनस्पतियों और भिन्न-भिन्न जीवों के प्रति आत्मीयता का भाव रहा है।**

**(ये लेखक के निजी विचार है।)**


स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंवं मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-3553943, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com
(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

## 26 यात्रियों को लेकर जा रहा टेंपो ट्रैवलर नदी में गिरा

# 13 लोगों की मौत, 13 घायल

एजेंसी

**रुद्रप्रयाग।** उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग जिले में शनिवार की सुबह एक बड़ा हादसा हो गया। दिल्ली नोएडा के यात्रियों को टेंपो ट्रैवलर अलकनंदा नदी में जा गिरा। इस हादसे में 13 लोगों की मौत हो गई है। जबकि 13 घायल है। छह गंभीर घायलों को पांच हेलिकॉप्टर से एयरलिफ्ट कर ऋषिकेश एम्स लाया गया है, जहां एक घायल ने दम तोड़ दिया। जबकि सात अस्पताल में भर्ती है। दिल्ली नोएडा से 26 यात्रियों को लेकर रात को वाहन निकला था। जानकारी के अनुसार रुद्रप्रयाग शहर से पांच किलोमीटर आगे बदरीनाथ हाईवे पर रैतोली के पास एक टेंपो ट्रैवलर पैरापिट को तोड़ते हुए अलकनंदा नदी में गिर गया। हादसे का कारण ड्राइवर को नींद की झपकी आना बताया जा रहा है। सूचना पर पुलिस प्रशासन जिला आपदा प्रबंधन, डीडीआरएफ समेत अन्य टीम मौके पर रेस्क्यू के लिए पहुंची। वाहन के नदी में गिरने पर यहां रेलवे लाइन पर काम कर रहे तीन लोग भी यात्रियों को बचाने के लिए कूदे, जिनमें से एक की मौत हो गई।






रुद्रप्रयाग में बद्रीनाथ राजमार्ग के पास एक टेम्पो ट्रैवलर के गहरी खाई में गिरने के बाद बचाव अभियान जारी है।

### केंद्रीय गृह मंत्री ने जताया दुख

रुद्रप्रयाग में हुई सड़क दुर्घटना पर अमित शाह ने दुख जताया। उन्होंने एक्स पर पोस्ट साझा कर कहा कि मेरी संवेदनाएं इस हादसे में जान गंवाने वालों के परिजनों के साथ हैं। स्थानीय प्रशासन और एसडीआरएफ की टीमें राहत व बचाव कार्य में जुटी हैं और घायलों को हर सम्भव सहायता उपलब्ध कराई जा रही है।

### सीएम धामी ने हादसे पर जताया दुख

हादसे के खबर पर दुख जताते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि टेंपो ट्रैवलर के दुर्घटनाग्रस्त होने का अत्यंत पीड़ादायक समाचार प्राप्त हुआ। स्थानीय प्रशासन व एसडीआरएफ की टीमें राहत एवं बचाव कार्यों में जुटी हुई है।

### हरीश रावत ने व्यक्त की शोक संवेदना

रुद्रप्रयाग घटना पर उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस नेता हरीश रावत ने कहा कि मृतकों की शांति के लिए भगवान से प्रार्थना करता हूं और जो घायल हैं उनके स्वास्थ्य के लिए कामना करता हूं।

## बीएसएफ ने अंतरराष्ट्रीय सीमा पर बरामद की 12 किलो हेरोइन

**जोधपुर।** श्रीगंगानगर सेक्टर से लगने वाली भारत-पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय सीमा पर रायसिंहनगर और अनूपगढ़ इलाके में बीती आधी रात में सूचना के आधार पर सीमा सुरक्षा बल के जवानों ने पाकिस्तान की ओर से ड्रोन के माध्यम से आई चार पैकेट संदिग्ध हेरोइन दो अलग-अलग स्थानों से बरामद की है। बीती मध्य रात्रि को पाकिस्तान की ओर से आए ड्रोन के देखकर हेरोइन तस्करी की सूचना मिली। उक्त सूचना के आधार पर सीमा सुरक्षा बल के जवानों ने ड्रोन की आवाज सुनाई देने पर तुरंत प्रभाव से ड्रोन की दिशा में फायरिंग की। इलाके की सघन तलाशी के दौरान रायसिंहनगर क्षेत्र से दो और अनूपगढ़ क्षेत्र से दो कुल चार पैकेट संदिग्ध हेरोइन बरामद की। तलाशी के दौरान कोई ड्रोन बरामद नहीं हो पाया है, हालांकि पुलिस को इलाके में गहन नाकाबंदी करने की सूचना दे दी गई है, ताकि हेरोइन मंगाने वाले तस्करों को दबोचा जा सके। इस ऑपरेशन के तहत बरामद की गई संदिग्ध हेरोइन का वजन लगभग 12.88 किलोग्राम (पैकिंग सामग्री सहित) है, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत लगभग 60 करोड़ रुपये आंकी गई है।

## छग : नारायणपुर में सुरक्षाबलों का नक्सलियों से मुठभेड़

# आठ नक्सली ढेर, एक जवान शहीद

एजेंसी

**नारायणपुर।** छत्तीसगढ़ के नारायणपुर में पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ की खबर है। जानकारी के अनुसार यहां अबूझमाड़ के जंगलों में मुठभेड़ में आठ नक्सली मारे गए हैं। मुठभेड़ में एक जवान बलिदान हो गया है और दो जवान घायल हैं। अभी मुठभेड़ जारी है।

अबुझमाड़ के जंगलों में नक्सलियों के खिलाफ सुरक्षाबलों की कार्रवाई जारी है। सुरक्षाबलों ने नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना पर सीमावर्ती जिलों के साथ मिलकर संयुक्त ऑपरेशन चलाया है। जवानों का संयुक्त ऑपरेशन अबुझमाड़ के कुतुल फरसबेड़ा कोड़तामेटा क्षेत्र में जारी है।

जानकारी के मुताबिक, नारायणपुर जिले के माड़ में पिछले दो दिनों से सुरक्षा बलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ चल रही है। संयुक्त ऑपरेशन में नारायणपुर-कोंडागांव-कांकेर-दंतेवाड़ा डीआरजी, एसटीएफ और आईटीबीपी 53वीं बटालियन बल शामिल हैं।

नक्सलियों के साथ मुठभेड़ में एक जवान बलिदान हो गए और दो के घायल होने की खबर है। बस्तर संभाग के जगदलपुर, कांकेर, दंतेवाड़ा, कोंडागांव से डीआरजी और एसटीएफ के 1400 जवान सर्चिंग पर निकले हैं।

जानकारी के लिए बता दें कि 161 दिन के अंदर 141 नक्सली ढेर हो चुके हैं। मारे गए नक्सलियों की संख्या बढ़ भी सकती है। पिछले तीन दिनों से नक्सलियों खिलाफ लगातार ऑपरेशन चल रहा है।



### सीएम विष्णुदेव का नक्सली एनकाउंटर पर ट्वीट

नारायणपुर जिले के ओरछा थाना के अंतर्गत फरसबेड़ा-धुरबेड़ा के बीच सुरक्षाबलों की नक्सलियों संग हुई मुठभेड़ में 8 नक्सलियों के मारे जाने की खबर है। मुठभेड़ में एसटीएफ के एक जवान के शहीद होने और दो जवानों के घायल होने की भी दुखद खबर आ रही है। घायल जवानों को तत्काल एयरलिफ्ट कर इलाज के लिए राजधानी रायपुर लाया जा रहा है। ईश्वर से शहीद जवान की आत्मा की शांति और घायल जवानों के जल्द से जल्द स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूँ। नक्सलियों के खिलाफ हो रही कड़ी कार्रवाई से नक्सली विचलित हैं। उनके खात्मे के लिए हमारी सरकार पूरी तरह तत्पर है और जब तक लक्ष्य पूरा नहीं हो जाता हम चुप नहीं बैठेंगे।

### आईईडी और एक कुकर बम बरामद

छत्तीसगढ़ के बीजापुर में सुरक्षाबलों ने 30-30 किलो विस्फोटक वाले सीरीज आईईडी और एक कुकर बम बरामद किया। जिला बल और 231 बीएन सीआरपीएफ के बम निरोधक दस्ते के संयुक्त अभियान के तहत ये कार्रवाई की गई है।

## नीट परीक्षा रद्द करने की मांग को लेकर पटना में सड़कों पर उतरे छात्र, पुलिस ने भांजी लाठियां

एजेंसी

**पटना।** एनईईटी (नीट) परीक्षा में हुई कथित गड़बड़ी को लेकर छात्रों में आक्रोश देखा जा रहा। बिहार की राजधानी पटना में शनिवार को सैकड़ों छात्र परीक्षा को रद्द करने की मांग को लेकर सड़कों पर उतरे और जमकर प्रदर्शन किया।

प्रदर्शनकारी छात्रों को हटाने के लिए पुलिस को बल प्रयोग करना पड़ा। पुलिस ने लाठियां भांजी तब जाकर विरोध प्रदर्शन शांत हुआ। पटना में दिनकर गोलंबर के पास शनिवार को नीट के परीक्षार्थियों ने हंगामा किया। इस



बीच उन्हें ओपेन बोर्ड के 12वीं के परीक्षार्थियों का साथ मिला।

प्रदर्शनकारी छात्रों ने केंद्र सरकार का पुतला फूंका और सड़क पर टायर जलाकर मार्ग को अवरूद्ध कर दिया। इस दौरान दिनकर गोलंबर पर आवागमन पूरी तरीके ठप हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने छात्रों को खदेड़ कर हटाया, तब जाकर हालात सामान्य हो सके। छात्र नीट परीक्षा को कैंसिल करने की मांग कर रहे थे। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि नीट परीक्षा में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी की गई है। इसलिए परीक्षा रद्द की जाए, और फिर से ली जाय।

उन्होंने कहा कि प्रश्न पत्र लीक करने के मामले में गिरफ्तारी हुई है, फिर भी सरकार मानने को तैयार नहीं है। छात्रों ने कहा कि एनटीए ने जो ग्रेस मार्क्स दिया, वह कहीं से भी उचित नहीं था। इसके बाद यह मामला सुप्रीम कोर्ट भी पहुंचा।

## सीएम नीतीश की तबीयत बिगड़ी, मेदांता अस्पताल में हुए भर्ती




**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार मेदांता अस्पताल पहुंचे हैं। शनिवार की सुबह खुद के स्वास्थ्य में हो रही समस्या को देखते हुए सीएम नीतीश कुमार हॉस्पिटल पहुंचे हैं। सीएम नीतीश कुमार सुबह जब सो कर उठे तो उनके हाथ में दर्द हुआ, जिसके इलाज के लिए सीएम पटना के मेदांता हॉस्पिटल गए हैं। मेदांता अस्पताल के ऑर्थो डिपार्टमेंट में उनका इलाज किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि इससे पहले भी सीएम नीतीश कुमार लोकसभा चुनाव के प्रचार के दौरान बीमार हो गए थे।

## दिल्ली जल संकट : वजीराबाद पॉन्ड में पानी लगभग खत्म, केंद्र से मांगी मदद

एजेंसी

**नई दिल्ली।** दिल्ली में पेयजल की सप्लाई करने वाले बड़े केंद्र 'वजीराबाद पॉन्ड' में पानी लगभग खत्म हो चुका है। दिल्ली में पानी की इस किल्लत की जानकारी शनिवार को खुद दिल्ली की जल मंत्री आतिशी ने दी।

दिल्ली सरकार ने शनिवार को पानी की कमी को लेकर एक आपात बैठक भी की। आतिशी ने बताया कि वजीराबाद पॉन्ड में पानी लगभग खत्म हो चुका है, वहीं मुनक नहर में भी पानी की कमी है। पानी की इस भयंकर कमी को



देखते हुए अब दिल्ली के विधायकों ने केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल से मदद मांगी है। मुनक नहर और वजीराबाद पॉन्ड दोनों ही स्त्रोतों में पानी की कमी की वजह से वाटर ट्रीटमेंट प्लांट मे पेयजल का प्रोडक्शन भी कम हो रहा है। दिल्ली में पिछले एक हफ्ते से पेयजल का प्रोडक्शन लगातार कम हो रहा है। आतिशी के मुताबिक, 1005 एमजीडी पानी के प्रोडक्शन की बजाय दिल्ली में 14 जून को केवल 932 एमजीडी पानी का प्रोडक्शन हुआ है। यानी दिल्ली में 70 एमजीडी से ज्यादा पानी की कमी है। यही वजह है कि दिल्ली के कई इलाकों में पानी की ज्यादा किल्लत हो गई है। इसे दूर करने के लिए कई स्थानों पर इमरजेंसी बोरवेल किए गए हैं और टैंकरों की मदद भी ली जा रही है।

## सुकेश चंद्रशेखर की पत्नी की याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** सर्वोच्च न्यायालय ने कथित ठग सुकेश चंद्रशेखर की पत्नी लीना पॉलोज की ओर से दायर याचिका को खारिज कर दिया। याचिका में दिल्ली उच्च न्यायालय के उस आदेश को चुनौती दी गई थी, जिसमें 200 करोड़ रुपये की जबरन वसूली के मामले में उनकी जमानत याचिका स्थगित कर दी गई थी। न्यायमूर्ति पीवी संजय कुमार और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की अवकाशकालीन पीठ ने स्पष्ट किया कि मामले में त्वरित कार्रवाई की मांग नहीं की जा सकती। पीठ ने अपने 14 जून के आदेश में कहा, विशेष अनुमति याचिका खारिज की जाती है।

## आज का राशिफल

**मेष**
पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। किसी से कहा सुनी न हो यही ध्यान रहे। अपना कार्य दूसरों के सहयोग से बना लेंगे। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी।

**वृषभ**
अपने संघर्ष में स्वयं को अकेला महसूस करेंगे। विशेष परिश्रम से ही अभिष्ट कार्य सिद्ध होंगे। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। बनते हुए कार्यों में बाधा आएगी। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। चल-अचल सम्पति में वृद्धि होगी। बाहरी सहयोग की अपेक्षा रहेगी।

**मिथुन**
अपने संघर्ष में स्वयं के आर्थिक उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। रोजगार में तरक्की मिलेगी। जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है। आवास, मकान तथा वाहन की सुविधाएं मिलेंगी। कर्ज तथा रोगों से मुक्ति भी संभव है। शत्रुओं की पराजय होगी। कुछ आर्थिक चिंताएं भी कम होगी।

**कर्क**
उच्चमनोबल रखकर कार्य करें, सफल होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी।

**सिंह**
यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बनेगी। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। बुद्धितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी।

**कन्या**
घर-परिवार में प्रसन्नता व सहयोग का वातावरण बनेगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। बाहरी सहयोग की अपेक्षा रहेगी। श्रम अधिक करना पड़ सकता है।

**तुला**
शांतिपूर्वक नित्य कार्य करें। संतान की प्रगति से संतोष होगा। व्यर्थ की भाग-दौड़ में समय व्यतीत होगा। वरिष्ठजनों से मतभेद उभर सकते हैं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कलह विवाद का डर बना रहेगा। पारिवारिक तनाव, अलगाव का सामना करना पड़ सकता है।

**वृश्चिक**
अपना कार्य दूसरों के सहयोग से बना लेंगे। प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। किसी अपने की सलाह उपयोगी सिद्ध होगी।

**धनु**
बुद्धि और धन का दुरूपयोग न करें। व्यर्थ के आडम्बरों से बचें। परिवार में किसी का स्वास्थ्य खराब हो सकता है। मानसिक तनाव में बढ़ोतरी होगी। किसी का अभद्र व्यवहार खिन्नता व तनाव बढ़ायेगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। आज का परिश्रम आगे लाभ देगा।

**मकर**
आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुख-आनंद कारक समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। आय के अच्छे योग बनेंगे।

**कुम्भ**
बुद्धितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होंगी। मनोविनोद बढ़ेंगे। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। संतान की उन्नति के योग हैं।

**मीन**
व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। जरा-सी लापरवाही आपको परेशानी में डाल सकती है। मानसिक व्यथा व संतान के कारण परेशानी होगी। आवेश में आना आपके हित में नहीं होगा इसलिए व्यवहार व वाणी पर नियंत्रण रखें। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा।

## बिहार के पश्चिम व दक्षिण भाग में लू से राहत नहीं, ऑरेंज अलर्ट जारी

एजेंसी

**पटना।** प्रदेश के पश्चिम और दक्षिण भाग में अगले 24 घंटों के लिए हीटवेब का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। साथ ही उत्तर-पश्चिम, उत्तर-मध्य भाग के एक दो स्थानों पर गर्म दिन रहने की संभावना के साथ यलो अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग का मानना है कि अगले 24 घंटे के दौरान अधिकतम तापमान में विशेष कोई परिवर्तन होने की संभावना नहीं है। इसके बाद अधिकतम तापमान में दो से चार डिग्री सेल्सियस कमी होने के आसार हैं।

पटना मौसम विज्ञान केंद्र से जारी पूर्वानुमान के मुताबिक अररिया, किशनगंज, पूर्णिया, कटिहार जिलों के कुछ स्थानों पर अगले कुछ घंटे के दौरान मेघ



गर्जन के साथ हल्के से मध्यम स्तर की बारिश के आसार हैं, जिसमें हवा की रफ्तार 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की होने की बात बताई जा रही है।

बिहार के सर्वाधिक अधिकतम तापमान 47.2 डिग्री से बक्सर में एवं सबसे कम न्यूनतम तापमान 22.5 डिग्री सेल्सियस किशनगंज में दर्ज किया गया। पिछले 24 घंटे के दौरान जिन जिलों में अधिकतम तापमान 40 डिग्री से अधिक दर्ज किए गए, उनमें पटना 42.8, गया 45.3, छपरा 42.6, डेहरी 45.6,शेखपुरा 42.4, गोपालगंज 41.5, जमुई 41.6, बक्सर 45.9, भोजपुर 45.2, वैशाली 43.5, औरंगाबाद 45.4, नवादा 43.6, राजगीर 44.6, जीरादेई 40.0, अरवल 45.1,बिक्रमगंज 44.5 और मुंगेर 40.6 डिग्री सेल्सियस है।

इसके अलावा भागलपुर 37.2,पूर्णिया 32.4, मुजफ्फरपुर 36. 0, बाल्मीकि नगर 38.6, दरभंगा 35.2 ,सुपौल 32.6, फारबिसगंज 34.2, मधुबनी 34.2, मोतिहारी 36.0, बेगूसराय 37.2, बांका 38.6, कटिहार 32.4, अररिया 30.5, पूसा 36.4 और किशनगंज 28.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किए गए। राज्य के बक्सर एवं भोजपुर में अधिकतम तापमान 45.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किए गए।

## कोर्ट सुनवाई का ऑडियो सोशल मीडिया पर पोस्ट करने के मामले में सुनीता केजरीवाल को नोटिस

**नई दिल्ली।** दिल्ली आबकारी घोटाला मामले में दिल्ली हाईकोर्ट ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पेशी के दौरान ट्रायल कोर्ट की वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये सुनवाई के ऑडियो सोशल मीडिया पर पोस्ट करने पर कार्रवाई की मांग वाली याचिका पर सुनवाई करते हुए अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल को नोटिस जारी किया है। हाईकोर्ट ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म को संबंधित ऑडियो हटाने का निर्देश दिया है।

## स्वाति मालीवाल मामला : विभव कुमार की न्यायिक हिरासत बढ़ी

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने शनिवार को राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल के साथ मारपीट और छेड़छाड़ के मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के सहयोगी विभव कुमार की न्यायिक हिरासत 22 जून तक बढ़ा दी। विभव कुमार को 18 मई को गिरफ्तार किया गया था। उन पर 13 मई को आम आदमी पार्टी नेता और दिल्ली महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष मालीवाल के साथ मुख्यमंत्री आवास के भीतर मारपीट और छेड़छाड़ करने का आरोप है।

## बेटे करते हैं मां-बाप से ज्यादा दुर्व्यवहार

-आरपी सिंह

**नई दिल्ली।** हेल्पेज इंडिया की एक रिपोर्ट के अनुसार वृद्धों से बुरा बर्ताव करने वालों में 42 प्रतिशत बेटे और 28 प्रतिशत बहुएं हैं। एक कार्यक्रम में हेल्पेज इंडिया की जारी रिपोर्ट के अनुसार लगभग 40 प्रतिशत या हर तीन में से एक बुजुर्ग को बीते एक साल में कोई आय नहीं मिली। इनमें ज्यादातर संख्या महिलाओं व निरक्षरों की है। 7 प्रतिशत बुजुर्गों ने दुर्व्यवहार का शिकार होने की बात स्वीकारी, जबकि 5 प्रतिशत ने इसका जवाब नहीं दिया।क्या दें, किससे कहें। मर-जीकर रहना तो उसी घर में है, उसी बेटे - बहू के साथ है। अध्ययन के दौरान यह बात सामने आई कि लोगों ने अपने बुढ़ापे की आर्थिक तैयारी नहीं की थी। इनके पास मामूली बचत थी और ज्यादातर किसी सरकारी योजना में नहीं आते थे। इनमें से 94 प्रतिशत बुजुर्ग किसी न किसी बीमारी से पीड़ित थे। लगभग 79 प्रतिशत वृद्ध बीते एक साल में अस्पताल पहुंचे थे।

ज्यादातर बुजुर्ग जिन्होंने दुर्व्यवहार का सामना किया, वे गैर संक्रामक रोग से पीड़ित थे। बताया कि उन्होंने दुर्व्यवहारियों को डांटा या



**40** प्रतिशत बुजुर्ग की कोई आमदनी नहीं

**94** प्रतिशत बुजुर्ग किसी न किसी बीमारी से पीड़ित

अनुरोध किया। कुछ ने दोस्तों या परिवार के अन्य सदस्यों को बताया, लेकिन कोई नतीजा नहीं निकला। इक्का-दुक्का मामलों में पुलिस में शिकायत भी दर्ज कराई गई। रिपोर्ट के अनुसार माता-पिता और वरिष्ठ नागरिक अधिनियम के रखरखाव व कल्याण के बारे में केवल नौ प्रतिशत में ही जागरूकता पाई गई। बुजुर्गों की देखभाल करने वालों में से 29 प्रतिशत ने शारीरिक और 32 प्रतिशत ने वित्तीय चुनौतियों का सामना करने की बात कही। बुजुर्ग स्वास्थ्य देखभाल सुविधाओं की जानकारी सिर्फ 15 प्रतिशत को ही थी। 31 प्रतिशत बुजुर्गों ने स्वास्थ्य बीमा तक पहुंच की सूचना दी। स्वास्थ्य बीमा न होने के पीछे मुख्य कारण जागरूकता की कमी (32 प्रतिशत), इसका खर्च न वहन कर पाना (24प्रतिशत) और जरूरत न होना (12 प्रतिशत) था। सिर्फ 1.5 प्रतिशत बुजुर्गों ने टेली मेडिसिन परामर्श सेवाओं का उपयोग किया। सात प्रतिशत बुजुर्गों ने बताया कि वे किसी सामाजिक संगठन के सदस्य थे। इससे वे शारीरिक और मानसिक रूप से सक्रिय रहे। मोबाइल और अन्य डिजिटल उपकरण बुजुर्गों को सक्रिय रहने में मदद कर रहे हैं। 41 प्रतिशत ने किसी डिजिटल डिवाइस तक पहुंच की सूचना दी। इनमें 48 प्रतिशत पुरुष और 33 प्रतिशत महिलाएं थीं। 80 वर्ष से ऊपर के केवल 26 प्रतिशत बुजुर्गों के पास डिजिटल डिवाइस थी। इनमें से ज्यादातर को इनका इस्तेमाल करने के लिए किसी का सहयोग लेना पड़ता था। वे डिजिटल डिवाइस का उपयोग मुख्य रूप से मनोरंजन के लिए करते हैं। लगभग 12 प्रतिशत इससे ऑनलाइन भुगतान आदि करते हैं।

## मप्र के मदरसों में 9417 हिंदू बच्चों को उर्दू के साथ दी जा रही इस्लाम की तालीम

एजेंसी

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के मदरसों में हिंदू बच्चे भी पढ़ रहे हैं। ऐसे कुल 9,417 हिंदू बच्चे हैं, जिन्हें मदरसों में उर्दू के साथ इस्लाम की तालीम दी जा रही है। चौकाने वाली बात यह है कि इन मदरसों को प्रदेश सरकार आर्थिक सहायता भी प्रदान कर रही है। मदरसों में एनसीईआरटी की शिक्षा व्यवस्था



लागू है। यह जानकारी प्रियंक कानूनगो ने दिया है। कानूनगो ने शुक्रवार को भोपाल प्रवास के दौरान मीडिया से बातचीत में कहा कि प्रदेश में मदरसे अवैध रूप से संचालित हो रहे हैं, लेकिन इस ओर स्कूल शिक्षा विभाग का कोई ध्यान नहीं है।

### 18 जून को मुख्य सचिव को तलब किया

कानूनगो ने प्रदेश में बाल संरक्षण की स्थिति जानने को 12 विभागों की समीक्षा की। वक्फ बोर्ड ने जानकारी दी है कि प्रदेश में चार यतीम खाने संचालित हैं, लेकिन यह किशोर न्याय अधिनियम के तहत शासन में पंजीकृत नहीं हैं।

## नारनौल जेल में भिड़े बंदी, चार घायल, तीन पीजीआई रैफर

एजेंसी

**नारनौल।** नारनौल में नसीबपुर स्थित जिला जेल में बंदियों के कई गुटों में झगड़ा हो गया। झगड़े में घायल चार बंदियों को जेल अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां से प्राथमिक उपचार के बाद नागरिक अस्पताल नारनौल भेज दिया गया। यहां से गंभीर हालत के चलते तीन बंदियों को रोहतक पीजीआई के ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया है। जिला जेल के उप अधीक्षक ने शुक्रवार की रात हुए इस झगड़े को लेकर 19 बंदियों के खिलाफ पुलिस को शिकायत दी है। पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। महावीर पुलिस चौकी को दी गई शिकायत में जेल वार्डन ने बताया कि जेल के ब्लॉक नंबर दो की बैरक नंबर 3 में बंद हवालाती बंदियों मिलन, मनीष, राहुल, नवल, निकेश, मुकेश, विकास, कुलदीप के साथ बैरिक में बंद अमित व मुकेश ने आपस में मारपीट में झगड़ा कर लिया।

## आज के मैच

समय : 12:30 बजे स्थान : एंटीगा

समय : 03:00 बजे स्थान : सेंट लूसिया

## एक नजर

### यशस्वी जायसवाल को बतौर ओपनर मौका मिलना चाहिए : श्रीसंत



जायसवाल शुरूआत से ही गेंदबाजों पर हावी होने की क्षमता रखते हैं।

**लॉडरहिल।** कनाडा के खिलाफ टी20 विश्व कप में भारत के ग्रुप ए मुकाबले से पहले पूर्व तेज गेंदबाज एस श्रीसंत ने कहा कि वह यशस्वी जायसवाल को बल्लेबाजी की शुरूआत करते देखना चाहते हैं। न्यूयॉर्क की ड्रॉप-इन पिचों पर भारत के पहले तीन मैचों में सलामी बल्लेबाज के तौर पर विराट कोहली ने 1, 4 और 0 रन बनाए, जिससे बाएं हाथ के बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल को कप्तान रोहित शर्मा के साथ बल्लेबाजी की शुरूआत करते हुए देखने की मांग बढ़ गई है।

### जोस बटलर बने तीसरे बच्चे के पिता

**नई दिल्ली।** इंग्लैंड पुरुष क्रिकेट टीम के कप्तान जोस बटलर ने सोशल मीडिया पोस्ट में अपने नवजात बेटे 'चार्ली' की पहली तस्वीर साझा की। बटलर ने इंस्टाग्राम पर अपने बेटे की एक तस्वीर साझा की, जो एक विशेष पोशाक पहने नजर आ रहा था। इस पर 'चार्ली' लिखा हुआ है। जोस बटलर ने खुलासा किया कि उनके तीसरे बच्चे चार्ली का जन्म 28 मई, 2024 को हुआ। बटलर ने पत्नी लुईस के साथ रहने के लिए पिछले महीने पाकिस्तान के खिलाफ 4 मैचों की टी20ई सीरीज का एक मैच छोड़ दिया था। बटलर की गैरहाजिरी में मोईन अली ने 28 मई को कार्डिफ में तीसरे मैच में टीम का नेतृत्व किया था लेकिन यह मुकाबला बिना एक भी गेंद फेंके रद्द हो गया था।

## न्यूजीलैंड ने दो हार के बाद बड़ी जीत के साथ खोला अपना खाता

# युगांडा को नौ विकेट से हराया



**एजेंसी। टरूबा (त्रिनिदाद)**

न्यूजीलैंड ने ग्रुप सी में युगांडा को 9 विकेट से रौंदकर टी20 विश्व कप 2024 में अपनी पहली जीत दर्ज की। कप्तान केन विलियमसन ने युगांडा के खिलाफ अपनी टीम के शानदार प्रदर्शन की सराहना की। टॉस जीतकर न्यूजीलैंड ने पहले गेंदबाजी करने का फैसला लिया। कीवी गेंदबाजों ने युगांडा को शुरूआती झटके दिए, जिससे यह टीम उबर नहीं पाई। युगांडा के टॉप 5 बल्लेबाजों में तीन बिना खाता खोले ही पवेलियन लौट गए, जबकि अन्य दो बल्लेबाज कुल 13 रन ही जोड़ पाए। मैच में साउदी ने अपने स्पेल में मात्र 7 रन देकर सबसे ज्यादा 3 विकेट लिए। मैच में साउदी के 3 विकेट के अलावा ट्रेंट बोल्ट, मिचेल सेंटनर और रचिन रविंद्र ने 2-2 विकेट झटके। लॉकी फर्ग्यूसन को 1 विकेट मिला। युगांडा की टीम 18.4 ओवर में केवल 40 रन ही बना सकी। टीम के लिए सबसे ज्यादा रन केनेथ वैसवा (11 रन) ने बनाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए, डेवोन कॉनवे के नाबाद 22 रन ने उन्हें ब्रायन लारा स्टेडियम में 9 विकेट से जीत दिलाई। युगांडा से मिले 41 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी न्यूजीलैंड की टीम ने 5.2 ओवरों में ही लक्ष्य हासिल कर लिया। एलन 17 गेंदों में 9 रन बनाकर आउट हुए। वहीं, कॉन्वे 15 गेंदों में 22 रन बनाकर नाबाद रहे। उन्होंने 4 चौके लगाए। रचिन रवींद्र 1 रन बनाकर नॉट आउट रहे। विलियमसन ने मैच के बाद कहा, थोड़ा आराम, फिर प्रशिक्षण और मैदान में नए जोश के साथ उतरने की जरूरत है। पिच बेशक मुश्किल थी लेकिन टीम ने इस मुकाबले में अपना बेस्ट दिया।

उन्होंने कहा, हमारे खिलाड़ी अच्छे थे। यह एक कठिन सतह थी। विचारों और तरीकों पर बहुत अधिक नियंत्रण नहीं था। इससे फर्क पड़ा। हमने पिछले मैच में देखा कि यह अलग है, इस मैच में इस तरह से खेलना बेहतर था। टीमों को उच्चतम स्तर पर अधिक अनुभव मिल रहा है, जो एक टीम के रूप में विकसित होने में मदद करता है। इस तरह के अनुभव से हमेशा कुछ नया सीखने को मिलता है।

**18.4** ओवर में युगांडा की पुरी टीम ने 40 रन ही बना सकी।

**5.2** ओवरों में न्यूजीलैंड की टीम ने यह लक्ष्य हासिल कर लिया

**03** बल्लेबाज बिना खाता खोले ही पवेलियन लौटै

**विलियमसन** ने मैच के बाद कहा, थोड़ा आराम, फिर प्रशिक्षण और मैदान में नए जोश के साथ उतरने की जरूरत है।

## जूनियर पुरुष राष्ट्रीय शिविर के लिए 40 सदस्यीय संभावित स्क्वाड का ऐलान

**एजेंसी। बेंगलुरु**

हॉकी इंडिया ने शनिवार को आगामी जूनियर पुरुष राष्ट्रीय कोचिंग शिविर के लिए 40 खिलाड़ियों के कोर संभावित समूह की घोषणा की, जो 16 जून से बेंगलुरु में एसएआई में शुरू होगा। यह शिविर जूनियर पुरुष टीम के यूरोपीय दौरे के बाद आयोजित किया जा रहा है। इससे पहले टीम ने 20 से 29 मई तक बेल्जियम, जर्मनी और नीदरलैंड की क्लब टीम ब्रेडेज हॉकी वेरेनिगिंग पुश के खिलाफ पांच मैच खेले।

इस दौरे के दौरान भारत ने अपने पहले मैच में बेल्जियम के खिलाफ 2-2 (4-2 शूटऑउट) से जीत हासिल की, लेकिन उसी प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ दूसरे मैच में 2-3 से हार गया।



उन्हें ब्रेडेज हॉकी वेरेनिगिंग के खिलाफ 5-4 से मामूली हार का सामना करना पड़ा। जर्मनी के खिलाफ, वे पहले मैच में 2-3 से हार गए लेकिन वापसी मैच में 1-1 (3-1 शूटऑउट) से जीत गए, जो दौरे का अंतिम मैच भी था। आगामी शिविर, कोच जनार्दन सी बी के नेतृत्व में और हॉकी इंडिया के हाई परफॉरमेंस डायरेक्टर हरमन क्रुइस की देखरेख में 63 दिनों तक चलेगा और 18 अगस्त को समाप्त होगा।

इस समूह में पांच गोलकीपर शामिल हैं: प्रिंस दीप सिंह, बिक्रमजीत सिंह, आदर्श जी, अश्विनी यादव और अली खान। शिविर में फॉरवर्ड मोहित कर्मा, मोहम्मद जैद खान, मोहम्मद कोनैन दाद, सौरभ आनंद कुशवाह, अरिजीत सिंह हुंदल, गुरजोत सिंह, प्रभदीप सिंह, दिलराज सिंह, अर्शदीप सिंह और गुरसेवक सिंह हैं।

# एफआईएच जूनियर वर्ल्ड कप 2025 की मेजबानी करेगा भारत



**रांची।** तीन दिन पहले ही अंतर्राष्ट्रीय हॉकी महासंघ ने FIH जूनियर वर्ल्ड कप 2025 के आयोजन की मेजबानी भारत को दी है। हॉकी इंडिया के महासचिव सह,हॉकी झारखंड के अध्यक्ष भोलानाथ सिंह आज दिल्ली से लौटने के साथ ही झारखंड की राजधानी रांची के मोराबादी में मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा, अंतर्राष्ट्रीय एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम को निहार दिखे। यह प्रतीत होता हैकि एफआईएच जूनियर वर्ल्ड कप 2025 का आयोजन रांची में ही होगा। क्योंकि जब-जब वे किसी प्रतियोगिता की मेजबानी भारत को मिलती है तो वे दिल्ली से लौटकर हमेशा मैदान की निहारते है और जब से इस स्टेडियम को अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता का प्रमाण मिला है तब से यंहा दो-दो अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता का आयोजन हो चुका है।

## अनुशासन तोड़ने पर शुभमन गिल को टीम इंडिया से किया गया बाहर



**नई दिल्ली।** टीम इंडिया प्रबंधन ने एक बार फिर से अनुशासन तोड़ने पर खिलाड़ियों पर चाबुक चलाया है। इस पर यह चाबुक शुभमन गिल और आवेश खान पर चला है। दोनों प्लेयर टी20 क्रिकेट विश्व के लिए टीम इंडिया के साथ अमेरिका में हैं। इन्हें यूएसए लेग के मैच खत्म होने के बाद देश लौटने के लिए बोल दिया गया है। पहले लगा था कि न्यूयॉर्क में किसी खिलाड़ी के चोटिल न होने की सूरत में यह फैसला लिया गया है लेकिन बाद में रिपोर्ट्स आई कि शुभमन को अनुशासन के मामले में सजा दी जा रही है। यह मामले और क्रिकेट फैंस की और चर्चा पा गया जहां यह खबर सामने आई कि शुभमन ने इंस्टाग्राम पर रोहित शर्मा को अनफॉलो कर दिया है। टी20 विश्वकप शुरू होने से पहले चर्चा थी कि शुभमन को टीम इंडिया में शामिल नहीं किया जाएगा। क्योंकि भारत के पास पहले से यशस्वी जायसवाल जैसा ओपनर है। लेकिन फिर से टीम प्रबंधन ने शुभमन पर भरोसा जताया और उन्हें बतौर ट्रेवलिंग रिजर्व टीम के साथ रखा।

## चोटिल मुजीब उर रहमान टी20 विश्व कप से हुए बाहर



**एजेंसी। एंटीगुआ**

अफगानिस्तान ने आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप 2024 के शेष मैचों के लिए अपनी 15 खिलाड़ियों की टीम में बदलाव किया है। चोट के कारण ऑफ स्पिनर मुजीब उर रहमान टी20 विश्व कप से बाहर हो गए हैं। अफगानिस्तान की टीम हालांकि टी-20 विश्व कप टूनामेंट के सुपर आठ में पहुंच गई है। अफगानिस्तान की ऑफ स्पिनर 23 वर्षीय मुजीब हाल के वर्षों में टीम का एक महत्वपूर्ण हिस्सा रहा है, जिसके नाम पर 46 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में 59 विकेट हैं और प्रारूप में 6.35 की शानदार करियर इकोनॉमी है, लेकिन मुजीब ने ग्रुप सी में अफगानिस्तान के सिर्फ एक मैच में खेला। उसने युगांडा के खिलाफ तीन ओवरों में 16 रन देकर एक विकेट लिया।ऑफ स्पिनर की दाहिनी तर्जनी के जोड़ की चोट इतनी गंभीर है कि मुजीब को टूनामेंट से बाहर होना पड़ सकता है। आईसीसी की एक रिपोट में कहा गया है कि आईसीसी इवेंट टेक्निकल कमेटी ने मुजीब की जगह हजरतुल्लाह जजई को खिलाने के अफगानिस्तान के अनुरोध को मंजूरी दे दी है।

### पाकिस्तान के टी20 वर्ल्ड कप से बाहर होते ही सोशल मीडिया पर आई फनी मीम्स की बाढ़

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान की टीम का एक बार फिर टी20 वर्ल्ड कप के खिताब जितने का सपना चकनाचूर हो गया है. टूनार्मेंट में ग्रीन टीम का अभी एक मुकाबला शेष बचा हुआ है, लेकिन यूएसए और आयरलैंड का मैच बारिश से धुलने के बाद यूएसए की टीम 5 अंकों के साथ 'सुपर 8' में प्रवेश कर गई है. मेजबान देश को अपने शुरूआती दोनों मुकाबलों में जीत मिली थी, जबकि भारत के खिलाफ उसे शिकस्त का सामना करना पड़ा था. वहीं आयरलैंड के खिलाफ उसका मुकाबला रद्द होने के बाद 'सुपर 8' का टिकट मिल गया है। वहीं बात करें पाकिस्तान के बारे में तो उसे अपने शुरूआती दोनों मुकाबलों में शिकस्त का सामना करना पड़ा था. पहले उसे यूएसए की टीम ने चौंकाते हुए 'सुपर ओवर' में मात दी थी. इसके अलावा भारत के खिलाफ लो स्कोरिंग मैच में भी वह हार गया था। ग्रीन टीम कनाडा के खिलाफ अपना तीसरा मैच तो जितने में कामयाब हुई थी।

## दीक्षा डागर की शानदार शुरूआत इटालियन ओपन में संयुक्त चौथे स्थान पर

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय गोल्फर दीक्षा डागर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए इटालियन ओपन गोल्फ टूर्नामेंट के पहले दौर में पांच अंडर 67 का कार्ड खेला जिससे वह संयुक्त चौथे स्थान पर हैं। पहले दौर के बाद दीक्षा ऑस्ट्रेलिया की कर्स्टन रूडगेली, स्पेन की फातिमा फर्नांडीज कैनो और स्विट्जरलैंड की टिफनी अराफी से एक शॉट पीछे हैं। इस टूर्नामेंट में भाग ले रही भारत की अन्य खिलाड़ियों का प्रदर्शन हालांकि अच्छा नहीं रहा। दीक्षा के बाद वाणी कपूर (72) का नंबर आता है जो संयुक्त 30वें स्थान पर हैं। उनके अलावा प्रणवी उर्स और त्वेसा मलिक 73-73 के स्कोर के साथ संयुक्त 41वें और रिधिमा दिलावरी (75) संयुक्त 76वें स्थान पर हैं। अदिति अशोक मीजर क्लासिक एलपीजीए में संयुक्त 16वें स्थान पर भारतीय गोल्फर अदिति अशोक यहां मीजर एलपीजीए क्लासिक के दूसरे दौर में दो अंडर 70 का कार्ड खेलकर संयुक्त 16वें स्थान पर है। बेंगलुरु की यह खिलाड़ी अगस्त में अपना तीसरा ओलंपिक खेल खेलने के लिए तैयार है। ऐसे में उनके लिए कुछ लय हासिल जरूरी होगा। अदिति ने छठे, आठवें और 18वें होल में बर्डी लगाकर 70 का कार्ड खेला। उनका कुल स्कोर छह-अंडर 138 का है। वह तीन बार की एलपीजीए टूर विजेता एली इविंग से पांच शॉट पीछे हैं।



*इस टूर्नामेंट में भाग ले रही भारत की अन्य खिलाड़ियों का प्रदर्शन हालांकि अच्छा नहीं रहा।*

### आखिरी गेंद पर द. अफ्रीका ने तोड़ा नेपाल का सुपर-8 में पहुंचने का सपना

**किंग्सटाउन।** दक्षिण अफ्रीका ने टी20 विश्व कप के 31वें मैच में नेपाल को 1 रन से हरा दिया। इस मैच में नेपाल के पास अफ्रीकी टीम के खिलाफ बड़ा उलटफेर करने का एक सुनहरा मौका था, लेकिन वह ऐसा नहीं कर सके। टूनार्मेंट में बने रहने के लिए नेपाल को आखिरी गेंद पर दो रन की जरूरत थी, लेकिन हेनरिक क्लासेन ने नॉन-स्ट्राइकर छोर पर नेपाल के गुलसन झा को रन आउट कर दिया, जिससे सुपर ओवर की संभावना खत्म हो गई। यह नेपाल के लिए दिल तोड़ने वाला अंत था, जिसने मैच के अधिकांश समय में दक्षिण अफ्रीका से बेहतर प्रदर्शन किया था। पहले बल्लेबाजी करते हुए नेपाल की टीम ने दक्षिण अफ्रीका को मात्र 115 के स्कोर पर रोक दिया था और लक्ष्य का पीछा करते काफी अच्छी स्थिति में थी। पूरे मुकाबले में नेपाल ने दक्षिण अफ्रीका पर दबदबा बनाए रखा। नेपाल के शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों ने लक्ष्य का पीछा करते हुए 14वें ओवर तक 85/2 का स्कोर बना लिया था।

# व्यापार/लाइफ व साइंस

### 15 करोड़ कस्टमर विजिट के साथ मिंत्रा के ईओआरएस का 20वां संस्करण समाप्त

**नई दिल्ली।** मिंत्रा के प्रमुख फैशन इवेंट 'एंड ऑफ रीजन सेल' का 20वां संस्करण संपन्न हो गया। इसमें रिकॉर्ड 15 करोड़ से अधिक कस्टमर विजिट दर्ज किये गये। देश के फैशन क्षेत्र में क्रांति लाने के एक दशक का जश्न मनाते हुए ईओआरएस के इस संस्करण में 8,800 से अधिक ब्रांडों ने 30 लाख से अधिक स्टाइल्स का प्रदर्शन किया जो ईओआरएस के पिछले समर एडिशन की तुलना में ब्रांडों की संख्या में लगभग 47 प्रतिशत और ट्रेंड-फर्स्ट सेलेक्शन में लगभग 50 प्रतिशत की वृद्धि को दशार्ता है।

### भारत में सॉफ्टवेयर और हार्डवेयर कंपनियां स्किल्ड फ्रेशर्स को ऑफर कर रही अधिक सैलरी

**बेंगलुरु।** भारत में सॉफ्टवेयर और हार्डवेयर सेक्टर की आईटी कंपनियों में बीते छह महीने में स्किल्ड फ्रेशर्स की मांग 5 प्रतिशत बढ़ी है। हाल ही में आई एक रिपोर्ट में ये दावा किया गया है। टैलेंट प्लेटफॉर्म फाउंडिट (पूर्व मॉन्स्टर) की ओर से जारी किए डेटा में बताया गया कि नए ग्रेजुएट लोगों को आईटी सॉफ्टवेयर और हार्डवेयर इंडस्ट्रीज में उच्च वेतन मिल रहा है। इसकी औसत रेंज 4.07 लाख रुपये से लेकर 7.49 लाख रुपये प्रति वर्ष के बीच है। इसके बाद बैंकिंग फाइनेंसियल सर्विसेज एंड इंश्योरेंस (बीएफएसआई) का नाम आता है। यहां औसत वेतन 3.06 लाख रुपये से लेकर 5.49 लाख रुपये प्रति वर्ष है। इसके बाद ऑटोमोटिव, इंजीनियरिंग, एफएमसीजी, फूड एंड पैकेज्ड फूड इंडस्ट्री का नाम आता है। जहां औसत वेतन 3.11 लाख रुपये से लेकर 5.38 लाख रुपये प्रति वर्ष है।

### चीन में यात्रा और भुगतान करना हुआ और अधिक सुविधाजनक

**बीजिंग।** इस साल, चीन में इनबाउंड पर्यटन की लोकप्रियता बढ़ रही है, क्योंकि कई शहर सक्रिय रूप से अंतर्राष्ट्रीय-अनुकूल पर्यटन और उपभोग गंतव्य विकसित कर रहे हैं। दर्शनीय स्थलों, होटलों, रेस्तरां और यात्रा जैसे विभिन्न परिदृश्यों में भुगतान सुविधा और डिजिटल सेवाओं को बढ़ाया जा रहा है। प्रासंगिक आंकड़ों के अनुसार, इस वर्ष अप्रैल में, चीन में आए 20 लाख से अधिक आगंतुकों ने मोबाइल भुगतान का उपयोग किया, जिसमें फरवरी की तुलना में लेनदेन की संख्या और मात्रा दोनों में 80 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हुई। मेट्रो ट्रेन और संग्रहालयों से लेकर बड़े शॉपिंग मॉल और विशेष दुकानों तक, चीन में आने वाले विदेशियों के लिए अब अधिक सुविधाजनक भुगतान विकल्प उपलब्ध हैं।

# पीएम मोदी की सेमीकंडक्टर पहल को पूरा करने की दिशा में करेंगे काम : एचडी कुमारस्वामी

- सेमीकंडक्टर इलेक्ट्रॉनिक्स और ऑटोमोबाइल विनिर्माण के लिए एक बुनियादी जरूरत है
- ये दोनों क्षेत्र बहुत ज्यादा रोजगार पैदा करते हैं



**एजेंसी। नई दिल्ली**

केंद्रीय इस्पात और भारी उद्योग मंत्री एचडी कुमारस्वामी ने शनिवार को कहा कि वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 'सेमीकंडक्टर पहल को पूरा करने की दिशा में काम करेंगे। सेमीकंडक्टर एक स्ट्रेटेजिक इंडस्ट्री है। इससे बड़ी संख्या में नौकरियां पैदा होंगी।

उन्होंने एक्स पर पोस्ट में कहा, सेमीकंडक्टर इलेक्ट्रॉनिक्स और ऑटोमोबाइल विनिर्माण के लिए एक बुनियादी जरूरत है, जिसे उत्पादन-लिंक्ड प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना से मजबूती मिली है।

उन्होंने आगे कहा, ये दोनों क्षेत्र बहुत ज्यादा रोजगार पैदा करते हैं। मैं प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर से उठाए गए सेमीकंडक्टर-संबंधी कदमों की सराहना करता हूं और अपने मंत्रालय के जरिए उन्हें पूरा करने की दिशा में काम करूंगा। पूर्व केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने एक्स पर पोस्ट किया, सेमीकंडक्टर जैसे इंडस्ट्री सेक्टर के लिए पूंजी समर्थन ग्लोबल तकनीकी विनिर्माण क्षेत्र में भारत की उपस्थिति बढ़ाने के लिए जरूरी है। हमारी डिजिटल और तकनीकी अर्थव्यवस्था अनेक निवेश और रोजगार पैदा कर रही है, विशेष रूप से इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण में, जो कि सेमीकंडक्टर पर निर्भर करता है। भाजपा के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार के लिए अगले दशक के फोकस के क्षेत्र इलेक्ट्रॉनिक्स और माइक्रो इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण, सेमीकंडक्टर, एआई, ऑटोमोटिव और ईवी हैं। पीएम मोदी ने हाल ही में 1.25 लाख करोड़ से अधिक लागत के सेमीकंडक्टर संयंत्रों की आधारशिला रखी थी। भारत विश्व में सबसे तेजी से बढ़ती डिजिटल अर्थव्यवस्था है।

### हुंडई मोटर इंडिया ने आईपीओ के लिए सेबी के पास ड्राफ्ट पेपर किए दाखिल

**नई दिल्ली।** हुंडई मोटर इंडिया लिमिटेड (एचएमआईएल) भारतीय बाजार में आरंभिक सार्वजनिक पेशकश (आईपीओ) लाने की तैयारी में है। कंपनी ने आईपीओ के लिए शेयर बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के पास प्रारंभिक दस्तावेज दाखिल किए हैं। सूत्रों ने शनिवार को बताया कि हुंडई मोटर इंडिया लिमिटेड ने आईपीओ लाने के लिए सेबी के पास ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) जमा करा दिया है। एचएमआईएल के आईपीओ को अगर सेबी की मंजूरी मिल जाती है, तो यह भारत का सबसे बड़ा सार्वजनिक निर्गम होगा। कहा जा रहा है कि यह दो साल पहले आए एलआईसी के 21 हजार करोड़ रुपये के आईपीओ को भी पीछे छोड़ देगा।

## रिकॉर्ड हाई पर पहुंचा देश का विदेशी मुद्रा भंडार



**एजेंसी। मुंबई**

देश के विदेशी मुद्रा भंडार में जून के पहले हफ्ते में रिकॉर्ड बढ़त देखने को मिली और यह 655.81 अरब डॉलर पर पहुंच गया है, जो कि विदेशी मुद्रा भंडार का अब तक का सबसे बड़ा आंकड़ा है।

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की ओर से जारी डेटा में बताया गया है कि 7 जून को समाप्त होने वाले हफ्ते में भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 4.3 अरब डॉलर बढ़कर 655.817 अरब डॉलर हो गया। इससे पहले ये आंकड़ा 651.51 अरब डॉलर था। बता दें, किसी भी देश के लिए उसका विदेशी मुद्रा भंडार काफी महत्वपूर्ण होता है। देशी मुद्रा को स्थिर रखने और अन्य किसी वैश्विक चुनौती से निपटने में इसकी काफी भूमिका होती है। पिछले कई हफ्तों से विदेशी मुद्रा भंडार में लगातार बढ़त देखी जा रही है। 10 मई को यह 648 अरब डॉलर पर था।

## गर्मी ज्यादा पड़ने से बढ़ सकता है माइग्रेन का दर्द

**स्टडी में खुलासा**

**एजेंसी। नई दिल्ली**

वैज्ञानिकों ने माइग्रेन से पीड़ित व्यक्तियों के लिए सिरदर्द बढ़ने और गर्म तापमान के बीच सीधा संबंध पाया है। उनका कहना है कि जैसे-जैसे तापमान बढ़ता है, माइग्रेन का दर्द बढ़ने की संभावना भी बढ़ जाती है। अमेरिका स्थित यूनिवर्सिटी ऑफ सिनसिनाटी में हेडेक एंड फेशियल पेन सेंटर के डायरेक्टर विन्सेंट मार्टिन ने कहा कि मौसम में बदलाव माइग्रेन के लिए सबसे आम कारणों में से एक है। स्टडी में फ्रेमेनेजुमैब दवा के इस्तेमाल पर यह देखा गया कि क्या यह तापमान बढ़ने के चलते होने वाले सिरदर्द को रोक सकता है।

फ्रेमेनेजुमैब इंजेक्शन के जरिए दी जाती है। यह मोनोक्लोनल एंटीबॉडीज के एक सेट का हिस्सा है जो पिछले छह साल में माइग्रेन के मरीजों के इलाज के लिए बाजार में आया है।

शोधकताओं ने क्षेत्रीय मौसम डेटा के साथ 660 माइग्रेन मरीजों के 71,030 डेली डायरी रिकॉर्ड को मिलाया और पाया कि तापमान में हर 0.12 डिग्री सेल्सियस के बढ़ने से सिरदर्द में 6 प्रतिशत की वृद्धि होती है। हालांकि, जो मरीज फ्रेमेनेजुमैब इलाज करा रहे है, उनमें गर्मी की वजह से होने वाले सिरदर्द की कोई परेशानी नहीं है। न्यूयॉर्क में माउंट सिनाई में इकाहन स्कूल ऑफ मेडिसिन में असिस्टेंट प्रोफेसर फ्रेड कोहेन ने कहा, 'यह स्टडी पहली है, जिससे यह पता चलता है कि कैल्सीटोनिन जीन-संबंधित पेप्टाइड (सीजीआरपी) को रोकने वाली माइग्रेन की दवाएं मौसम से संबंधित सिरदर्द का इलाज कर सकती हैं।" अगर भविष्य में और स्टडी की जाती है, तो यह दवा मौसम की वजह से माइग्रेन से पीड़ित मरीजों की मददगार साबित हो सकती है।



## जल्द लांच हो सकता है मारुति सुजुकी की बेस्ट सेलिंग सेडान डिजायर का अपडेटेड मॉडल

**एजेंसी। नई दिल्ली**

सबसे ज्यादा कारें बेचने वाली कंपनी मारुति सुजुकी इस साल अपनी कई पॉपुलर कारों को अपडेट करने वाली हैं और इसकी शुरूआत पिछले महीने नई स्विफ्ट से हो गई है। अब इसके बाद सबसे ज्यादा बिकने वाली सेडान कार डिजायर का नंबर है। आने वाले दिनों में बेहतर लुक और फीचर्स के साथ ही नए इंजन और ज्यादा माइलेज के साथ 2024 डिजायर सेडान की भारतीय बाजार में एंट्री होने वाली है और फिर इसकी बिक्री और ज्यादा बढ़ने की संभावना है। ज्यादा इंतजार 2024 नई मारुति सुजुकी डिजायर का है, जो कि कॉम्पैक्ट सेडान सेगमेंट में बेस्ट सेलिंग होने के साथ ही होंडा अमेज, हुंडई वेन्यू जैसी सेडान को कड़ी टक्कर दे रही है।



**अगस्त-सितंबर में हो सकती है लॉन्च**

बीते लंबे समय में न्यू जेनरेशन मारुति सुजुकी डिजायर सेडान की टेस्टिंग इमेज सामने आ रही है और इसके साथ ही लोगों में उत्सुकता भी काफी बढ़ रही है।

माना जा रहा है कि अपडेटेड डिजायर के लुक को बेहतर करने के साथ ही ढेर सारे लेटेस्ट फीचर्स दिए जाएंगे। फिलहाल अपकमिंग मारुति डिजायर को लेकर नई जानकारी ये सामने आ रही है कि इस सेडान को भी 6 एयरबैग्स स्टैंडर्ड फीचर के साथ ही लॉन्च किया जाएगा, जिससे सेफ्टी को लेकर ग्राहकों के कन्सर्न को सही दिशा में ले जाया जाए।इसके साथ ही इसमें एलईडी लाइट्स, नई ग्रिल, बेहतर टेललैंप, सनरूफ, बेहतर सीट, ऑटोमैटिक क्लाइमेट कंट्रोल, 360 डिग्री कैमरा, कनेक्टेड कार टेक्नॉलजी समेत काफी सारे स्टैंडर्ड और सेफ्टी फीचर्स देखने को मिल सकते हैं।

# रांची में छिनतई गिरोह के दो शातिर अपराधी और एक दुकानदार गिरफ्तार



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
लोअर बाजार थाना की पुलिस ने छिनतई गिरोह के दो शातिर अपराधियों सहित एक दुकानदार को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में चोरी के जेवर खरीदने वाले दुकानदार अश्विनी प्रकाश गुप्ता, मोहम्मद उमर और मोहम्मद प्रिंस शामिल हैं। इनके पास से गलाया हुआ सोना 16.40 ग्राम, सोना चेक करने वाला पत्थर, 11 हजार नकदी, कपड़ा और बाइक बरामद किया गया है। एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने शनिवार को संवाददाता सम्मेलन में बताया कि गत पांच जून को रातू रोड निवासी मनोज कुमार सिंह की पत्नी गीता सिंह सेंटेविटा अस्पताल के पीछे से जा रही थी। इसी दौरान बाइक सवार दो अपराधियों ने इनके गले से सोने का चेन छीन कर भाग गए। अनुसंधान के कम में सीसीटीवी फुटेज के आधार पर अपराधियों की पहचान की गई।
अनुसंधान के दौरान यह बात प्रकाश में आई कि अपराधियों ने घटना को अंजाम देने के लिए जिस बाइक का उपयोग किया है, वह बाइक पथलकुदवा से चोरी हुई थी। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर दो लोगों को गिरफ्तार किया गया। दोनों से पूछताछ के आधार सोने की चेन खरीदने वाले अश्विनी प्रकाश गुप्ता के फिरायालाल चौक स्थित दुकान से गलाया हुआ सोना बरामद किया गया। दुकानदार ने भी स्वीकारोक्ति में चेन खरीदने की बात को स्वीकार की। एसएसपी ने बताया कि गिरफ्तार अपराधी मोहम्मद उमर और मोहम्मद प्रिंस के खिलाफ पूर्व से कई मामले दर्ज हैं।

## अनुसूचित जाति से मंत्री बना कर उनकी हिस्सेदारी सुनिश्चित करें मुख्यमंत्री : विजय नायक

**रांची।** संपूर्ण भारत क्रांति पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव विजय शंकर नायक ने शनिवार को झारखंड में संभावित मंत्रिमंडल विस्तार पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए अनुसूचित जाति से मंत्री बनाने की मांग की है। उन्होंने कहा की हेमंत सोरेन मंत्रिमंडल में भी अनुसूचित जाति समाज को मंत्री नहीं बनाया गया था और उन्हें हिस्सेदारी , भागीदारी से वंचित रखा गया था जो की संविधान का खुला-खुलम उल्लंघन था।

**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT**
**BUILDING DIVSION, DALTONGANJ.**
**CORRIGENDUM**

Tenders Postponed vide PR No.- 323067 Building(23-24):D has been reinvited.

Date of Sale of BOQ will be on dated 18.06.2024 Time 1:00 PM and Received of the tenders BOQ will be on dated 19.06.2024 Time 3:00 PM and Opening dated 19.06.2024 of tenders will be Time 3:30 PM

Rest will be as usual.

Executive Engineer,
Building Division, Daltonganj.

PR 326585 Building(24-25)D

## पृष्ठ एक का शेष

**मृतकों के परिजनोकं को मिलेंगे...**
संपूर्ण जांच धनबाद मंडल के तीन वरीय अधिकारियों की उच्च स्तरीय कमेटी करेगी। इस हादसे के लिए दोषियों को बक्शा नहीं जायेगा। उन्होंने कहा कि दुर्घटना में एक बच्ची गंभीर रूप से घायल हुई है, जिसका रेल अधिकारियों की देखरेख में रांची में उचित इलाज किया जा रहा है जबकि बाकी घायलों का भी इलाज किया गया है। डीआरएम के साथ धनबाद मंडल के कई अधिकारी,वरीय स्पेशल प्रबंधक अनिल कुमार द्विवेदी, आरपीएफ इंस्पेक्टर समेत रेलवे के कई वरीय अधिकारी भी साथ थे।

**सीआईडी ने साइबर ठगी के...**
50 रुपये की ठगी कर ली गई। डीएसपी ने बताया कि अनुसंधान के क्रम में मामले में प्रयुक्त फर्जी इन्वेस्टमेंट वेबसाइट का आईपी ऐड्रेस सिंगापुर, चीन, टोक्यो और जापान का पाया गया। साथ ही फाइनेंशियल ट्रेल एनालिसिस में फेक कंपनी के नाम पर रजिस्टर्ड रैंक अकाउंट दिल्ली, गुजरात, मध्य प्रदेश के बैंक खाता पाया गया। इसमें करोडो रुपये के ट्रांजेक्शन किये गये थे। जांच में इन बैंक खाताओं से हुए ट्रांजेक्शन के आईपी ऐड्रेस का मूल स्थान हांगकांग एवं चीन में पाया गया। त्वरित कार्रवाई करते हुए काण्ड में सभी बैंक खाताओं में कुल नौ लाख 36 हजार को फ्रीज करवा दिया गया। उल्लेखनीय है कि पूर्व में इसी मामले में रवि शंकर और वीरेंद्र की गिरफ्तारी सीआईडी की टीम ने की थी।

**संताली के लिए अंजन करमाकर...**
अनुमोदित किए गए। इन पुस्तकों को त्रिसदस्यीय निर्णायक मंडल ने निर्धारित चयन प्रक्रिया का पालन करते हुए पुरस्कार के लिए चुना है। दोनों पुरस्कारों के लिए पुरस्कार स्वरूप एक उत्कीर्ण ताम्रफलक तथा 50 हजार रुपये की सम्मान राशि बाद में आयोजित होने वाले एक विशेष समारोह में प्रदान किए जाएंगे। अंग्रेजी के लिए युवा पुरस्कार के. वैशाली की पुस्तक होमलेस ग्रोइंग अप लेसबियन एंड डिस्लेक्सिक इन इंडिया', पंजाबी के लिए रणधीर के कविता-संग्रह 'खत जो लिखणो रह गए' तथा उर्दू के लिए जावेद अंबर मिस्बाही के कहानी-संग्रह 'स्टेपनी' को युवा साहित्य पुरस्कार से पुरस्कृत किया जाएगा। वहीं अंग्रेजी में बाल साहित्य के लिए नंदिनी सेनगुप्ता की पुस्तक 'द ब्लू हॉर्स एंड अदर अमेज़िंग एनिमल्स स्टोरीज फ्रॉम इंडियन हिस्ट्री', पंजाबी के लिए कुलदीप सिंह दीप के नाटक मैं जलियांवाला बाग बोलदा हां' एवं उर्दू के लिए शम्सुल इस्लाम फारूकी के कहानी संग्रह बर्फ. का देस अंटार्कटिका' को पुरस्कृत किया जाएगा।

**बाल साहित्य पुरस्कार...**
बयनिबो (कविता-संग्रह)।
डोगरी- बिशन सिंह दर्दी, कुक्कडू-कडूं (कविता-संग्रह)।
कश्मीरी- मुजफ़्फ़र हुसैन दिलबर, सोन् गोब्रेयो (कविता-संग्रह)।
कोंकणी- हर्षा सद्गुरू शेटये, एक आशिल्लें बायूल (उपन्यास)।
मैथिली- नारायणजी, अनार (कहानी-संग्रह)।
मणिपुरी- क्षेत्रीमायुम सुबदानि, मालेम अतिया (उपन्यास)।
राजस्थानी- प्रहलाद सिंह झोरड़ा, म्हारी ढाणी (कविता-संग्रह)।
संताली- दुगई टुडू, मिरु आरंग (कविता-संग्रह)।
सिंधी- लाल होटचंदाणी 'लाचार', दोस्तां जी दोस्ती (कहानी-संग्रह)।

## विधानसभा चुनाव को लकर जदयू की हुई बैठक

**रांची।** लोकसभा चुनाव परिणाम में जदयू के बेहतर प्रदर्शन से पार्टी कार्यकर्ता खासे उत्साहित हैं। प्रदेश जदयू ने लोकसभा चुनाव परिणाम के ठीक बाद झारखंड में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर तैयारी और बैठकें आरंभ कर दी है। प्रदेश जदयू अध्यक्ष सह राज्यसभा सदस्य खीरू महतो की अध्यक्षता में जदयू के विधानसभा उम्मीदवारों, पूर्व विधायक एवं प्रमुख लोगों की शनिवार को प्रदेश कार्यालय में बैठक हुई।

## जमीन घोटाला मामले में राजकुमार पाहन की अग्रिम जमानत पर सुनवाई छह जुलाई को

**रांची।** पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से जुड़े जमीन घोटाला मामले में जमीन के मूल रैयत राजकुमार पाहन की अग्रिम जमानत याचिका पर शनिवार को सुनवाई हुई। अदालत ने मामले की अगली सुनवाई की तिथि छह जुलाई निर्धारित की है। पूर्व में दोनों पक्षों की ओर से बहस हुई थी। ईडी ने इस मामले में राजकुमार पाहन को भी आरोपित बनाते हुए उसके खिलाफ आरोप पत्र (चार्जशीट) दाखिल कर चुकी है। ईडी के चार्जशीट पर संज्ञान लेते हुए कोर्ट ने समन जारी किया है। इसके बाद से उस पर गिरफ्तारी की तलवार लटक रही है। गिरफ्तारी से बचने के लिए राजकुमार पाहन ने एक मई को पीएमएलए के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन की अदालत में अग्रिम जमानत याचिका दायर की थी। यह मामला बड़गाई अंचल के अधीन 8.86 एकड़ जमीन फजीर्वाड़ा से जुड़ा है। इस मामले में पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को ईडी ने 31 जनवरी को गिरफ्तार किया था। मामले में 30 मार्च को ईडी ने हेमंत सोरेन सहित पांच के खिलाफ कोर्ट में आरोप पत्र दाखिल किया था। चार्जशीट में पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन बड़गाई अंचल के निलंबित उप राजस्व कर्मी भानु प्रताप प्रसाद, जमीन के मूल रैयत राजकुमार पाहन, आर्किटेक्ट बिनोद सिंह और हिलेरियस कच्छप के नाम शामिल हैं।

## कोर्ट नोटिस

ब-अदालत,
श्री राज कुमार पाण्डेय, सिविल जज सिनियर डिवीजन XI। राँची

**ओरिजनल सूट नं०-616/2018**

अरूण कुमार मिश्रा वगैरह .....वादी

**बनाम**

गौरी देवी वगैरह ............ प्रतिवादी

नोटिस बनाम प्रतिवादी संख्या 5 सच्चिदानंद वैद्य पिता स्व० जलेश्वर वैद्य, माता स्व० सरस्वती देवी, प्रतिवादी संख्या 6 परमानंद वैद्य, पिता स्व० जलेश्वर वैद्य, माता स्व० सरस्वती देवी, दोनों निवासी ग्राम बह्मनी, पोस्ट-सासंग, थाना-चंदवा, जिला-लातेहार, प्रतिवादी संख्या-7 प्रखर आनंद वैद्य पिता स्व० दयानंद वैद्य, प्रतिवादी संख्या-8 प्रशान्त वैद्य पिता स्व० दयानंद वैद्य दोनों निवासी ग्राम वो पोस्ट-कामता, थाना-चन्दवा, जिला-लातेहार, झारखण्ड। आपसबों को इस नोटिस के माध्यम से सूचित किया जाता है, कि आपसबों के विरुद्ध मेरे न्यायालय में ओरिजनल सूट नं०-616/2018 अरूण कुमार मिश्रा वगैरह बनाम गौरी देवी वगैरह मेरे न्यायालय में दाखिल किया गया है, जिसमें आपसबों की उपस्थिति अनिवार्य है।

अतः मेरे न्यायालय में आप सभी दिनांक 28/6/24 समय 7 बजे स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर कार्यवाही करें, अन्यथा आप सभी के विरुद्ध एक पक्षीय सुनवाई कर दी जाएगी। इसे अति आवश्यक समझे।

आज दिनांक 14/6/24 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मोहर से निर्गत किया गया।

**हस्ताक्षर**

**श्री राजकुमार पाण्डेय सिविल जज सीनियर डिवीजन-XI राँची**

## जिला विधिक सेवा प्राधिकार, पलामू
## भारत का सर्वोच्च न्यायालय के द्वारा विशेष लोक अदालत 2024 का आयोजन

(दिनांक 29.07.2024–03.08.2024)

भारत के सर्वोच्च न्यायालय द्वारा 29 जुलाई से 3 अगस्त 2024 तक विशेष लोक अदालत सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है जिसमें आपसी सहमति तथा समझौते के आधार पर मामलों का निपटारा किया जाएगा। सभी सम्बधित पक्षकारों, अधिवक्ताओं तथा सरकारी–गैरसरकारी प्रतिष्ठानों से अनुरोध है कि इस सुनहरे अवसर का लाभ उठाये। विशेष लोक अदालत में सशरीर अथवा आभासी (Virtual) रूप से शामिल होकर समझौते की प्रक्रिया में भाग ले सकते हैं।

लोक अदालत के फायदे

+ त्वरित समझौता और विवादों का निपटारा
+ अंतिम और निष्पादन योग्य पुरस्कार
+ विवादों का लागत प्रभावी समाधान
+ कोर्ट फी की संपूर्ण वापसी

आप अपने निकटतम राज्य/जिला/तालुका कानूनी सेवा प्राधिकरण से भी संपर्क कर सकते हैं।
जानकारी वेबसाइट https://www.sci.gov.in/ पर उपलब्ध है।

सम्पर्क हेतु विवरण
श्री अर्पित श्रीवास्तव, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, पलामू, मो0 नं0– 8757269596
email-dlsapalamu123@gmail.com

सचिव
जिला विधिक सेवा प्राधिकार
पलामू।

PR 326592 District(24-25)D

## Office of the Executive Engineer
## Drinking Water and Sanitation Division, Latehar

**E-Procurement very short Tender Notice**

**Tender Reference No. DWSD/LTR/SR-09/24-25(1st call)** **Date – 15.06.2024**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 01 | बेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | :– | 20.06.2024 अपराहन 04:30 बजे तक। |
| 02 | निविदा प्राप्ति (आनें लाईन बिडिंग) की अंतिम तिथि एवं समय | :– | 26.06.2024 अपराहन 05:00 बजे तक। |
| 03 | सरकार के सचिव, सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई0– गर्वेनस झारखण्ड मंत्रालय के ज्ञापांक– 120 दि0– 03.10.23 के आलोक में विपत्र का मूल्य एवं अग्रधन की राषि Online जमा करने की तिथि | :– | 26.06.2024 अपराहन 05:00 बजे तक। |
| 04 | तकनीकी बीड खोलने की तिथि | :– | 28.06.2024 अपरान 02:00 बजे तक। |
| 05 | तकनीकी बीड खोलने का स्थान | :– | कार्य0 अभियंता का कार्यालय पेयजल एवं स्व0 प्रमंडल लातेहार। |
| 06 | निविदा आमंत्रित करने का पदाधिकारी का नाम एवं पदनाम | :– | ई0 दीपक कुमार महतो कार्य0 अभियंता, पेयजल एवं स्व0 प्रमंडल लातेहार। |
| 07 | निविदा आमंत्रित करने वाले कार्यालय का मो0 न0 | :– | 9199154542 – 6201242103 |

**Detail of work;-**

| Sl No | Name of work | Group No | No of Scheme | Estimated Cost | Earnest Money | Cost of Boq | Time of Completion |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Relocation of Defunct T/Well with 125mmx115mm Blue Casing Pipe & Installation of IM-II Hand Pump with 32mm G.I Riser Pipe & C. Rod Cylinder Platform & drain Under D W & S Div Latehar. | SR-01 | 19 | 1617470.00 | 33000 | 5000.00 | 02 Month |

1. Estimated Cost & EMD coat may Be Changed
2. Further details can be seen on website http://jharkhandtender.gov.in
3. Only Registerd Contractor in this Department in (Appropritate Class) Participate in said Tender.

Executive Engineer
D.W & S Division Latehar

PR 326659 Drinking Water and Sanitation(24-25)#D

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## पेयजल एवं स्वच्छता, प्रमण्डल, लातेहार

**अति–अल्प कालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

निविदा सूचना सं0– DWSD/LTR/RM-08/2024-25 दिनांक 15.06.2024

| | | | |
|---|---|---|---|
| 01 | विभाग का नाम | :– | पेयजल एवं स्वच्छता विभाग झारखण्ड। |
| 02 | परिमाण विपत्र विक्री की अंतिम तिथि | :– | 20.06.2024 अपराहन 01:00 बजे तक। |
| 03 | निविदा जमा करने की अंतिम तिथि | :– | 22.06.2024 अपराहन 03:00 बजे तक। |
| 04 | निविदा जमा करने का स्थान | :– | 1. कार्यपालक अभियंता, का कार्यालय पेयजल एवं स्वचछता प्रमंडल लातेहार।<br>2. सहायक अभियंता का कार्यालय पेयजल एवं स्वच्छता अवर प्रमंडल लातेहार। |
| 05 | निविदा खोलने की तिथि एंव समय | :– | 22.06.2024 अपराहन 04:00 बजे । |
| 06 | निविदा आमंत्रित करने का पदाधिकारी का नाम एवं पदनाम | :– | ई0 दीपक कुमार महतो कार्य0 अभियंता, पेयजल एवं स्व0 प्रमंडल लातेहार। |
| 07 | निविदा आमंत्रित करने वाले कार्यालय का मो0 न0 | :– | 9199154542 – 6201242103 |

**Detail of work;-**

| Sl No | Name of work | Group No | No of T/well | Estimated Cost | Earnest Money | Cost of Boq | Time of Completion |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Repair and Maintenance of Drilled T/Well in Different Block of Latehar District for Yr 2023-24. | MAHUWADANR | 500 | 461000 | 9500 | 750 | 04 Month |

1. Estimated Cost & EMD coat may Be Changed
2. Further details can be seen on notice board of Office
3. Only Registerd Contractor in this Department in (Appropritate Class) Participate in said Tender.

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल
लातेहार

PR 326661 Drinking Water and Sanitation(24-25)#D

## Office of the Executive Engineer
## Drinking Water and Sanitation Division, Latehar

**शुद्धि–पत्र**

पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल लातेहार का अति अल्प कालीन निविदा सूचना सं0– DWSD/LTR/PVTG/Retro-07/2024-25 दि0– 08.06.2024 जो दैनिक समाचार पत्रों में PR 325838 Drinking Water and Sanitation(24-25)D द्वारा प्रकाशित है। जिसे निम्न संशोधन किया जाता है।

**प्रकाशित सूचना**

| Sl No | Name of work | Group No | No Of Scheme | Estimated Cost | Earnest Money | Cost of Boq | Time of Completion |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | Repairing of Rural water Supply Scheme for Garu & Barwadih Block under DW & S Div Latehar in Different Village & Tola PVTG Villages in Latehar District for 2024-25 | BAR/PVTG -Retro-01 | 16 | 4392000.00 | 87000.00 | 50000.00 | 45 days |

**संशोधित सूचना**

| Sl No | Name of work | Group No | No Of Scheme | Estimated Cost | Earnest Money | Cost of Boq | Time of Completion |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | Repairing of Rural water Supply Scheme for Garu & Barwadih Block under DW & S Div Latehar in Different Village & Tola PVTG Villages in Latehar District for 2024-25. | BAR/PVTG -Retro-01 | 16 | 4392000.00 | 87000.00 | 5000.00 | 45 days |

PR 326644 Drinking Water and Sanitation(24-25)#D

Executive Engineer
D.W & S Division Latehar.

## Office of the Executive Engineer
## Drinking Water and Sanitation Division, Latehar

**E-Procurement Very Short Tender Notice**

**Tender Reference No. DWSD/LTR/RRP-10/24-25 (1st Call)** **Date – 15.06.2024**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 01 | बेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | :– | 20.06.2024 अपराहन 04:30 बजे तक। |
| 02 | निविदा प्राप्ति (आनें लाईन बिडिंग) की अंतिम तिथि एवं समय | :– | 26.06.2024 अपराहन 05:00 बजे तक। |
| 03 | सरकार के सचिव, सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई0– गर्वेनस झारखण्ड मंत्रालय के ज्ञापांक– 120 दि0– 03.10.23 के आलोक में विपत्र का मूल्य एवं अग्रधन की राशि Online जमा करने की तिथि | :– | 26.06.2024 अपराहन 05:00 बजे तक। |
| 04 | तकनीकी बीड खोलने की तिथि | :– | 28.06.2024 अपरान 02:00 बजे तक। |
| 05 | तकनीकी बीड खोलने का स्थान | :– | कार्य0 अभियंता का कार्यालय पेयजल एवं स्व0 प्रमंडल लातेहार। |
| 06 | निविदा आमंत्रित करने का पदाधिकारी का नाम एवं पदनाम | :– | ई0 दीपक कुमार महतो कार्य0 अभियंता, पेयजल एवं स्व0 प्रमंडल लातेहार। |
| 07 | निविदा आमंत्रित करने वाले कार्यालय का मो0 न0 | :– | 9199154542 – 6201242103 |

**Detail of work;-**

| Sl No | Name of work | Group No | No of Scheme | Estimated Cost | Earnest Money | Cost of Boq | Time of Completion |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | वित्तीय वर्ष 2023–24 में पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल लातेहार के क्षेत्राधीन विभिन्न प्रखण्डों में सड़े व क्षतिग्रस्त राईजर पाईपों के कारण बन्द नलकूपों को 24 मीटर 32 मी0मी0 व्यास के जी0 आई0 पाईप, C.I सिलीण्डर एवं 08 सं0 कनेक्टिंग रड इत्यादि बदलकर नलकूप चालू कराने का कार्य टर्न की के आधार पर। | Latehar | 65 | 958100.00 | 20000.00 | 1250.00 | 02 month |
| 02 | | Manika & Mahuwadanr | 100 | 1474000.00 | 30000.00 | 2500.00 | 02 month |
| 03 | | Chandwa & Balumath | 100 | 1474000.00 | 30000.00 | 2500.00 | 02 month |
| 04 | | Bariyatu & Herhanj | 80 | 1179200.00 | 24000.00 | 2500.00 | 02 month |
| 05 | | Barwadih & Garu | 85 | 1252900.00 | 26000.00 | 2500.00 | 02 month |

1. Estimated Cost & EMD coat may Be Changed
2. Further details can be seen on website http://jharkhandtender.gov.in
3. Only Registerd Contractor in this Department in (Appropritate Class) Participate in said Tender.

Executive Engineer
D.W & S Division Latehar

PR 326656 Drinking Water and Sanitation(24-25).D

## जिला अभियंता का कार्यालय
## जिला परिषद्, लातेहार

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण–सूचना**

निविदा आमंत्रण सूचना संख्या– 03 वर्ष 2024–25
15वें वित्त आयोग मद

1. विज्ञापन दाता का नाम : जिला अभियंता, जिला परिषद्, लातेहार।
2. परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि : 24.06.2023 एवं 25.06.2024 (कार्यालय अवधि में)
3. परिमाण विपत्र की बिक्री का स्थान : जिला अभियंता, जिला परिषद्, लातेहार।
4. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : 26.06.2023 को 03:00 बजे अपराहन् तक
5. निविदा प्राप्ति, का स्थान : जिला नियंत्रण कक्ष, (पुलिस अधीक्षक, लातेहार के कार्यालय के समक्ष)
6. निविदा खोलने की तिथि, समय एवं स्थान : 26.06.2023 को 03:30 बजे अपराहन्, कार्यालय जिला परिशद, लातेहार।
7. कार्य का विस्तृत विवरण :–

| ग्रुप संख्या | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र की राशि | कार्य पूर्ण करने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | प्रखण्ड मनिका पंचायत जान्हो ग्राम पटना में लक्ष्मण सिंह के घर पास जलमीनार निर्माण। | 480000.00 | 10000.00 | 750.00 | 02 माह |
| 2 | प्रखण्ड मनिका पंचायत मनिका ग्राम मनिका में आदिवासी छात्रावास में जलमीनार निर्माण। | 480000.00 | 10000.00 | 750.00 | 02 माह |
| 3 | प्रखण्ड बरवाडीह पंचायत उकामाड ग्राम लेदगाई में दसगात्र शव दाहगृह निर्माण। | 300000.00 | 6000.00 | 750.00 | 02 माह |
| 4 | प्रख्ण्ड लातेहार पंचायत हेठपोचरा ग्राम सुकरी में छठ घाट के पास छठ घाट एवं स्नानागार निर्माण। | 328300.00 | 7000.00 | 750.00 | 02 माह |
| 5 | प्रखण्ड बारियातु पंचायत फुलसू ग्राम शिबला में कारामाण्डर में कल्भर्ट निर्माण। | 302400.00 | 6500.00 | 750.00 | 02 माह |
| 6 | प्रखण्ड महुआडांड पंचायत चटकपुर में बुढा घाघ स्थल में शेड निर्माण। | 300000.00 | 6000.00 | 750.00 | 02 माह |
| 7 | प्रखण्ड चन्दवा पंचायत चन्दवा के देवनदिया में शमशान घाट निर्माण। | 323500.00 | 6500.00 | 750.00 | 02 माह |
| 8 | प्रखण्ड चन्दवा पंचायत+ग्राम अलौदिया में पहाडी मन्दिर में जलमीनार निर्माण। | 480000.00 | 10000.00 | 750.00 | 02 माह |
| 9 | प्रखण्ड चन्दवा पंचायत बनहरदी ग्राम बनहरदी में मोहन मिस्त्री के घर से जतरू मोची के घर तक नाली निर्माण। | 356600.00 | 7500.00 | 750.00 | 02 माह |
| 10 | प्रखण्ड चन्दवा पंचायत सासंग ग्राम सिकनी में एक महुआ तालाब का जिर्णोद्धार कार्य। | 799200.00 | 16000.00 | 750.00 | 02 माह |
| 11 | प्रखण्ड हेरहंज पंचायत+ग्राम चीरू में छठ घाट तालाब में सीढी निर्माण। | 390400.00 | 8000.00 | 750.00 | 02 माह |
| 12 | प्रखण्ड हेरहंज पंचायत हेरहंज ग्राम घूर्रे में जानकी मन्दिर के पास जलमीनार निर्माण। | 480000.00 | 10000.00 | 750.00 | 02 माह |
| 13 | प्रखण्ड गारू पंचायत धांगरटोला ग्राम पुरनी अरमू में अरमू मोड के पास जलमीनार निर्माण। | 480000.00 | 10000.00 | 750.00 | 02 माह |
| 14 | प्रखण्ड बालूमाथ पंचायत धाधू ग्राम भैसादोन में महाबीर मण्डप से पीपरटांड तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 554800.00 | 11500.00 | 1250.00 | 02 माह |
| 15 | प्रखण्ड बालूमाथ पंचायत+ग्राम बालूमाथ में हरिजन टोला में पेयजल व्यवस्था। | 480000.00 | 10000.00 | 750.00 | 02 माह |
| 16 | प्रखण्ड हेरहंज पंचायत सलैया ग्राम करनदाग टोला गुरूरबर जलमीनार से बंशी गंझू के घर तक नाली निर्माण। | 272537.00 | 5500.00 | 750.00 | 02 माह |

8. परिमाण विपत्र का मूल्य जो **सचिव, जिला परिषद, लातेहार** के पदनाम से देय होगा, जो **भारतीय स्टेट बैंक, लातेहार** में भुगतेय होगा।
9. उक्त निविदा में जिला परिषद, लातेहार अन्तर्गत समुचित श्रेणी में निबंधित संवेदक ही भाग ले सकते है।
10. Ucan Certificate (Updated New Version) की प्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा।
11. जिला परिषद, लातेहार के मासिक बैठक में लिए गये निर्णय के अनुसार संबंधित प्रखण्ड के संवेदकों को कार्य आवंटित किया जाएगा।

जिला अभियंता
जिला परिषद, लातेहार

PR 326627 Rural Development(24-25)#D

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

# हमारा लक्ष्य मिलकर प्रभावशाली समाधान तैयार करना : पीएम मोदी

## जी 7 सम्मेलन में भारत का दृष्टिकोण रखने के बाद स्वदेश लौटे

एजेंसी

**नई दिल्ली।** इटली की एक दिवसीय यात्रा पर जी 7 सम्मेलन में भारत का दृष्टिकोण रखने और कई देशों के नेताओं के साथ द्विपक्षीय बैठकें करने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार सुबह दिल्ली लौट आये। प्रधानमंत्री ने वैश्विक नेताओं के साथ वार्ता के बाद अपनी यात्रा को सफल बताया है। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, अपुलिया में जी 7 शिखर सम्मेलन काफी सफल दिन रहा। वैश्विक नेताओं के साथ वार्ता की और विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। हमारा लक्ष्य मिलकर प्रभावशाली समाधान तैयार करना है जिससे वैश्विक समुदाय लाभान्वित हो और भावी पीढ़ियों के लिए बेहतर दुनिया का निर्माण किया जा सके। उन्होंने फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों, ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक, यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की, इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी और जापान से प्रधानमंत्री फूमियो किशिदा से अलग-अलग द्विपक्षीय बैठकें कीं। इसके बाद उन्होंने जी7 के आउटरीच सत्र में हिस्सा लिया। आउटरीच सत्र के बाद उन्होंने अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन समेत कई वैश्विक नेताओं से बातचीत की। वह ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला डी सिल्वा, तुर्की के राष्ट्रपति रजब तैयब इरदुगान, यूएई के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान, जॉर्डन के शाह अब्दुल्ला और संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुटेरेश से भी मुलाकात की।

जी 7 शिखर सम्मेलन से इतर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को पोप फ्रांसिस से मिले और उन्हें भारत आने का न्योता दिया। तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के बाद पीएम मोदी की यह पहली विदेश यात्रा थी।

### मेलोनी ने किया सेल्फी वीडियो शेयर, पीएम मोदी ने दिया रिएक्शन



**नई दिल्ली ।** इटली की पीएम जॉर्जिया मेलोनी ने अपुलिया में जी7 शिखर सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ एक सेल्फी का वीडियो शेयर किया। जिस पर अब प्रधानमंत्री मोदी ने प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने मेलोनी के सेल्फी वीडियो पोस्ट का जवाब देते हुए रिपोस्ट कर लिखा, "भारत और इटली के मैत्री संबंध हमेशा मजबूत और बरकरार रहेंगे।" इसके साथ ही पीएम मोदी ने अपने पोस्ट में भारत और इटली का झंडा भी लगाया हुआ है। इससे पहले इटली की पीएम मेलोनी ने प्रधानमंत्री मोदी के साथ सेल्फी वीडियो बनाते हुए वीड़ियो अपने ऑफिशियल सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर शेयर किया। जिसमें दोनों नेता मुस्कुराते हुए और कैमरे की ओर हाथ हिलाते हुए दिखाई दे रहे हैं। इस वीडियो में इटली की प्रधानमंत्री ने कहा, मेलोडी टीम की ओर से हैलो। यह वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।



प्रधानमंत्री मोदी पोप फ्रांसिस से मिले, उन्हें भारत आने का दिया न्योता।

## ब्रिफ न्यूज

### यूक्रेन को लेकर अंतरराष्ट्रीय शांति सम्मेलन स्विट्जरलैंड में शुरू



**बर्गेनस्टॉक।** स्विट्जरलैंड में शनिवार से शुरू हो रहे अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में यूक्रेन युद्ध पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। इस सम्मेलन में लगभग 100 देशों के प्रधानमंत्री और अन्य उच्च-स्तरीय प्रतिनिधियों के साथ-साथ अंतर्राष्ट्रीय संगठन भी हिस्सा ले रहे हैं। वे यूक्रेन से अनाज निर्यात, रूस के कब्जे वाले जापोरिज्या परमाणु ऊर्जा संयंत्र की सुरक्षा और कैदियों के आदान-प्रदान सहित कई मुद्दों पर चर्चा करेंगे।

### जयशंकर ने पत्रकार हरपाल सिंह बेदी के निधन पर जताया दुख



**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने शनिवार को वरिष्ठ खेल पत्रकार हरपाल सिंह बेदी के निधन पर दुख जताया है। बेदी का आज लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। वे 72 साल के थे। वह अपने पीछे पत्नी रेवती और बेटी पल्लवी को छोड़ गए हैं। जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) में छात्र जीवन के दौरान बेदी के करीबी मित्र रहे विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने हरपाल सिंह बेदी को श्रद्धांजलि देते हुए एक्स पर एक पुरानी तस्वीर साझा करते हुए पोस्ट किया है।

### 21 को भारत आएंगी शेख हसीना, दलाई लामा से मिलने आएगा अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल





**नई दिल्ली।** बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना 21 जून को भारत की दो दिवसीय यात्रा पर आएंगी। वहीं दलाई लामा से मिलने अगले सप्ताह यूएस हाउस फॉरेन अफेयर्स कमेटी के अध्यक्ष माइकल मैककॉल और पूर्व हाउस स्पीकर नैंसी पेलोसी भारत आएंगी। प्रतिनिधिमंडल 18 और 19 जून को धर्मशाला में होगा।

### वायनाड या रायबरेली? राहुल सोमवार को ले सकते हैं फैसला



**तिरुवनंतपुरम।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी सोमवार को फैसला कर लेंगे कि वो वायनाड रखेंगे या रायबरेली। वो दोनों जगह से जीत कर लोकसभा पहुंचे हैं। कांग्रेस सूत्रों ने बताया कि राहुल गांधी सोमवार को अपने फैसले की जानकारी देंगे। राहुल गांधी ने दोनों सीटों पर भारी मतों से जीत दर्ज की है। राहुल गांधी फिलहाल वायनाड से लोकसभा सदस्य थे। लोकसभा चुनाव 2024 में इसी सीट से चुनाव लड़ कर वो फिर जीत गए।

### बंगाल हिंसा का जायजा लेने के लिए भाजपा ने किया समिति का गठन



**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल में लोकसभा चुनाव के बाद हो रही राजनीतिक हिंसा का जायजा लेने के लिए भाजपा ने त्रिपुरा के पूर्व मुख्यमंत्री बिप्लब कुमार देब के नेतृत्व में चार नेताओं की समिति का गठन किया है। यह समिति शीघ्र ही पश्चिम बंगाल का दौरा कर, हिंसा की घटनाओं की पूरी रिपोर्ट भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा को सौंपेगी। त्रिपुरा के पूर्व मुख्यमंत्री बिप्लब कुमार देब को इस समिति का संयोजक बनाया गया है।

## महाराष्ट्र में एनडीए को मात देकर कमान संभालेंगे पवार?

-ब्यूरो



**नई दिल्ली।** एनसीपी (शरद पवार) प्रमुख शरद पवार ने कहा कि महाराष्ट्र की कमान अपने हाथ में लेने का उनका प्रयास आगामी विस चुनावी जीत से ही संभव होगा। मालूम हो कि शरद पवार की पार्टी ने इंडी गठबंधन के साथ महाराष्ट्र में 10 लोकसभा सीट पर लड़ी 8 पर जीती है। कांग्रेस , उद्धव ठाकरे की शिवसेना तथा शरद पवार की एनसीपी वाली इंडिया एलायंस ने महाराष्ट्र में एनडीए से ज्यादा लोस सीटें जीती हैं। उसके हिसाब से देखें तो विस चुनाव में भाजपा नीत गठबंधन एक-तिहाई सीट पर सिमट सकता है। सो पवार लोकसभा चुनाव परिणामों से उत्साहित होकर विधानसभा चुनाव की तैयारियों में लग गए हैं। शरद पवार ने अपने गढ़ बारामती के लोगों से मिलना शुरू कर दिया है। वहाँ लोगों को संबोधित करते हुए पवार ने कहा कि चुनाव अवधि के दौरान बारामती निर्वाचन क्षेत्र के लोग चुप रहे।इस दौरान उन्होंने कहा कि हमारी पार्टी के पदाधिकारी मुझसे कहते थे कि लोग चुप हैं और खुलकर नहीं बोल रहे हैं। मैंने उनसे चिंता न करने की बात करते हुए कहा कि भले ही वे अपनी बात न कह रहे हों, लेकिन वे सही बटन (ईवीएम) दबाएंगे। और लोकसभा चुनाव में वही हुआ भी। जब ईवीएम खुली, तो जादू दिखा और आप लोगों ने बड़ी संख्या में मतदान किया। उन्होंने लोगों से एकजुट रहने की अपील की, क्योंकि राज्य विधानसभा चुनाव नजदीक है।उन्होंने यह भी कहा, अगले तीन से चार महीनों में राज्य में चुनाव होने वाले हैं। चाहे कुछ भी हो, मेरा प्रयास राज्य की कमान मेरे हाथ में हो। इसके लिए हमें विधानसभा चुनाव जीतना होगा।₹ बता दें कि शरद पवार चार बार राज्य के मुख्यमंत्री, एक दशक तक केंद्रीय कृषि मंत्री और दो साल तक रक्षा मंत्री रहे। उन्होंने कहा, ये सभी चीजें तब हो सकती हैं, जब आपकी सामूहिक शक्ति हो। आपने मेरे सामने जो मुद्दे रखे हैं, मैं उनका समाधान करने का प्रयास करूंगा। हालांकि, मैं अभी आश्वासन नहीं दे सकता, क्योंकि एक अलग सरकार है। लेकिन चार महीने बाद हम निश्चित रूप से इन मुद्दों का समाधान कर सकते हैं।₹ पवार ने चुनाव के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की टिप्पणियों की आलोचना की। उन्होंने कहा, चुनाव प्रचार के दौरान प्रधानमंत्री ने उन विषयों पर बात की, जिनसे बचना चाहिए था। उनकी अगुआई वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) ने हाल ही में संपन्न आम चुनावों में महाराष्ट्र में दस में से आठ लोकसभा सीटों पर जीत हासिल करके प्रभावशाली प्रदर्शन किया। उनकी बेटी व एनसीपी (शप) उम्मीदवार सुप्रिया सुले ने अपने चचेरे भाई अजीत पवार की पत्नी सुनेत्रा पवार को हराकर लगातार चौथी बार बारामती सीट के लिए उच्च-दांव वाले पारिवारिक मुकाबले में जीत हासिल की।

## रफा में इजरायली बमबारी में 2 बंधकों की मौत

**गाजा।** हमास की अल-कसम ब्रिगेड ने कहा है कि दक्षिणी गाजा पट्टी के रफा शहर में इजरायली बमबारी में दो इजरायली बंधकों की मौत हो गई है।अल-कसम ब्रिगेड ने शुक्रवार को कहा कि दो बंधकों की मौत कुछ दिन पहले हवाई हमले में हुई। सिन्हुआ न्यूज एजेंसी ने टेलीग्राम पर जारी एक वीडियो का हवाला देते हुए ये जानकारी दी। हमास के बयान पर इजरायली सेना की ओर से फिलहाल कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। अल-कसम ब्रिगेड ने कहा कि इजरायली सेना ने 8 जून को सेंट्रल गाजा में चार बंधकों को रिहा करने के अपने अभियान के दौरान कई बंधकों को मार डाला। शुक्रवार तक, चल रहे फिलिस्तीनी-इजरायल संघर्ष में फिलिस्तीनी मृतकों की संख्या बढ़कर 37,266 हो गई है।

## एबीवीपी ने नीट परीक्षा की सीबीआई जांच की मांग की



एजेंसी

**नई दिल्ली।** नीट परीक्षा परिणाम को लेकर देशभर में जारी विवाद के बीच अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के एक प्रतिनिधिमंडल ने शनिवार को केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से मुलाकात कर उन्हें एक ज्ञापन सौंपा। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़े विद्यार्थियों के बड़े संगठन अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के प्रतिनिधिमंडल ने शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से मुलाकात कर नीट परीक्षा को लेकर देशभर में बने हालात का हवाला देते हुए इस पूरे मामले की सीबीआई जांच कराने की मांग की। एबीवीपी नेताओं ने शिक्षा मंत्री से दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की भी मांग की है।

नीट परीक्षा

प्रधान से मुलाकात करने के बाद एबीवीपी प्रतिनिधिमंडल ने दावा किया कि केंद्रीय शिक्षा मंत्री ने यह बताया कि उन्होंने इस पूरे घटनाक्रम का संज्ञान लिया है और दोषी पाए जाने वाले व्यक्तियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। शिक्षा मंत्री ने उन्हें यह भी आश्वासन दिया है कि छात्रों के हितों की हर कीमत पर रक्षा की जाएगी।

## सिरिल रामफोसा फिर चुने गये द. अफ्रीका के राष्ट्रपति



**केपटाउन।** दक्षिण अफ्रीका की सत्तारूढ़ अफ्रीकन नेशनल कांग्रेस (एएनसी) के नेता सिरिल रामफोसा को संसद ने अगले पांच साल के लिए दोबारा राष्ट्रपति चुना है।गुरुवार को नेशनल असेंबली की पहली बैठक की अध्यक्षता करने वाले मुख्य न्यायाधीश रेमंड जोंडो ने घोषणा की कि राष्ट्रपति चुनाव में रामफोसा को 283 वोट मिले, जबकि इकोनॉमिक फ्रीडम फाइटर्स के उम्मीदवार जूलियस मालेमा को 44 वोट मिले। समाचार एजेंसी शिन्हुआ के अनुसार, दोबारा राष्ट्रपति चुने जाने के बाद अपने पहले संबोधन में रामफोसा ने कहा कि उन्होंने अपने दोबारा निर्वाचन को एक बड़ी जिम्मेदारी के रूप में स्वीकार किया है।

## वायु सेना प्रमुख ने 235 फ्लाइट कैडेट्स को दिया राष्ट्रपति कमीशन

एजेंसी



- कंबाइंड ग्रेजुएशन परेड में 25 कैडेटों को अधिकारी के रूप में कमीशन दिया गया
- परेड के समापन पर रोमांचक फ्लाई पास्ट व एरोबैटिक शो में हवाई करतब

**नई दिल्ली।** हैदराबाद के डुंडीगल स्थित वायु सेना अकादमी में शनिवार को भारतीय वायु सेना की फ्लाइंग और ग्राउंड ड्यूटी शाखाओं के फ्लाइट कैडेटों के प्री-कमीशनिंग प्रशिक्षण के सफल समापन को चिह्नित करने के लिए कंबाइंड ग्रेजुएशन परेड हुई। पारंपरिक सैन्य भव्यता के साथ वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी ने परेड के समीक्षा अधिकारी के तौर पर 235 स्नातक फ्लाइट कैडेटों को उनके प्रशिक्षण के सफल समापन पर राष्ट्रपति कमीशन प्रदान किया। वायु सेना अकादमी में संयुक्त स्नातक परेड में 22 महिला अधिकारी शामिल थीं, जिन्हें भारतीय वायु सेना की विभिन्न शाखाओं में कमीशन मिला। समारोह में भारतीय नौसेना के 09, भारतीय तटरक्षक बल के 09 और मित्र विदेशी देशों के 01 अधिकारी को भी ह्यविंगसह्न से सम्मानित किया गया। यह पहली परेड है, जिसमें 25 कैडेटों को अधिकारी के रूप में कमीशन दिया गया, जो 4 वर्ष पहले ग्राउंड ड्यूटी शाखाओं के लिए राष्ट्रीय रक्षा अकादमी में शामिल हुए थे। इनमें से 5 अधिकारियों को प्रशासन शाखा में, 3 को लॉजिस्टिक्स शाखा में तथा 17 को भारतीय वायुसेना की तकनीकी शाखा में कमीशन दिया गया है। वायु सेना प्रमुख का स्वागत ट्रेनिंग कमांड के एयर ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ एयर मार्शल नागेश कपूर और वायु सेना अकादमी के कमांडेंट एयर मार्शल एस श्रीनिवास ने किया।

कार्यक्रम की तैयारी

## मोदी 18 जून को वाराणसी से पीएम किसान के तहत देंगे किसानों को सौगात

# लगभग 20,000 करोड़ रुपये की 17 वीं किस्त करेंगे जारी

- *पहले भी कृषि और किसान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सर्वोच्च प्राथमिकता रही है।*



एजेंसी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने आज प्रेस वार्ता कर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा पीएम-किसान के तहत लगभग 20,000 करोड़ रुपये की 17वीं किस्त जारी करने के संबंध में जानकारी दी। प्रधानमंत्री किसानों को पीएम किसान योजना की 17वीं किस्त जारी करने तथा कृषि सखियों के रूप में 30,000 से अधिक स्वयं सहायता समूहों को प्रमाण पत्र प्रदान करने के लिए 18 जून, 2024 को वाराणसी का दौरा करेंगे। यह कार्यक्रम केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय द्वारा उत्तर प्रदेश सरकार के सहयोग से आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के राज्यपाल, केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ और उत्तर प्रदेश सरकार के कई अन्य माननीय मंत्री सहित कई प्रतिष्ठित गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहेंगे। प्रेस वार्ता के दौरान अपने संबोधन में केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कृषि जैसे महत्वपूर्ण विभाग का दायित्व सौंपने के लिए प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त किया और कहा कि विकसित भारत का संकल्प पूरा करने के लिए कृषि सबसे महत्वपूर्ण आधार है। श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि कृषि भारतीय अर्थव्यवस्था की नींव है। आज भी रोजगार के सबसे ज्यादा अवसर कृषि के माध्यम से ही सृजित होते हैं। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री ने कहा कि पहले भी कृषि और किसान प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की सर्वोच्च प्राथमिकता रही है जिसके चलते किसानों के कल्याण के लिए अनेकों कदम उठाए गये और अभी भी प्रधानमंत्री ने पद ग्रहण करने के बाद सबसे पहले किसान सम्मान निधि की 17वीं किश्त किसानों को जारी करने को लेकर हस्ताक्षर किए।

**किसानों को बटन के एक क्लिक से वितरित की जाएगी राशि :** श्री चौहान ने कहा कि तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के बाद अपने सबसे पहले कार्यक्रम में पीएम किसान की बहुप्रतीक्षित 17वीं किस्त, 20,000 करोड़ रुपये से अधिक की राशि, 9.26 करोड़ से अधिक लाभार्थी किसानों को प्रधानमंत्री द्वारा वाराणसी से बटन के एक क्लिक से वितरित की जाएगी।

## तीन नए कानूनों पर तीसरा सम्मेलन होगा कोलकाता में

एजेंसी

**नई दिल्ली।** तीन नए कानूनों को लेकर जागरूकता पैदा करने के उद्देश्य से कानून मंत्रालय देश भर में सम्मेलन का आयोजित कर रहा है। आपराधिक न्याय प्रणाली के प्रशासन में भारत के प्रगतिशील पथ की श्रृंखला में कानून एवं न्याय मंत्रालय का तीसरा सम्मेलन रविवार को कोलकाता में आयोजित किया जाएगा। कानून मंत्रालय के मुताबिक 25 दिसंबर, 2023 को राष्ट्रपति द्वारा भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 और भारतीय सुरक्षा अधिनियम, 2023 को मंजूरी दी गई थी। इसकी अधिसूचना भी जारी हो गई है।

## बोम्मई ने विधायक पद से दिया इस्तीफा

एजेंसी

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने शनिवार को विधानसभा की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। बसवराज बोम्मई हाल ही में संपन्न लोकसभा चुनाव में सांसद चुने गए हैं। बोम्मई ने कहा, मैं कृष्णा और कावेरी नदियों से जुड़े अंतर्राज्यीय जल विवाद के मुद्दे को संसद में उठाऊंगा।